www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, शनिवार, 16 मई 2026 | शुक्ल पक्ष-चतुर्थदशी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 96 | पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

सुरक्षा कैंप अब बनेंगे जनसुविधा केंद्र, 18 को गृहमंत्री शाह करेंगे शुभारंभ

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर को नक्सलमुक्त करने के लिए संभाग के धुर नक्सल प्रभावित इलाकों में 400 से अधिक फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस बनाए गए थे। अब इन्हीं सुरक्षा कैम्पों को जनसुविधा केंद्रों में तब्दील किया जाएगा। इसकी शुरुआत केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा नेतानार स्थित सीआरपीएफ कैम्प से की जाएगी, जिसके लिए रणनीति तैयार कर ऑपरेशन की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है।

गौरतलब है कि चार दशक से अधिक समय तक नक्सलवाद का दंश ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बस्तर में बनेगा पहला जन सुविधा केंद्र

प्रवास के दौरान गृहमंत्री बस्तर का पहला जनसुविधा केंद्र घोषित कर इसका उद्घाटन करेंगे। इससे पूर्व नेतानार के इस इलाके में नक्सलियों ने कई बड़ी वारदातों को भी अंजाम दिया था, जिसके बाद यहां सीआरपीएफकैंप स्थापित किया गया था। नक्सल गतिविधि कम होने के साथ ही यह इलाका नक्सल मुक्त हो चुका है। ऐसे में अब इस कैंप को बस्तर का पहला जन सुविधा केंद्र बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

सुरक्षा कैम्प होगा जन सुविधा केंद्र में तब्दील

अप्रैल 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, बस्तर रेंज के संवेदनशील और दुरुस्त इलाकों में स्थापित इन कैंपों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और जिला पुलिस बल के जवान तैनात है। बस्तर संभाग अब पूर्ण रूप से नक्सल मुक्त होने की घोषणा के बाद इन सुरक्षा कैम्पों को स्थानीय ग्रामीणों के रोजगार और सुविधा के अनुसार जन सुविधा केंद्र में तब्दील करने की योजना है। इसी कड़ी में नेतानार का सीआरपीएफकैंप बस्तर संभाग का पहला जन सुविधा केंद्र बनने जा रहा है।



नेतानार कैंप पहला जन सुविधा केंद्र बनेगा: आईजी

बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि 31 मार्च 2026 के बाद बस्तर संभाग के अंदरूनी इलाकों में नक्सल गतिविधि पूरी तरह से समाप्त हो चुकी हैं। सुरक्षा की दृष्टिकोण से नक्सल इलाकों में सुरक्षा कैंप खोले गए थे। उनमें से कुछ कैंपों को अब उस क्षेत्र की जनता के लिए मूलभूत सुविधा से लाभान्वित करने के उद्देश्य से डिजिटल सेवा केंद्र, स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर, फॉरेस्ट फूड प्रोसेसिंग यूनिट के रूप में स्थापित किए जाने की योजना बनाई गई है। नेतानार सीआरपीएफ कैंप बस्तर का पहला जनसुविधा केंद्र होगा।

अमित शाह के बस्तर प्रवास की तैयारियों में जुटी भाजपा

जगदलपुर/नव प्रदेश। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित छत्तीसगढ़ पहुंचने वाले अन्य वरिष्ठ अतिथियों के प्रस्तावित प्रवास को लेकर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, स्वागत व्यवस्था, सुरक्षा समन्वय, अतिथियों के आवागमन मार्ग एवं शहर की साज-सज्जा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक

किरण देव ने कहा कि बस्तर में होने वाला यह प्रवास संगठनात्मक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करने का आह्वान किया। बैठक में कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप,बस्तर सांसद महेश कश्यप,बस्तर जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, जगदलपुर नगर निगम के महापौर संजय पांडे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामाश्रय सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं कर्ता उपस्थित रहे।बैठक के दौरान अमित शाह के स्वागत एवं प्रवास कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न मोर्चों और संगठनात्मक इकाइयों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। भारतीय जनता युवा मोर्चा को शहर की साज-सज्जा, स्वागत द्वार निर्माण, प्रमुख ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आज बेबाक

इन दिनों बंगाल में गली - गली में शोर है, ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी चोर है का नारा गूंज रहा है। यह उनका घोर अपमान है। बेरोजगार बैठी ममता बनर्जी काला कोट पहन कर हाईकोर्ट में वकालत झाड़ने पहुंची तो वहां के वकीलों ने भी ममता बनर्जी चोर है के नारे लगाकर बेचारी की बेइज्जती खराब कर दी। वाकई ये तो इंसाफके मंदिर परिसर में बहुत बेइंसाफी हो गई। कम से कम पढ़े लिखे वकीलों को तो ऐसी गलती नहीं करनी चाहिए थी। वकालत करते हैं और इतना भी नहीं जानते कि दुर्दांत डकैतों को चोर नहीं बोला जाता।

तापमान	
अधिकतम 44°	न्यूनतम 27°

बाजार भाव	
गोल्ड 1,51,140	सिल्वर 2,54,798

शेयर बाजार	
सेंसेक्स 77,328.19	निफ्टी 24,176.15

विश्व जनसंख्या	भारत जनसंख्या
8,291,743,121	1,474,975,253

राष्ट्रपति अल नाहयान के साथ बैठक में फैसला, मोदी के प्लेन को एफ-16 फाइटर जेट से दी गई सुरक्षा

भारत-यूएई के बीच एलपीजी सप्लाई पर समझौता, 5 अरब डॉलर का निवेश भी

नई दिल्ली/वार्ता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई बड़े समझौते हुए हैं। इसमें 5 अरब डॉलर के निवेश के अलावा रक्षा, ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में महत्वपूर्ण सहयोग शामिल है।

पीएम मोदी का बयान: वार्ता के दौरान पीएम मोदी ने कहा, भारत हर परिस्थिति में संयुक्त अरब अमीरात के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है और आगे भी खड़ा रहेगा। शांति और स्थिरता की बहाली के लिए भारत हर संभव सहयोग देगा। उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट को स्वतंत्र और खुला रखने पर जोर देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का प्रभाव वैश्विक स्तर पर महसूस किया जा रहा है और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संवाद और कूटनीति ही मुद्दों को सुलझाने का सर्वोत्तम तरीका है। पीएम मोदी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

वार्ता के बाद हुए प्रमुख समझौते

- ■ द्विपक्षीय रणनीतिक रक्षा साझेदारी को मजबूत करना
- ■ एलपीजी आपूर्ति और रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व से संबंधित समझौता
- ■ 5 अरब डॉलर का निवेश– आरबीएल बैंक, सम्मान कैपिटल और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में
- ■ गुजरात के वाडिनार में शिप रिपेयरिंग क्लस्टर स्थापित करने का समझौता

शांति बहाली में हर सहयोग के लिए भारत तैयार: पीएम मोदी

यूएई/वार्ता। प्रधानमंत्री मोदी और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की उपस्थिति में दोनों देशों ने एमओयू का आदान-प्रदान किया, जिसमें रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार भी शामिल है। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ प्रतिनिधिमंडल-स्तरीय वार्ता में पीएम मोदी ने कहा कि आज जिस प्रकार से आपकी वायुसेना के जहाजों ने एस्कॉर्ट किया, ये भारत के लोगों का सम्मान है। पिछले दिनों प्राकृतिक आपदा के कारण ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अमेरिका-चीन के बीच हुई शानदार ट्रेड डील, ईरान को नहीं देगा हथियार: ट्रंप

■ जिनपिंग संग मुलाकात के बाद ट्रंप का बड़ा दावा

बीजिंग/वार्ता। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे के आखिरी दिन दोनों महाशक्तियों के बीच कई बड़े समझौतों पर मुहर लगी है। बीजिंग के झोंगनानहाई लीडरशिप कंपाउंड में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक और लंच के बाद ट्रंप ने इसे एक ÷अविश्वसनीय दौरा÷ बताया। दोनों नेताओं के बीच तकनीक, व्यापार, ईरान और ताइवान जैसे गंभीर वैश्विक मुद्दों पर बंद कमरे में लंबी बातचीत हुई, जिसके बाद ट्रंप ने दावा किया कि दोनों देशों के रिश्ते अब और मजबूत हो गए हैं।

होर्मुज स्ट्रेट को खोलने पर सहमतिः दोनों देश रणनीतिक समुद्री रास्ते 'होर्मुज स्ट्रेट' के जरिए शिपिंग एक्सेस बहाल करने

का समर्थन करते हैं। ट्रंप ने कहा कि ईरान को लेकर दोनों की सोच एक जैसी है और दोनों चाहते हैं कि यह रास्ता खुले, जहाँ से दुनिया की लगभग 20त्न तेल सप्लाई गुजरती है।

चीन नहीं देगा ईरान को हथियार: ट्रंप ने फॉक्स न्यूज से बातचीत में दावा किया कि शी जिनपिंग ने उन्हें आश्वासन दिया है कि चीन, ईरान को कोई भी सैन्य उपकरण या हथियार सप्लाई नहीं करेगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी जानकारी दी कि द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के बीच चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

3 रुपए महंगा हुआ पेट्रोल-डीजल

नई दिल्ली / ए.। पेट्रोल-डीजल में 3-3 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है। प्रमुख शहरों में सीएनजी भी 2 रुपए प्रति किलो तक महंगी हो गई हैं। नए दाम आज 15 मई से लागू हो गए हैं। करीब 2 साल बाद दामों में ये बढ़ोतरी की गई है। विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की है। सरकार पर बढ़ती महंगाई और आर्थिक दबाव के बीच आम लोगों पर बोझ बढ़ाने का आरोप लगाया है। इस बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि 'महंगाई मैन' मोदी ने आज फिर जनता पर हंटर चलाया है। चुनाव खत्म हो गए हैं, मोदी की वसूली शुरू हो गई है। वहीं सपा के अखिलेश यादव ने एक कार्टून शेयर करते हुए लिखा कि हमने तो पहले ही कहा था कि साइकिल से बेहतर कुछ नहीं है।

पेट्रोलियम की कमी नहीं अफवाहों पर ध्यान ना दें

रायपुर/नवप्रदेश। वैश्विक परिस्थितियों के बीच देशभर में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर उठ रही आशंकाओं के बीच छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेशवासियों को राहत भरी जानकारी दी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्पष्ट किया है कि, राज्य में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और ईंधन आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। लोगों से अपील की गई है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत के मुताबिक ही ईंधन खरीदें। घबराए बिल्कुल नहीं।

मोदी सरकार निर्मित है देश का ईंधन संकट: खरगे

नयी दिल्ली/वार्ता। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देश में उत्पन्न ईंधन समस्या को मोदी सरकार निर्मित संकट करार दिया और कहा कि इसके लिए सरकार में बैठे लोगों में दूरदर्शिता का अभाव तथा उनकी अक्षमता जिम्मेदार है। श्री खरगे ने शुक्रवार को यहां कहा कि देश की जनता को यह समझना होगा कि वैश्विक ईंधन संकट के साथ-साथ भारत में आर्थिक संकट की बड़ी वजह मोदी सरकार में नेतृत्व संकट,

दूरदर्शी सोच का अभाव और अयोग्यता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस संकट का खामियाजा जनता को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बढ़े दामों के रूप में अपनी जेब से भुगतना पड़ रहा है।

24 घंटे डिजिटल अरेस्ट, रिटायर्ड वेटनरी डॉक्टर से 1.25 करोड़ वसूले

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में रिटायर डॉक्टर सपन कुमार को डिजिटल अरेस्ट कर 1.25 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले 3 और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक आरोपी को रायपुर पुलिस दो महीने पहले हरियाणा से गिरफ्तार कर चुकी थी, जबकि अब गिरोह के अन्य सदस्यों को भी पकड़ा गया है। साइबर सेल की टीम ने आरोपियों को दिल्ली और कर्नाटक से गिरफ्तार कर रायपुर ले आई है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के नाम आर्यन सिंह, जितेंद्र कुमार और राजदीप भाटिया हैं। आरोपियों ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर डॉक्टर को डराया-धमकाया और उन्हें 24 घंटे तक वीडियो कॉल पर निगरानी में रखा। इसी दौरान आरोपियों ने डॉक्टर से 1.25 करोड़ रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करा लिए। रिटायर्ड वेटनरी डॉक्टर सपन कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

बिलासपुर हाईकोर्ट

सिर्फ चुप्पी से आरोपी दोषी नहीं हो जाएगा, उम्रकैद की सजा रद्द

■ धारा 106 पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 106 को लेकर बिलासपुर हाईकोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि केवल आरोपी के चुप रहने या संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं देने भर से उसे दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

कोर्ट ने कहा कि पहले अभियोजन पक्ष को आरोपी के खिलाफ सभी जरूरी तथ्य और परिस्थितियां ठोस रूप से साबित करनी होंगी, उसके बाद ही धारा

106 के तहत आरोपी से जवाब की अपेक्षा की जा सकती है। इस महत्वपूर्ण टिप्पणी के साथ हाईकोर्ट ने हत्या के एक मामले में सुनाई गई उम्रकैद की सजा को निरस्त करते हुए आरोपी को बरी कर दिया।

ट्रायल कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए सुनाई थी उम्रकैद की सजा: ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सुप्रीम कोर्ट

'बेरोजगार युवा कॉकरोच जैसे यही सिस्टम पर हमला करते हैं'

नई दिल्ली/ए.। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान देश के बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच कहा। उन्होंने कहा- कुछ बेरोजगार युवा कॉकरोच जैसे होते हैं, जो बाद में मीडिया, सोशल मीडिया या आरटीआई एक्टिविस्ट बनकर सिस्टम पर हमला करने लगते हैं।

सीजेआई और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने शुक्रवार को एक वकील की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें उसने सीनियर एडवोकेट का दर्जा पाने मांग की थी। बेंच ने वकील को फटकार लगाते हुए कहा- समाज में पहले से ही पैरासाइट

(परजीवी) हैं, जो सिस्टम पर हमला करते हैं। बेंच ने कहा कि दुनिया में हर कोई सीनियर बनने के योग्य हो सकता है, लेकिन आप इसके हकदार नहीं हैं। अगर आपको दिल्ली हाईकोर्ट ने सीनियर एडवोकेट बना भी दिया, तो सुप्रीम कोर्ट आपके व्यवहार को देखते हुए उस फैसले को रद्द कर देगा।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट

धार के भोजशाला को वाग्देवी मंदिर माना, अयोध्या केस को बनाया आधार

■ अयोध्या केस को फैसले का आधार बनाया, मुस्लिमों को नमाज की इजाजत देने का आदेश खारिज

इंदौर/धार/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने धार की भोजशाला को वाग्देवी मंदिर माना है। शुक्रवार को दिए फैसले में हाईकोर्ट ने कहा- हमने पुरातात्विक और ऐतिहासिक तथ्यों, एएसआई की सर्वे रिपोर्ट पर विचार किया है। एएसआई एक्ट के प्रावधानों के साथ-साथ अयोध्या मामले को भी आधार माना। बार एंड बेंच के मुताबिक, हाईकोर्ट ने कहा- ऐतिहासिक और संरक्षित जगह ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जेल में वीआईपी ट्रीटमेंट दिलाने प्रहरी ने लिए 50 हजार, सस्पेंड

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ उप जेल के प्रहरी ने 50 हजार की रिश्वत ली है। जेल में बंद मर्डर के आरोपियों को वीआईपी ट्रीटमेंट देने के मकसद से प्रहरी संतोष तिवारी ने उनके परिवार वालों से 1 लाख 30 हजार रुपए मांगे थे। पैसे लेने वह घर पहुंचा था, जहां परिजनों को उसने राधे-राधे कहा, फिर पैसे लेकर निकल गया। परिवार के ही किसी सदस्य ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। आरोप है कि, पैसे न देने पर आरोपियों को प्रताड़ित करने की धमकी भी दी गई थी। वीडियो नवंबर 2025 का बताया जा रहा है। वायरल होने के बाद जेल सुपरिटेंडेंट ने प्रहरी को सस्पेंड कर अंबिकापुर अटैच किया है।

गरमा-गरम

नीट (यूजी) 2026 : एनटीए ने जारी की नई तारीख, देशभर के 22 लाख स्टूडेंट्स होंगे शामिल

पेपर लीक विवाद के बीच 21 जून को दोबारा होगी परीक्षा

■ सीबीआई ने एक प्रोफेसर को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली/वार्ता। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने पेपर लीक विवाद के बाद नीट (यूजी) 2026 परीक्षा रद्द कर दी है। अब यह परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी। इस संबंध में एनटीए ने शुक्रवार को घोषणा की कि नई परीक्षा 21 जून को होगी। यह फैसला भारत सरकार की मंजूरी के बाद लिया गया है। इस फैसले से देशभर के करीब 22 लाख छात्रों और उनके अभिभावकों को बड़ी राहत मिली है, जो पिछले कई दिनों से अनिश्चितता में थे।

नीट-यूजी 2027 से होगा पूरी तरह ऑनलाइन

नीट (यूजी) 2026 पेपर लीक विवाद के बाद केंद्र सरकार ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव करने का ऐलान किया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार 15 मई को घोषणा की कि साल 2027 से नीट यूजी परीक्षा पूरी तरह कंप्यूटर-बेस्ड फॉर्मेट (सीबीटी मोड) में आयोजित की जाएगी। सरकार का मानना है कि डिजिटल परीक्षा प्रणाली अपनाने से पेपर लीक और धांधली जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगेगी।

3 मई को आयोजित परीक्षा में पेपर लीक और गड़बड़ी का हुआ था खुलासा

ज्ञात हो, 3 मई 2026 को आयोजित हुई नीट यूजी परीक्षा में बड़े पैमाने पर पेपर लीक और गड़बड़ी के आरोप सामने आए थे। शुरुआती जांच में परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठे। इसी के बाद परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया गया और अब इसे नए सिरे से आयोजित करने की तैयारी है। पूरे मामले की जांच अब केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दी गई है। सीबीआई इस बात की जांच कर रही है कि पेपर लीक के पीछे कौन सा नेटवर्क या सिंडिकेट सक्रिय था और इसमें कौन-कौन शामिल है। वहीं एनटीए ने छात्रों को आश्वासन दिया है कि नई परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से आयोजित की जाएगी।

सोशल मीडिया में एनटीए ने दिया आधिकारिक बयान

एनटीए ने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट पर पोस्ट करते हुए बताया, नीट (यूजी) 2026 — परीक्षा तिथि की घोषणा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने भारत सरकार की स्वीकृति से नीट (यूजी) 2026 की परीक्षा को दोबारा 21 जून 2026 को आयोजित करने का निर्णय लिया है। एजेंसी ने छात्रों और अभिभावकों से अपील की है कि वे केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें और किसी भी अफ़्वाह से बचें। एनटीए ने संपर्क नंबर भी जारी किए हैं: 011-40759000 और 011-69227700।

40 डिसमिल जमीन के लिए 4 का मर्डर, आरोपी गिरफ्तार

■ बेटे ने सोते वक्त माता-पिता, भतीजे-भतीजी को कुल्हाड़ी से काटा, जमीन का पैसा लेना चाहता था

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में 40 डिसमिल जमीन के लिए माता-पिता और भतीजे-भतीजी को कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने पिता और उसके बेटे को गिरफ्तार किया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम भंवतरा का है।

जांच में सामने आया है कि सोनसाय कश्यप 16-17 साल पहले अपने सगे छोटे भाई

पुनाउराम की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट चुका है। पेशे से किसान पिता मेदनीराम (70) ने ही उसे जेल से बाहर लाने जमीन बेचकर पैसे खर्च किए थे। पिता 40 डिसमिल जमीन 8 लाख में बेचकर मकान बना रहा था। सोनसाय चाहता था कि यह पैसा उसे मिले, इसलिए उसने हत्या की साजिश रची।

बेमेतरा के खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीते 31 पदक

■ डीआईजी रामकृष्ण साहू से की सौजन्य मुलाकात

■ खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य एवं आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दी शुभकामनाएं

बेमेतरा/ नवप्रदेश। कोरबा में 10 मई से 12 मई 2026 तक आयोजित 13वीं छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता 2026 में बेमेतरा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में अकादमी एवं जिले के कुल 18 खिलाड़ियों ने भाग लिया और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए कुल 31 पदक अपने नाम किए। इनमें 12 स्वर्ण पदक, 10 रजत पदक एवं 09 कांस्य पदक शामिल हैं।

खिलाड़ियों ने कठिन मुकाबलों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं उत्कृष्ट तकनीक का परिचय देते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि से अकादमी सहित पूरे बेमेतरा जिले में खुशी का माहौल है।

प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने के उपरांत खिलाड़ियों ने आज पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू से सौजन्य भेंट की। इस दौरान खिलाड़ियों ने उन्हें किकबॉक्सिंग खेल एवं प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी प्रदान की।

पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, नियमित अभ्यास एवं दृढ़ संकल्प अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना बनाए रखते हुए नशा एवं अन्य गलत गतिविधियों से दूर रहने तथा अपने लक्ष्य के प्रति पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य एवं आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं भी प्रदान कीं।

इस अवसर पर अकादमी के निर्देशक एवं हेड कोच सेंसई भानुप्रताप साहू, टीम मैनेजर सत्या राजपूत, विवेक पोल, दीपक मेघवानी, भाग्यश्री पोल, डॉ. रमेश धनगर, शिल्पा राठी, धर्मेंद्र ढींगरा एवं नम्रता साहू सहित अन्य अभिभावक गण एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

पदक विजेता खिलाड़ी:

आनाया शर्मा 2 स्वर्ण पदक, भावी टंडन 2 स्वर्ण पदक, यशस्वी वर्मा 2 स्वर्ण पदक, भौमिक जंगड़े 1 स्वर्ण, 1 रजत पदक, वसुंधरा शुक्ला 1 स्वर्ण, 1 रजत पदक, आस्था वर्मा 1 स्वर्ण, 1 कांस्य पदक, वर्तिका कश्यप 1 स्वर्ण, 1 कांस्य पदक, सिद्धार्थ मोटवानी 1 स्वर्ण, 1 कांस्य पदक, तेजस वर्मा 1 स्वर्ण पदक, चन्द्रमादित्य तिवारी 1 रजत, 1 कांस्य पदक, आरव सिन्हा 2 रजत पदक, अंश सिंह बैस 2 रजत पदक, भारीकांश बांधे 1 रजत पदक, राजवीर वर्मा 1 रजत पदक, रूद्र चौहान 1 रजत पदक, सर्वेश पोल 2 कांस्य पदक, आरुषि बंजारे 2 कांस्य पदक, भाग्यश्री वैष्णव 1 कांस्य पदक।

न्यूज गैलरी

भाटापारा आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए 16 मई को होगा लॉटरी का आयोजन

भाटापारा / नवप्रदेश। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 प्रवेश हेतु लॉटरी आयोजन दिनांक 16मई को प्रातः 10 :30 बजे रावणभाटा स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय परिसर में संपन्न किया जाएगा। विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा रूयत, पहली , नवमी, एवं 11 वीं की रिक्त सीटों पर भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इन सीटों पर चयन लॉटरी पद्धति के माध्यम से किया जाएगा। स्कूल के प्राचार्य अशोक सिंह परिहार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 9 मई 2026 तक पूर्ण कर ली गई थी। अब प्राप्त आवेदनों के आधार पर अभिभावकों की प्रत्यक्ष उपस्थिति में लॉटरी निकालकर छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा। प्राचार्य के अनुसार, कक्षा रूयत में कुल 20 सीटें , कक्षा पहली में कुल 50 सीटें ,कक्षा नवमी में कुल 10 सीटें, एवं कक्षा 11 वी commerce, maths, bio में क्रमशः 5-5 सीटें निर्धारित हैं। विद्यालय प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई है कि पात्र विद्यार्थियों के चयन हेतु लॉटरी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जाएगी। विद्यालय प्रबंधन समिति एवं प्रशासन ने समस्त अभिभावकों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लॉटरी प्रक्रिया का अवलोकन करें।विद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि लॉटरी प्रक्रिया के पश्चात चयनित विद्यार्थियों की सूची नियमानुसार जारी की जाएगी।

नगरी महाविद्यालय में हुआ एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन

नगरी / नवप्रदेश। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में एवं वनस्पति विज्ञान प्रभारी प्रो. कौशल नायक के संयोजन तथा प्रो. लोकेश्वरी राठिया की दिशा निर्देशन में प्राणीशास्त्र तथा वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त संयोजन में एकदिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. अविनाश निचट, सहायक प्राध्यापक, प्राणीशास्त्र विभाग, शासकीय महाविद्यालय भखारा, धमतरी उपस्थित रहे। अपने व्याख्यान में डॉ. निचत ने ''जैव विविधताः संरक्षण में शिक्षा एवं जागरूकता का महत्व'' विषय पर अपने व्याख्यान में कहा कि प्रकृति केवल दृश्य सौंदर्य का विस्तार नहीं, अपितु सृष्टि की अनंत चेतना का जीवंत स्वरूप है। पर्वतों की विराटता, नदियों की कल-कल ध्वनि, वनों की हरितिमा, पक्षियों का मधुर कलरव तथा असंख्य जीवों का सहअस्तित्व कृ यही जैव विविधता का दिव्य वैभव है। यह धरा का वह अनुपम श्रृंगार है, जिसके बिना जीवन की कल्पना भी अधूरी प्रतीत होती है।किन्तु आज भौतिकता और अंधाधुंध विकास की दौड़ में मनुष्य ने प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने के स्थान पर उसका निर्मम दोहन प्रारंभ कर दिया है।

वनों की कटाई, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन तथा प्राकृतिक संसाधनों के अविवेकपूर्ण उपयोग ने पर्यावरणीय संतुलन को गम्भीर संकट के द्वार पर ला खड़ा किया है। अनेक जीव प्रजातियाँ विलुप्ति की वेदना झेल रही हैं और प्रकृति मानो मौन होकर मानवता को चेतावनी दे रही है।

अधिकारियों के भरोसे रहा आयोजन, जनप्रतिनिधि के आने का इंतजार करते रहे ग्रामीण

सुशासन तिहार की जनसुनवाई में नहीं पहुंचे कलेक्टर-विधायक, 22 गांवों के लोग आए

धरसींवा / कूंरा / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में चल रहे सुशासन तिहार कार्यक्रम के तहत 22 गांवों के ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित ग्राम तिवरैया मे जनसुनवाई कार्यक्रम उस समय चर्चा का विषय बन गया, जब निर्धारित कार्यक्रम में कलेक्टर एवं क्षेत्रीय विधायक दोनों ही उपस्थित नहीं हो सके। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं और मांगें लेकर पहुंचे थे, लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति ने लोगों को निराश किया।

सुबह से ही दूरदराज गांवों से ग्रामीण कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने लगे थे। कई लोग अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक एवं राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर आए थे। ग्रामीणों का कहना रहा कि वे सीधे कलेक्टर और विधायक के समक्ष अपनी बात रखना चाहते थे, ताकि समस्याओं का जल्द समाधान निकल सके। हालांकि लंबे इंतजार के बाद भी दोनों जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। कलेक्टर एवं विधायक के अन्य शासकीय कार्यक्रमों में व्यस्त रहने की जानकारी प्रशासन की ओर से दी गई। इसके बाद जनसुनवाई की जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभागीय कर्मचारियों ने संभाली। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और प्राप्त आवेदनों का पंजीयन कर संबंधित विभागों को भेजने की प्रक्रिया शुरू की।

जनसुनवाई में सामने आईं प्रमुख स्थितियां

- *कलेक्टर एवं विधायक की अनुपस्थिति चर्चा का मुख्य विषय रही।*
- *ग्रामीण सीधे जनप्रतिनिधियों से मिलने की उम्मीद लेकर पहुंचे थे।*
- *कई लोग घंटों तक समाधान की प्रतीक्षा करते रहे।*
- *अधिकारियों ने आवेदन स्वीकार कर आगे की कार्रवाई का भरोसा दिया।*
- *प्रशासन ने सभी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।इसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने जनसुनवाई को निरंतर जारी रखते हुए लोगों की समस्याएं सुनीं और शासन की योजनाओं की जानकारी भी दी। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि उनकी शिकायतों पर जल्द कार्रवाई होगी तथा अगली जनसुनवाई में वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी।*

कॉंग्रेस पार्टी ने सुशासन तिहार का किया विरोध

धरसीवां // कूंरा।/ नवप्रदेश। 14 मई को ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी धरसीवा द्वारा जिला कॉंग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष श्री पप्पू राजेन्द्र बंजारे के नेतृत्व एवं ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी धरसीवा के अध्यक्ष श्री आशीष वर्मा के संयोजन में ग्राम तिवरैया में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित तथाकथित ÷सुशासन तिहार÷ कार्यक्रम का जोरदार विरोध किया गया। कॉंग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर किसानों के साथ छल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक ओर सरकार सुशासन का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर किसान खाद, बीज और अन्य आवश्यक कृषि संसाधनों के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। पूर्ववर्ती कॉंग्रेस सरकार के दौरान किसानों को समय पर एवं पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाता था, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार किसानों को उनकी जरूरत के अनुरूप खाद उपलब्ध कराने में असफल साबित हो रही है। इसका सीधा प्रभाव खेती की लागत, उत्पादन और किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है।जिला कॉंग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष श्री पप्पू राजेन्द्र बंजारे ने कहा कि भाजपा सरकार केवल प्रचार और आयोजन में व्यस्त है, जबकि किसानों की वास्तविक समस्याओं से उसका कोई सरोकार नहीं है।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको पर पुलिस की सख्त कार्यवाही

बेमेतरा/ नवप्रदेश।पुलिस उप रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव एवं डीएसपी (मुख्यालय) राजेश कुमार झा, एसडीओपी बेमेतरा भुषण एक्का, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी कौशिल्या साहू, डीएसपी शशीकला उईके के मार्गदर्शन में समस्त थाना/चौकी व यातायात बेमेतरा पुलिस टीम द्वारा जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान के अंतर्गत बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, भारी वाहन, तेज गति से वाहन चलाना, दोपहिया पर मॉडिफाई साइलेंसर तथा शराब सेवन कर वाहन चलाने जैसे गंभीर उल्लंघनों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 13 मई को थाना बेमेतरा 03 चालान में 03 वाहन चालको, थाना चंदनू 01 चालान में 01 वाहन चालको, यातायात बेमेतरा 07 चालान में 07 वाहन चालको कुल 11 वाहन चालको के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया।

यूरिया वितरण पर प्रशासन सख्त

■ चार उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफएफआईआर दर्ज कराने के निर्देश, कारोबारियों में मचा हड़कंप

महासमुंद/ नवप्रदेश। जिले में किसानों को अनियमित तरीके से यूरिया उर्वरक वितरण करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ कृषि विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। उप संचालक कृषि एफआर. कश्यप ने जिले के चार उर्वरक विक्रेताओं के विरुद्ध प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराने के निर्देश जारी किए हैं। इस कार्रवाई के बाद जिले के उर्वरक कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति बन गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मेसर्स राजेश अग्रवाल सरायपाली, मेसर्स ओम फर्टिलाइजर सरायपाली, आर.एस. ट्रेडर्स बागबाहरा तथा जय मां भीमेश्वरी ट्रेडर्स सुनसुनिया द्वारा 16 मार्च से 29 मार्च 2026 के बीच यूरिया उर्वरक का अनियमित तरीके से वितरण किया गया था। मामले की जांच के बाद इसे गंभीर मानते हुए उप संचालक कृषि ने उर्वरक निरीक्षक बागबाहरा एवं सरायपाली को संबंधित फर्म संचालकों के खिलाफएफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कृषि विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई को किसानों के हित में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विभाग का कहना है कि किसानों को निर्धारित नियमों एवं पारदर्शी व्यवस्था के तहत ही उर्वरक उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है।

चिंगरौद-हथखोज मार्ग निर्माण का भूमिपूजन

■ ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग होगी पूरी, बरसात में आवागमन बनेगा आसान: विधायक

महासमुंद/ नवप्रदेश। क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बुधवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने चिंगरौद-हथखोज मार्ग एवं पुलिया निर्माण कार्य का विधि-विधान से भूमिपूजन किया।

करीब 5 करोड़ 85 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस मार्ग से ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही महासमुंद और गरियाबंद जिले के बीच आवाजाही भी अधिक सुगम हो जाएगी।भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह मार्ग आगे गरियाबंद जिले को जोड़ता है और लंबे समय से क्षेत्रवासी इसके निर्माण की मांग कर रहे थे। विशेष रूप से बरसात के दिनों में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। सड़क और पुलिया निर्माण से अब ग्रामीणों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्राम बम्हनी स्थित प्रसिद्ध बम्हनेश्वर महादेव मंदिर में श्रावण मास के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। गरियाबंद क्षेत्र से आने वाले शिवभक्तों को भी इस सड़क निर्माण से विशेष लाभ मिलेगा। डबल इंजन सरकार में तेजी से हो रहे विकास कार्यः विधायक सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन के संकल्प के साथ विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं।

गांवों के पहुंच मार्गों के साथ-साथ आंतरिक सड़कों का भी निर्माण कराया जा रहा है, जिससे बारिश के दौरान होने वाली समस्याओं से ग्रामीणों को राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा की डबल इंजन सरकार होने से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। मजदूर, किसान, व्यापारी और सरकारी कर्मचारियों सहित हर वर्ग के हित में सरकार कार्य कर रही है।

राजनीतिः प्रधानमंत्री मोदी के ईंधन कम खर्च करने और सोना नहीं खरीदने की अपील पर कांग्रेस का हमला

देशवासियों के जख्मों पर नमक छिड़क रही केंद्र सरकार: धनेन्द्र

■ पेट्रोल-डीजल और गैस की किल्लत से जूझ रही जनता: कांग्रेस

गरियाबंद / नवप्रदेश। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पिछले दो माह से डीजलएपेट्रोल और गैस संकट से जूझ रही जनता को राहत देने के बजाय प्रधानमंत्री लोगों से श्कम उपयोगश् की सलाह दे रहे हैंएजो आम जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है।कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री किसानों को उर्वरक कम उपयोग करनेएकर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने महिलाओं को खाद्य तेल और गैस की खपत कम करनेए लोगों को सोना नहीं खरीदने और विदेश यात्रा से बचने की सलाह दे रहे हैं, जबकि सरकार की जिम्मेदारी संकट का समाधान करना है।

उक्त बाते धनेन्द्र साहू पूर्व मंत्री एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने स्थानीय रेस्ट हाउस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा।

आगे पत्रकारवार्ता में बताया कि देश में पिछले कई वर्षों से उर्वरकों की कमी बनी हुई है।किसानों को समय पर खाद नहीं मिलने से उत्पादन प्रभावित हो रहा है और खेती की लागत बढ़ रही है।कांग्रेस ने दावा किया कि छत्तीसगढ़ में लगभग 15 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की आवश्यकता हैएलेकिन अभी तक सीमित मात्रा ही समितियों तक पहुंच पाई हैए जिससे किसानों में नाराजगी है।किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करने वाली सरकार आज किसानों को उर्वरक कम उपयोग करने की सलाह दे रही हैएजिससे उत्पादकता प्रभावित होगी।

वही कांग्रेस ने प्रधानमंत्री की वर्क फ्रॉम होम संबंधी अपील पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि फेरी लगाने वालेएछोटे व्यापारीएमजदूर और फील्ड में काम करने वाले लोग घर बैठकर कैसे रोजगार चला पाएंगे। नेताओं ने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने श्आराम हराम हैश् का संदेश दिया थाएजबकि वर्तमान सरकार लोगों को काम कम करने की सलाह दे रही है।

महंगाई और पेट्रोल.डीजल संकट पर घेरा

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महंगाई नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल रही है।खाद्य तेलए गैसएपेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी से आम आदमी का बजट बिगड़ चुका है। पत्रकारवार्ता में कहा गया कि पेट्रोल.डीजल पर भारी कर लगाकर जनता पर आर्थिक बोझ डाला गया है।साथ ही छत्तीसगढ़ के कई इलाकोंए विशेषकर छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में डीजल.पेट्रोल की कमी से लोग परेशान हैंए वहीं कमर्शियल गैस की कमी से उद्योग प्रभावित हो रहे हैं।

आम आदमी कर्ज में डूबा

कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि बढ़ती महंगाईए बेरोजगारीए टोल टैक्सएरेल किराया और जीएसटी के कारण आम परिवारों की आय और बचत दोनों घटी हैं।परिवारों को घरेलू जरूरतें पूरी करने के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है।पत्रकारवार्ता में प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं और सरकारी खर्चों का मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस ने कहा कि जनता को बचत की सलाह देने वाली सरकार खुद फिजूलखर्ची कर रही है।कांग्रेस नेताओं ने भाजपा नेताओं और मंत्रियों से भी डीजल.पेट्रोल बचाने के लिए साइकिल चलाने की अपील की।

श्मोदी सरकार संकट संभालने में विफल

कांग्रेस ने कहा कि देश पहले भी वैश्विक संकटों का सामना कर चुका हैएलेकिन पूर्व सरकारों ने सूझबूझ से हालात संभाले थे। विपक्ष का आरोप है कि केंद्र सरकार संकट के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने के बजाय जनता से खपत कम करने की अपील कर रही है।

पत्रकारवार्ता के अंत में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार को महंगाईएईंधन संकट और बेरोजगारी पर ठोस नीति बनाकर जनता को राहत देनी चाहिए।पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसराएविधायक जनक ध्रुवए संजय नेताम के साथ अन्य पदाधिकारी और कार्यकता उपस्थित थे।

नगरीय क्षेत्रों में आवासहीनों को मिलेगा निःशुल्क पट्टा, जल्द शुरू होगा सर्वे

■ 20 अगस्त 2017 से शासकीय भूमि पर निवासरत पात्र परिवारों को 30 वर्षों के लिए मिलेगा पट्टा

महासमुंद / नवप्रदेश।राज्य सरकार द्वारा नगरीय निकाय क्षेत्रों में निवासरत आवासहीन पात्र व्यक्तियों को शासकीय भूमि का पट्टा प्रदान करने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इसके लिए नगर क्षेत्रों में व्यापक सर्वे कार्य कराया जाएगा। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों में आवासहीन व्यक्ति को पट्टा अधिकार अधिनियम-2023 एवं इसके अंतर्गत बनाए गए नियम-2023 के तहत स्थायी एवं अस्थायी पट्टा विलेख के प्रारूप निर्धारित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि अधिनियम के तहत नगर पालिक निगम क्षेत्रों में अधिकतम 600 वर्गफीट तथा अन्य नगरीय निकाय क्षेत्रों में 800 वर्गफीट तक शासकीय भूमि पर 20 अगस्त 2017 के पूर्व से निवासरत व्यक्तियों को पट्टे का लाभ दिया जाएगा। राज्य शासन द्वारा ऐसे आवासहीन परिवारों को शासकीय भूमि का निःशुल्क पट्टा 30 वर्षों के लिए प्रदान किया जाएगा।

निर्धारित समय-सीमा में होगा सर्वे-विधायक सिन्हा ने बताया कि शासन द्वारा नगरीय क्षेत्रों में पात्र हितग्राहियों की पहचान के लिए निर्धारित समय-सीमा में सर्वेक्षण कराने के निर्देश दिए गए हैं। सर्वे के माध्यम से पात्र परिवारों की सूची तैयार कर शासन को प्रतिवेदन भेजा जाएगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा शहरी क्षेत्रों में निवासरत गरीब एवं आवासहीन परिवारों को स्वयं के पक्के आवास का अधिकार दिलाना है, ताकि उन्हें स्थायी सुरक्षा मिल सके।

इन दस्तावेजों के आधार पर होगा सत्यापन-भूमि पर निवास एवं कब्जे के सत्यापन के लिए विभिन्न दस्तावेजों को मान्य किया गया है। इनमें निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची, विद्युत बिल, टेलीफोन बिल, स्थानीय निकाय का संपत्तिकर अथवा समेकित कर पंजी, जलकर भुगतान दस्तावेज, भवन या दुकान अनुज्ञा, अधिनियम के अंतर्गत पूर्व में प्रदत्त पट्टे, आधार कार्ड एवं ड्राइविंग लाइसेंस शामिल हैं।

कोई पात्र हितग्राही वंचित न रहे : विधायक-विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सर्वे कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की योजना का लाभ अधिक से अधिक गरीब एवं पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए।

न्यूज गैलरी

रायपुर रेल मंडल में 15 मई से 5 जून तक चलेगा 'पर्यावरण दिवस अभियान'

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल में 15 मई से 5 जून 2026 तक 'पर्यावरण दिवस अभियान' चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों, यात्रियों और आमजन में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, ऊर्जा बचत और हरित जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। रेलवे प्रशासन के अनुसार भारतीय रेलवे देश के सबसे पर्यावरण अनुकूल परिवहन साधनों में शामिल है। अन्य परिवहन माध्यमों की तुलना में रेल परिवहन में ईंधन की खपत कम होती है और कार्बन उत्सर्जन भी न्यूनतम रहता है। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए रेलवे द्वारा सोलर ऊर्जा के उपयोग, वॉटर रीसाइकलिंग, जल संचयन तथा रेलवे परिसरों में वृक्षारोपण जैसे कार्य लगातार किए जा रहे हैं। अभियान के तहत शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने अधिकारियों और कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव अपनाने तथा पर्यावरण अनुकूल आदतों को बढ़ावा देने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर समर कर सहित रायपुर रेल मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

वार्ड-8 में सतनामी समाज सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन

रायपुर/नवप्रदेश। मोतीलाल साहू के निर्देश पर रायपुर ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि मैकमिलन साहू ने शुक्रवार को रायपुर नगर निगम के जोन-9 अंतर्गत महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक-8 में सतनामी समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में नगर निगम एमआईसी सदस्य खेमकुमार सेन, वार्ड पार्षद सावित्री धीवर, सामाजिक कार्यकर्ता, महिलाएं, नवयुवक और बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। भूमिपूजन के दौरान श्रीफल फोड़कर और कुदाल चलाकर निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि मैकमिलन साहू ने जोन-9 कमिश्नर राकेश शर्मा एवं उपअभियंता आशुतोष पाण्डेय को निर्देशित किया कि स्वीकृत निर्माण कार्य को तत्काल प्रारंभ कर तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिल सके। वार्ड पार्षद सावित्री धीवर ने वार्डवासियों की ओर से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शुरू करवाने पर विधायक मोतीलाल साहू और विधायक प्रतिनिधि मैकमिलन साहू का आभार व्यक्त किया।

तेज बारिश के बीच आयुक्त संबित मिश्रा ने किया जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम के आयुक्त संबित मिश्रा ने शुक्रवार को अचानक हुई तेज बारिश के दौरान शहर के विभिन्न जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का अधिकारियों के साथ फील्ड निरीक्षण किया। आयुक्त ने प्रोफेसर कॉलोनी, परशुराम नगर, छत्तीसगढ़ नगर, धरम नगर, काशीराम नगर, चार मुहा नाला, अरमान नाला तथा बूढ़ापारा इंडोर स्टेडियम नाला क्षेत्र में जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी नालों की तली तक सघन सफाई कर बारिश से पहले सुगम जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। संबित मिश्रा ने कहा कि बारिश के मौसम में नागरिकों को जलभराव की समस्या से राहत दिलाना प्राथमिकता है। इसके लिए नालों की नियमित सफाई और निकासी व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान जोन-4 जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, स्वास्थ्य अधिकारी तृप्ति पाणीग्रही, जोन कमिश्नर प्रीति सिंह, दिव्या चंद्रवंशी, खीरसागर नायक, हितेन्द्र यादव, मोनेश्वर शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मौदहापारा क्षेत्र में पुलिस की कार्रवाई सट्टा कारोबारी सहित दो लोगों पर केस

रायपुर/नवप्रदेश। मौदहापारा थाना पुलिस ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के तहत सट्टा कारोबार में शामिल एक आरोपी तथा एक आदतन बदमाश के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि शारदा चौक के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से सट्टा-पट्टी लिख रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी महबूब खान को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से सट्टा-पट्टी की पर्चियां और 770 रुपये नगद बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 87/26 के तहत छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम 2022 की धारा 6(क) में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी क्रम में पुलिस ने क्षेत्र के आदतन बदमाश अयान कुरेशी के खिलाफ भी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार आरोपी पूर्व में चाकूबाजी जैसे गंभीर मामलों में शामिल रह चुका है। वायरल वीडियो के संबंध में पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा आक्रामक व्यवहार किए जाने और शांति भंग की आशंका के चलते उसके खिलाफ बीएनएसएस की धारा 170, 126 एवं 135(3) के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को विशेष कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कोतवाली न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसके खिलाफ जेल वारंट जारी किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि अवैध गतिविधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

राजस्व वसूली पर आयुक्त संबित मिश्रा सख्त, अफसरों को दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम के आयुक्त संबित मिश्रा ने शुक्रवार को निगम मुख्यालय में अधिकारियों की पहली परिचय एवं समीक्षा बैठक लेकर राजस्व वसूली, सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

आयुक्त ने निगम हित में राजस्व वसूली तेज करने और शहर में बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने अवैध नल कनेक्शनों पर नियमानुसार कार्रवाई कर करारोपण करने तथा बड़े बकायेदारों से सख्ती के साथ राजस्व वसूली करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में आयुक्त ने अधोसंरचना मद, जिला खनिज न्यास, 15वें वित्त आयोग, सांसद निधि, विधायक निधि और प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लंबित एवं अप्रारंभ विकास कार्यों को शीघ्र शुरू कर समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने निगम के सभी कार्यों को ऑनलाइन प्रणाली से जोड़ने, ई-ऑफिस का पूर्ण उपयोग करने और चालान संबंधी कार्रवाई ऑनलाइन करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इससे नागरिकों को घर बैठे सुविधाएं मिल सकेंगी और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं गति आएगी।

संबित मिश्रा ने वर्षा जल संचयन के लिए अधिक से अधिक स्थानों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने का अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। साथ ही सभी 70 वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने और अनुबंधित रामकी कंपनी की गाड़ियों से नियमित कचरा उठाव कराने को कहा।

बारिश के दौरान संभावित जलभराव की समस्या को देखते हुए आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों को नालों की तली तक सफाई कराने और संवेदनशील क्षेत्रों का स्वयं निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में आयुक्त ने निदान 1100, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर कॉल सेंटर तथा जनप्रतिनिधियों से प्राप्त आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश भी दिए।

टीएल बैठक में अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू, पंकज के शर्मा, विनोद पाण्डेय, कृष्णा खटीक, मुख्य अभियंता संजय बागडे सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री साय ने उच्च स्तरीय बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की

शाह की अध्यक्षता में बस्तर में होगी मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में बस्तर में आयोजित होने वाली मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। यह महत्वपूर्ण बैठक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित होगी, जिसमें मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री शामिल होंगे।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण (पीपीटी) के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा परिषद की बैठक में उठाए जाने वाले विभिन्न विषयों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री ने सभी बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपते हुए निर्देश दिए कि आयोजन की तैयारियों में किसी प्रकार की कमी न रहे और सभी व्यवस्थाएं गंभीरता एवं समन्वय के साथ सुनिश्चित की जाएं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह परिषद देश की ऐसी क्षेत्रीय परिषद है जहां सदस्य राज्यों के बीच किसी प्रकार का विवाद नहीं है, जो आपसी सहयोग और समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय परिषदें राज्यों तथा केंद्र और राज्यों के बीच विभिन्न विषयों पर संवाद, सहयोग और समन्वय को मजबूत करने का प्रभावी मंच बन चुकी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मजबूत राज्य ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण करते हैं' और इसी भावना के साथ क्षेत्रीय परिषदें विकास, प्रशासनिक समन्वय और राष्ट्रीय एकता को नई दिशा प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में इन परिषदों ने राज्यों के बीच स्वस्थ सहयोग और विकासोन्मुखी सोच को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर में इस महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि बस्तर में शांति स्थापना के बाद इस स्तर की राष्ट्रीय बैठक का आयोजन यह दर्शाता है कि राज्य सरकार क्षेत्र के विकास और नई संभावनाओं को लेकर पूरी तरह संकल्पित है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सल उन्मूलन से क्षेत्र में शांति स्थापित हुई है तथा अब बस्तर विकास की नई राह पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि इंद्रावती की गोद से बस्तर विकास की नई गाथा लिखेगा और मध्य क्षेत्रीय परिषद की यह बैठक क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेगी।

कानाहर्राल पेन करसाद जातरा में शामिल हुए वन मंत्री कश्यप

बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति और आस्था का दिखा भव्य संगम

रायपुर/नवप्रदेश। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप आज नारायणपुर जिले के गारंजी में आयोजित पारंपरिक कानाहर्राल पेन करसाद जातरा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बस्तर की जनजातीय संस्कृति, परंपरा और लोक आस्था छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी पहचान है और इसे संरक्षित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

त्रिवार्षिक रूप से आयोजित होने वाला यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन बस्तर की समृद्ध परंपराओं का जीवंत उदाहरण है। जातरा में बस्तर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ महाराष्ट्र के गढ़चिरौली से भी 300 से अधिक देवी-देवताओं की उपस्थिति रही। हजारों श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की सहभागिता से पूरा क्षेत्र भक्ति, आस्था और उत्साह से सराबोर नजर आया। वन मंत्री श्री कश्यप ने पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को अपनी जड़ों और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। जनजातीय समाज की संस्कृति, रीति- रिवाज और परंपराएं प्रकृति से जुड़ी हुई हैं, जो पर्यावरण संरक्षण का भी महत्वपूर्ण संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजातीय संस्कृति, परंपरा और धार्मिक आयोजनों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लगातार कार्य कर रही है। शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रों में विकास कार्यों के साथ-साथ सांस्कृतिक धरोहरों को भी संरक्षित किया जा रहा है।

जातरा के दौरान पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन, लोक नृत्य और जनजातीय रीति-रिवाजों ने लोगों को विशेष रूप से आकर्षित किया। दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने देवी-देवताओं के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन स्थल पर सामाजिक समरसता, भाईचारा और सांस्कृतिक एकता का अनूठा दृश्य देखने को मिला। वन मंत्री श्री कश्यप ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की।

शहर की स्वच्छता से समझौता नहीं काम में बाधा डालना गलतः मीनल

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम की महापौर ने शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि रायपुर की स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्थिति में शहरवासियों को गंदगी एवं अव्यवस्था के बीच नहीं छोड़ा जा सकता। महापौर ने कहा कि सफाई कर्मचारी और ड्राइवर शहर की स्वच्छता व्यवस्था के महत्वपूर्ण हिस्से हैं, लेकिन कुछ कर्मचारियों द्वारा काम बंद करने के साथ-साथ काम करने के इच्छुक ड्राइवरों को भी रोकने की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन किसी कर्मचारी को ड्यूटी करने से रोकना नैतिक और कानूनी रूप से गलत है। महापौर ने स्पष्ट कहा कि काम बंद करना किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। उन्होंने रामकी कंपनी प्रबंधन को निर्देश दिए हैं कि वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि वार्डों से कचरा उठाने का कार्य प्रभावित न हो। साथ ही प्रशासन को स्थिति पर नजर रखने और काम में बाधा डालने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

महापौर ने कहा कि संवाद के द्वार हमेशा खुले हैं और यदि कर्मचारियों को कोई समस्या है तो वे चर्चा के माध्यम से समाधान निकाल सकते हैं। उन्होंने ड्राइवरों से शहर के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए तत्काल काम पर लौटने की अपील की। उन्होंने यह भी दोहराया कि नगर निगम प्रशासन कर्मचारियों के हितों के प्रति संवेदनशील है, लेकिन शहर की सफाई व्यवस्था और नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए आवश्यक होने पर कड़े निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेगा।

इंडक्शन ट्रेनिंग के दौरान डिप्टी कलेक्टर्स ने किया थाना कोतवाली का शैक्षणिक भ्रमण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी में आयोजित लोक सेवा आयोग से चयनित डिप्टी कलेक्टर्स के परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षणार्थियों ने थाना कोतवाली का शैक्षणिक भ्रमण किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अर्चना झा ने प्रशिक्षणार्थियों को पुलिस एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के बीच समन्वय, एसडीएम के दायित्व, कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासनिक भूमिका तथा प्रतिबंधात्मक कार्रवाई से जुड़े विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।

भ्रमण में प्रशिक्षणार्थी डिप्टी कलेक्टर राजेश्वर वर्मा, निधि प्रधान, नंदनी साहू, गौरव चंदेल, रमेश दीवान, लवकेश्वर यादव और सत्येंद्र कुमार बजाज शामिल रहे। इस दौरान एसीपी कोतवाली दीपक मिश्रा और थाना प्रभारी सतीश सिंह गहरवार ने प्रशिक्षणार्थियों को थाना कोतवाली की कार्यप्रणाली, अपराध पंजीयन प्रक्रिया, रोजनामचा संधारण, बेसिक रजिस्टर, CCTNS प्रणाली और कानून-व्यवस्था से जुड़े कार्यों की जानकारी दी।

प्रशिक्षणार्थियों को थाना परिसर की विभिन्न शाखाओं, अभिलेखों और दस्तावेजों का अवलोकन भी कराया गया। साथ ही विशेष कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कोतवाली न्यायालय का भ्रमण कराते हुए न्यायालयीन एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने पुलिस एवं राजस्व प्रशासन के समन्वयात्मक कार्यों को लेकर कई जिज्ञासाएं व्यक्त कीं, जिनका अधिकारियों द्वारा विस्तार से समाधान किया गया।

नॉर्थ जोन पुलिस ने 52 एनडीपीएस प्रकरणों में जब्त नशीले पदार्थों का किया नष्टीकरण

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस कमिश्नरेट के नॉर्थ जोन अंतर्गत विभिन्न थानों में एनडीपीएस एक्ट के मामलों में जब्त प्रतिबंधित मादक पदार्थों का गुरुवार को विधिसम्मत नष्टीकरण किया गया। यह कार्रवाई सिलतरा स्थित जायसवाल निको कम्पनी के पावर प्लांट में की गई।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के निर्देशों के पालन में गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा संपादित की गई। नष्टीकरण प्रक्रिया के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित तुकाराम काम्बले, पुलिस उपायुक्त (नॉर्थ जोन) मयंक गुर्जर, उपायुक्त आबकारी राजेश कुमार शर्मा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आकाश मरकाम, थाना प्रभारी खम्हारडीह मानसी नानाभाउ साकोरे, थाना प्रभारी उरला रोहित मालेकर तथा थाना प्रभारी गुढ़ियारी बी.एल. चन्द्राकर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कार्रवाई के तहत नॉर्थ जोन क्षेत्र के कुल 52 एनडीपीएस प्रकरणों में जब्त 272.027 किलोग्राम गांजा, 2.150 किलोग्राम डोडा, 484.49 ग्राम अफीम, 37.839 ग्राम हेरोइन, 5036 नग टैबलेट एवं कैप्सूल तथा 545 शीशी प्रतिबंधित नशीली सिरप का नष्टीकरण किया गया। पुलिस विभाग ने बताया कि पर्यावरण विभाग से अनुमति प्राप्त करने के बाद जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी प्रतिबंधित मादक पदार्थों को पावर प्लांट की भट्ठी में जलाकर नष्ट किया गया।

रिंग रोड-2 के तीन फ्लाईओवर निर्माण कार्यों में लाई जाएगी तेजी

रायपुर/नवप्रदेश। लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने शुक्रवार को रायपुर के रिंग रोड क्रमांक-2 में भनपुरी और टाटीबंध के बीच निर्माणाधीन तीन फ्लाईओवर परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

लोक निर्माण विभाग द्वारा सरोरा चौक, हीरापुर चौक और बंगाली होटल चौक पर सिक्स-लेन फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सचिव ने साइट पर मौजूद अभियंताओं को रोजाना मॉनिटरिंग करने, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए।

मुकेश बंसल ने फ्लाईओवर के दोनों ओर बनने वाले सर्विस रोड, नालियों के कवर और फुटपाथों की बेहतर फिनिशिंग तथा समतलीकरण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर के ऊपर और नीचे यातायात शुरू होने के बाद आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सचिव ने निर्माण स्थलों के आसपास साफ सफाई बनाए रखने और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश भी दिए।

सुविचार

श्रद्धा ज्ञान देती है नम्रता मान देती है और योग्यता स्थान देती है। ये तीनों मिल जाएं तो व्यक्ति को हर जगह सम्मान देती है

चीन के आगे ट्रंप का सरेंडर

खुद को दुनिया का चौधरी समझने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दुनिया की दूसरी बड़ी महाशक्ति चीन के सामने मरता क्या नहीं करता की तर्ज पर सरेंडर करना ही पड़ा। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कट्टर दुश्मन चीन से हाथ मिलाने पर बाध्य होना पड़ गया क्योंकि इसके अलावा उनके पास ईरान युद्ध से बाहर निकलने के लिए कोई रास्ता ही नहीं बचा था। ट्रंप ने अपने पिट्ठू पाकिस्तान को मध्यस्थ बनाकर ईरान के साथ समझौता करने की कोशिश की लेकिन बेल मुंडेर पर नहीं चढ़ पाई। यह कोशिश अभी भी जारी है लेकिन ईरान अभी भी अमेरिका की शर्तों को मानने के लिए राजी नहीं है। न ही होर्मूज की नाकाबन्दी हटाने के लिए तैयार है। जिसकी वजह से आधी दुनिया में तेल और गैस का संकट विकराल रुप धारण करता जा रहा है और कई देशों की अर्थव्यवस्था चरमराने लगी है। इसके लिए सभी डोनाल्ड ट्रंप को दोषी ठहरा रहे हैं यहां तक कि अमेरिका में भी ट्रंप का विरोध हो रहा है। ट्रंप भले ही ईरान को जंग की धमकी दे रहे हैं लेकिन वो जानते हैं कि जंग से अमेरिका को भी भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। यही वजह है कि उन्होंने चीन से अपने आपसी मतभेद भूलाकर शी जिनपिंग के सामने दोस्ती का हाथ बढ़ाया है क्योंकि चीन ही है जो ईरान का सबसे बड़ा मददगार है। शी जिनपिंग भी जानते हैं कि डोनाल्ड ट्रंप को घुटनों पर लाने का यही सही समय है और उन्होंने इसका पूरा फायदा भी उठाया। उन्होंने होर्मूज खुलवाने में मदद करने का आश्वासन इस शर्त पर दिया कि अमेरिका ताईवान को भूल जाए। उन्होंने दो टूक शब्दों में ट्रंप को चेतावनी दे दी कि अगर चीन और ताईवान विवाद में अमेरिका ने दखलंदाजी की तो चीन और अमेरिका के संबंध बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच जाएंगे। शी जिनपिंग ने ऐसी चेतावनी देकर अमेरिका को उसकी औकात दिखा दी। यही नहीं बल्कि डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिका यात्रा के दौरान उनकी बेइज्जती करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। डोनाल्ड ट्रंप का स्वागत करने वे खुद एयरपोर्ट नहीं गए बल्कि उप राष्ट्रपति को भेज दिया। द्विपक्षीय बातचीत में भी शी जिनपिंग खुद को डोनाल्ड ट्रंप को कमतर आंकते रहे। डोनाल्ड ट्रंप के मुंह से उन्होंने यह भी कबूल करा लिया कि शी जिनपिंग एक महान नेता हैं लेकिन खुद उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप की तारीफ नहीं की। बहरहाल डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनपिंग के बीच हुई बातचीत से यह उम्मीद बंधी है अब होर्मूज संकट का समाधान निकल सकता है। भले ही अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर जल्द कोई समझौता न हो पाए लेकिन होर्मूज पर ईरान की नाकेबंदी अगर खत्म हो जाती है तो इससे अमेरिका राहत की सांस लेगा क्योंकि इस नाकाबंदी के कारण ही डोनाल्ड ट्रंप की छवि खलनायक वाली बन गई है। अब देखना होगा कि चीन इसके लिए ईरान को मनाने में सफल होता है या नहीं। इस बीच भारत में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों का सम्मेलन हो रहा है जिसमें ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची भी शामिल हुए हैं। और उनकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ भी बातचीत हुई है। ईरान और अमेरिका के बीच संभावित जंग के बीच ईरानी विदेश मंत्री की भारत यात्रा वैश्विक उथल पुथल के बीच महत्वपूर्ण हो जाती है। अराघची ने सदस्य देशों से अपील की है कि अंतराष्ट्रीय नियमों का खुला उल्लघंन करने वालों की निंदा की जानी चाहिए। जाहिर है उन्होंने अमेरिका को ब्रिक्स सम्मेलन के माध्यम से संदेश देने की कोशिश की है और भारत तथा ईरान की बेहतर संबंधों की वकालत की है ऐसे समय में जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन की शरण में पहुंचे हैं तब ईरान के विदेश मंत्री का भारत आना और दोनों देशो के बीच पुराने संबंधों को और मजबूत बनाने की बात करना अमेरिका और चीन के लिए सोच का विषय हो सकता है। होमूर्ज को खुलवाने के लिए हालांकि अमेरिका ने भारत से कोई अनुरोध किया है लेकिन इस मामले में भारत भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है क्योंकि उसके ईरान के साथ मधुर संबंध रहे हैं। यदि पाकिस्तान की तरह चीन भी ईरान को होर्मूज खोलने के लिए राजी नहीं कर पाता है तो संभवतः दुनिया पर गहराते तेल और गैस संकट के समाधान के लिए भारत इस दिशा में पहल कर सकता है। बहरहाल चाहे कोई भी मध्यस्थता करे लेकिन होर्मूज की नाकेबंदी हटना बेहद जरूरी है ताकि आधी दुनिया में गहराते तेल और गैस संकट का समाधान हो सके।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

◆ 2 मिनट के लिए भी गुरु विस्मशत हो जाए, हरि विस्मशत हो जाए, हरि का कार्य विस्मशत हो जाए, ठाकुर जी की भी विस्मर्शत हो जाए; समझ लो कि विपत्ति के पास बैठे हुए हैं!!

◆ बंधुओं !! अपने जीवन में परिवेश बड़ा सुंदर रखना। सुंदर हरे-भरे लोग और हरा-भरा कौन है? जो हरे-हरे करता है; हरे कृष्ण, हरे कृष्ण वाले 'हरे' हैं। 'हरे कृष्ण' से जुड़े हुए, 'हरे राम' से जुड़े हुए लोग हरे-हरे हैं, बाकी सब सूखे हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1911: कलकत्ता में बने तल्लाह वाटर टैंक का निर्माण पूरा। इसे उस समय दुनिया का सबसे बड़ा ओवरहैड वाटर टैंक कहा गया था। 1920: फ्रांसीसी स्वतंत्रता सेनानी, सेनापति जॉन ऑफ आर्क को संत की उपाधि दी गयी। 1943: वॉरसॉ में यहूदी बस्तियों में चल रही लड़ाई ख़त्म हो गई। पुलिस और कमांडो दल ने 19 अप्रैल को इन बस्तियों में प्रवेश किया था। 1960 भारत और ब्रिटेन के बीच अंतरराष्ट्रीय टेलेक्स सेवा की शुरुआत। 1974: इस्राइल के लड़ाकू विमानों ने सात फ़िलिस्तीनी शरणार्थी शिविरों और दक्षिणी लेबनान के गांवों पर बम दागे। इन हमलों में 27 लोग मारे गए और 138 अन्य घायल हुए। 1975: सिक्किम को 22वें राज्य के रूप में भारतीय संघ में शामिल किया गया। 1996: अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत के दसवें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। 2004: टेनिस खिलाड़ी रोजर फ़ेडेरर ने हेम्बर्ग मास्टर्स ख़िताब जीता। 2006: हॉलिवुड की चर्चित अदाकारा नाओमी वाट्स को संयुक्त राष्ट्र संस्था का राजदूत बनाया गया। 2006: न्यूजीलैंड के 47 वर्षीय मार्क इंजलिस कृत्रिम पैरों के सहारे एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने वाले पहले व्यक्ति बने।

संकट प्रबंधन या मधुमक्खी के छत्ते में हाथ डाल दिया?

पांच राज्यों के चुनाव समाप्त होने के सात दिन बाद 10 मई को हैदराबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा,''वैश्विक आर्थिक संकट विशेष कर ऊर्जा संकट तथा विदेशी मुद्रा पर बढ़ते दबाव के चलते भारत कई विराट चुनौतियों का सामना कर रहा हैं। देशभक्ति हमें चुनौती दे रही है और चुनौती को स्वीकार करने के लिए हमे विदेशी मुद्रा का बचाना होगा''। प्रधानमंत्री मोदी ने उक्त संकट का मुकाबला करने के लिए कोरोना संकट काल की याद करते हुए देश के नागरिकों से निम्न सात उपायों को अपनाने की राष्ट्रव्यापी अपील की है।

राजीव खंडेलवाल
(लेखक, कर सलाहकार एवं पूर्व अध्यक्ष, बैतूल सुधार न्यास)

प्रधानमंत्री की घोषित प्राथमिकताएं । अल्पकालीन कदम। 1 वर्क फ्रॉम होम को प्राथमिकता। 2 अगले एक साल के लिए सोने की गैर-जरूरी खरीदारी से बचें, ताकि विदेशी मुद्रा भंडार को बचाया जा सके। 3 ईंधन (पेट्रोल/डीजल) की खपत कम करें। पब्लिक ट्रांसपोर्ट, मेट्रो और कारपूलिंग अपनाएं। 4 बड़ी मात्रा में खाद्य तेल का आयात करने के कारण उसका उपयोग कम करें। 5 अगले एक साल के लिए गैर-जरूरी विदेशी यात्राएं टालें। देश की कुल जनसंख्या का लगभग 2.2 प्रतिशत नागरिक विदेश यात्रा करते हैं, जिनमें लगभग 2024 में 2.13 लाख करोड़ और 25-26 में 3.34 लाख करोड़ विदेशी मुद्रा खर्च हुई।

मध्यम अवधि की नीति

6 किसान भाई रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें।

7 इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग।

दीर्घकालिक सुधार।

8 स्वदेशी उत्पादकों को प्राथमिकता दें, विदेशी ब्रांड के उत्पादों का उपयोग कम करें।

9 वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत।

10 आयात निर्भरता में कमी।

स्वयं की भागीदारी के साथ घोषणा की जानी चाहिए थी: वैज्ञानिक व सोद्देश्य पूर्ण दृष्टि से बेहतर होता, केंद्रीय शासन प्रधानमंत्री के उपायों को उपरोक्तानुसार ''शॉर्ट टर्म, मिड टर्म एंड लॉन्ग टर्म'' की तीन स्तरों पर नीति को अपनाने की आवश्यकता पर जोर देते। यह पहल केवल ''जनता'' के लिए हैं? अथवा सरकार और राजनीतिक नेतृत्व को भी ''समान रूप'' से सुधार प्रस्तुत करना होगा? इसके लिए आवश्यक होता कि सरकार भी उसी समय कुछ दायित्वों को स्वीकार करती, तो जनता में संदेश और अधिक प्रभावशाली रूप से जाता। जैसे ''चार दिन सप्ताह कार्य दिवस'' मंत्रिमंडलीय बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा करके परिवहन व्यय की बचत की जा सकती है। कई देशों ने इसे लागू भी किया है।

'अनुशासन' लम्बे समय तक के लिए अपनाना होगा'

स्पष्ट है, देश आर्थिक संकट की ओर जा रहा है। इस तथ्य से देश का कोई भी नागरिक किसी भी वर्ग, श्रेणी, पढा-लिखा, अनपढ़, बौद्धिक राजनेता या पत्रकार हो, इंकार नहीं कर सकता है। साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा सुझाए गए उपरोक्त उपायों से किसी को भी कोई आपत्ति नहीं हो सकती है। परन्तु आत्म अनुशासन सिर्फ ''एक साल के संक्रमण काल'' के लिए नहीं, जो ''ऊंट के मुंह में जीरा समान है,'' स्थिति से बाहर आने के लिए दीर्घकालीन आर्थिक अनुशासन

की दृष्टि से देश को ''लंबे समय तक'' के लिए नागरिकों को उक्त उपायों को अपने जीवन में उतार कर, एक नागरिक का कर्तव्य निभाकर, देश हित में होते दिखना होगा। क्योंकि जिन मूल तत्वों के कारण यह संकट की स्थिति निर्मित हुई है, उनका प्रभाव लम्बे समय तक रहना है। वह इसलिए कि इस संकट के दो मूल कारण, एक कच्चे तेल के उत्पादन की मात्रा, जो कुल आवश्यकता का मात्र 11-12त्न है, जो वर्ष 2014 में कुल 22.40% हिस्सा था, अर्थात 11 वर्ष से लगातार आत्मनिर्भरता घट रही है। सोने का उत्पादन जो मात्र1त्न के आसपास है। इनके उत्पादन की मांग की पूर्ति तक बढ़ाना असंभव है।

'उपदेश के साथ आचरण आवश्यक': मोदी द्वारा की गई घोषणाएं करने के पूर्व ''कबीर'' की यह युक्ति याद आती है-''पर उपदेश कुशल बहुतेरे, आचरहिं ते नर न घनेरे''। दूसरों को ज्ञान देना आसान है, लेकिन उन्हें उपदेशों (ज्ञान) का स्वयं आचरण (अमल) करने वाले लोग विरले ही हैं। मोदी की उक्त अपील के पूर्व, देश के तीन प्रधानमंत्री कुछ इसी तरह की राष्ट्रव्यापी अपील नागरिकों से पूर्व में कर चुके हैं। प्रथम स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री, द्वितीय स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू व तीसरी स्वर्गीय इंदिरा गांधी।

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री ने 1965 के भारत-पाक युद्ध के समय उत्पन्न खाद्य संकट का सामना करने के लिए ''जय जवान, जय किसान'' के नारे के साथ जनता से सप्ताह में एक दिन ''उपवास'' की अपील की थी। परन्तु जनता से अपील करने के ''पूर्व'' सादगी पूर्ण जीवन जीने वाले शास्त्री ने अपने परिवार व स्वयं पर वह प्रतिबंध लागू किया था। 1962 के भारत चीन के युद्ध के दौरान ''सोना दान'' करने की अपील पंडित जवाहर लाल ने कर, उसे ''राष्ट्रीय सुरक्षा फंड'' में योगदान बताया। इस अपील पर तब इंदिरा गांधी ने अपने अधिकांश गहने लगभग 336 ग्राम सोना दान दे दिया था। जनता ने 262 किलो सोना दान दिया था। आज के 800 मीट्रिक टन के आसपास ''पर्याप्त'' गोल्ड रिजर्व की तुलना में नेहरू के जमाने में गोल्ड रिजर्व था ही नहीं। विदेशी मुद्रा का संकट होने पर जून 1967 में इंदिरा गांधी ने देशवासियों से सोना नहीं खरीदने की अपील करते हुए इसे ''राष्ट्रीय अनुशासन का हिस्सा बतलाया था''।

"Charity begins at home-" यहीं पर सरकार विपक्ष मीडिया के निशाने पर आ जाती है । प्रधानमंत्री मोदी की तुलना उक्त तीन प्रधानमंत्री द्वारा की गई घोषणा के साथ उनके द्वारा किये गये उक्त आचरण के साथ कीजिए। स्थिति स्पष्ट हो जायेगी। मोदी द्वारा घोषणा करने के पूर्व व बाद में 24 घंटे के अंदर 4 रोड़ शो किये गए, पेट्रोल-डीजल का अपव्यय को रोका नहीं गया, जिसकी अपील वे देश के नागरिको से कर रहे थे। मोदी अपील कर दो घंटे बाद गुजरात रोड़ शो के लिए निकल गये। इसे टाला जा सकता था। याद कीजिए 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छता के पोशाक महात्मा गांधी की जयंती पर प्रधानमंत्री जब ''स्वच्छ भारत अभियान'' का शुभारंभ ''झाड़ू लगाते'' हुए रोड पर उतरे थे, तब उस अपील का राष्ट्र व्यापक प्रभाव पड़ा था, जिसका ''कुछ असर'' अभी भी है।

पेपर लीक के दोषियों को मिले कड़ी सजा

डॉ. ओपीत्रिपाठी

मेडिकल और डेंटल कोर्सेज में दाखिले के लिए तीन मई को नेशनल एलिजिबिलिटी-कम-एंट्रेंस टेस्ट यानी नीट परीक्षा 2026 परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें करीब पौने तेईस लाख छात्रों ने परीक्षा दी थी। ये परीक्षाएं देश के 551 शहरों और विदेशों के 14 शहरों में 5400 केंद्रों पर आयोजित की गई थीं। पेपर लीक के बाद नीट परीक्षा रद्द कर दी गयी है। वास्तव में, पेपर लीक होने के आरोपों के बाद जांच एजेंसियों की सिफारिश पर परीक्षा रद्द की गई है। केंद्र सरकार ने कथित रूप से डेटा लीक और धांधली की व्यापक जांच के लिए सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने कहा है कि व्यवस्था में विश्वास बहाली के लिए फिर से परीक्षा करने का निर्णय लिया गया है। कहा जा रहा है कि एनटीए ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा साझा निष्कर्षों की प्रारंभिक जांच के आधार पर परीक्षा स्थगन का फैसला लिया।

बेशक, इस फैसले ने उन लाखों छात्रों को निराश ही किया है जो महीनों से परीक्षा की तैयारी में लगे थे। अब उन्हें नये सिरे से परीक्षा की तैयारी करनी होगी। नीट प्रवेश परीक्षा स्थगित किए जाने के बाद तमाम विपक्षी दलों ने एनटीए व केंद्र सरकार पर तीखे हमले बोले हैं। कहा जा रहा है कि एनटीए में सुधार नहीं, अब पूरी संरचना बदलने की जरूरत है। एक संसदीय समिति की रिपोर्ट का हवाला देकर कहा जा रहा है कि एनटीए के बुनियादी पुनर्गठन की जरूरत है। राजनेता पीपर लीक व प्रश्नपत्रों में गलती सामने आने को छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बता रहे हैं। साथ ही पूरी परीक्षा प्रणाली को बदलने की मांग की जा रही है। साथ ही एनटीए के उद्देश्य और कार्यक्षमता को लेकर शंका जतायी जा रही है। वहीं कांग्रेस का आरोप है कि एनटीए द्वारा आयोजित 14 राष्ट्रीय परीक्षाओं में से पांच में पेपर लीक और अनियमितताओं के मामले उजागर हुए हैं। इनमें जेईई मेन्स 2025 उत्तर कुंजी के दोषपूर्ण होने पर प्रश्नपत्र में 12 प्रश्न वापस लेने पड़े थे। मांग है कि एनटीए को केंद्रीयकृत करने के बजाय संसद के प्रति जवाबदेह बनाया जाए। वहीं एनटीए कह रहा है कि छात्रों को नया आवेदन नहीं करना होगा, न ही कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क लगेगा। यह भी कि एनटीए अपने संसाधनों का प्रयोग करके दोबारा परीक्षा आयोजित करेगी। साथ ही एनटीए ने परीक्षा में गड़बड़ी की जवाबदेही स्वीकारी है। चिंता इस बात की भी है कि परीक्षाओं की पवित्रताओं पर चोट पहुंचाने वाले पारदर्शिता का दावा करने वाले सिस्टम में भी सेंध लगाने से नहीं चूकते।

दरअसल, आरोप है कि नीट का पेपर 'क्वेश्चन बैंक' के जरिये लीक किया गया, जिसमें फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के तीन से ज्यादा सवाल थे। जिसमें आधे हूबहू परीक्षा में आए। आशंका है कि सोशल मीडिया के जरिये ये प्रश्नपत्र लाखों तक पहुंचे। हालांकि, इस मामले का खुलासा सीकर से हुआ, लेकिन कहते हैं कि पेपर पहले केरल से एक मई को आया और उसके तार नासिक से लेकर उत्तराखंड तक जुड़े थे। एनटीए ने कहा है कि सात मई की रात एक व्हिसलब्लोअर से उन्हें पेपर लीक की सूचना मिली। बताते हैं कि सीकर के एक पीजी संचालक ने पेपर लीक की सूचना पुलिस को दी। कालांतर में पेपर से जुड़ी ऑनलाइन चैट वायरल हो गई। एनटीए द्वारा जांच केंद्रीय एजेंसियों को सौंपने के बाद एक दर्जन से अधिक लोग गिरफ्तार किए गए।

वस्तुतः यह सिर्फ एक परीक्षा ही रद्द नहीं हुई है, उन सपनों को भी गहरी चोट पहुंची है जो लाखों बच्चों के मन में पल रहा था। यह सपना था डॉक्टर बनने का। देश के लाखों बच्चे नीट की तैयारी को युद्ध की तरह लड़ते हैं। सुबह से रात तक किताबों में डूबे रहना, दोस्तों से दूरी, त्योहारों पर खुशियों का त्याग, मानसिक दबाव और लगातार बढ़ती प्रतियोगिता। इन सब के बीच यह पढ़ाई इन बच्चों के जीवन का कठिन दौर होता है। ऐसे में जब परीक्षा में सफलता की उम्मीद लगाए बच्चों को परीक्षा रद्द होने की खबर मिलती है तो उनके भीतर सिर्फ निराशा का भाव ही नहीं बल्कि पूरे सिस्टम के प्रति अविश्वास पैदा होता है। यह तो जांच में सामने आएगा कि आखिर नीट जैसी महत्त्वपूर्ण परीक्षा से पहले ही गेस पेपर में बड़ी संख्या में सवालों के मिलने व परीक्षा रद्द होने के बाद बच्चों को यह मानसिक आघात पहुंचाने के जिम्मेदार कौन हैं? लेकिन इस फैसले के बाद बच्चों और उनके परिवारों के मन में उठ रहे भावों को मापने का पैमाना शायद किसी एजेंसी के पास नहीं है।

कितने ही बच्चों में अवसाद की स्थिति पैदा हो सकती है तो कितनों ही के मन में यह धारणा भी बन सकती है कि ईमानदारी से मेहनत करने का कोई मूल्य नहीं है। इस त्रासदी का दूसरा चेहरा उन अभिभावकों का है जिनके लिए एक परीक्षा केंद्र तक बच्चे को भेजना संघर्ष था। किसी ने खेत गिरवी रखे होंगे, किसी ने उधार लिया होगा, तो किसी ने अपनी जरूरतें कम की होंगी ताकि बच्चा कोचिंग कर सके। गांवों से निकलकर बड़े शहरों तक पहुंचने वाले इन बच्चों के पीछे सिर्फ महत्वाकांक्षा नहीं, पूरे परिवार का त्याग होता है।यह विडंबना ही है कि भ्रष्टाचार के बाजार में लाखों छात्रों की मेहनत और सपने नीलाम हो रहे हैं। कुछ लोग लीक मामलों में राजनीतिक संरक्षण के भी आरोप लगा रहे हैं। तभी कई बार नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के बावजूद किसी को बड़ी सजा अब तक नहीं मिली है। यही वजह कि नीट परीक्षा को कंप्यूटर आधारित टेस्ट में बदलने की मांग की जा रही है क्योकि पेन-पेपर मोड में पेपर लीक होने की ज्यादा आशंका रहती है। कंप्यूटर आधारित परीक्षा को सुरक्षित व पारदर्शी बताया जा रहा है। साथ ही पारदर्शी जांच व जवाबदेही तय करने की बात कही गई है। सवाल स्टाफ की आउटसोर्सिंग को लेकर भी उठे हैं। परीक्षाएं हाइब्रिड परीक्षा मॉडल के साथ ऑनलाइन कराने की भी मांग है। इस बीच एनटीए ने परीक्षा की नयी तारीख का ऐलान कर दिया है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बहुत दिनों बाद फेसबुक पर वापस लौटी लेकिन तभी अचानक ऐसी स्त्री के विवाह की तस्वीरे सामने आ गई जिसने विवाह संस्था को हमेशा गाली दी।वो लाल जोड़े में प्रसन्न दिखाई दे रही है।हवन कुंड के सामने मुस्कुरा रही है। अच्छी बात है ईश्वर उसके विवाह को सफल बनाएं। लेकिन जिसने विवाह को पितृसत्ता से जोड़ा और अपनी रचनाओं से युवाओं को बरगलाया।उसने विवाह कर लिया यह देखना हास्यास्पद जरूर लग रहा है। **- दिव्या राकेश शर्मा**

दर्द सीने में बहुत है मगर, लबों को हमने सिया है। यारा रोकर नहीं हँसते हुए, ही दर्द हमने जिया है। लोग समझते हैं हमें पत्थर दिल जाने कब से सनम, हर चोट 'आर्या' इस ज़माने की छुपा सीने में लिया है।। **- अन्नपूर्णा बाजपेई आर्या**

पश्चिम बंगाल मे असली आजादी तो कांग्रेस और CPI(M) वालो की आयी है ग्रामीण और शहरी क्षेत्र मे विगत 15 वर्षो से TMC ने उनके कार्यालय पर कब्जा कर लिया था उसे वे खाली करा कर फिर से अपना झंडा लगा रहे है । CPI (M) वे कार्यकर्ता जिनको जान बचाकर भागना पडा था वे भी वापसी कर रहे हैं । **- एडवाकेट अरूण कुमार गुप्ता**

पत्थरों पर चलो,कांटों को चुभाकर देखो ज़िन्दगी का कभी तुम दांव लगाकर देखो हमसफर रास्ते हो जाएंगे फिर तुम्हारे हौसले के साथ में तुम कदम बढ़ाकर देखो साफ दिखलाई देगी दुनियां,ओ,दुनियां वाले आंख से तुम कभी पर्दा तो हटाकर देखो!! **- नीरू श्रीवास्तव**

रिश्ते मन की गहराइयों से बनते हैं, केवल बातों की चकाचौंध से नहीं। कुछ लोग शब्दों का अथाह समन्दर लिए भी हृदय से दूर ही रह जाते हैं, और कुछ शांत स्वभाव वाले लोग बिना अधिक कहे आत्मा के बेहद क़रीब उतर आते हैं। क्योंकि अपनापन आवाज़ में नहीं, अहसास में बसता है। **- चिन्मय शुक्ल**

अमूमन हम अपने में होते हैं या अपनों में होते हैं, बेफिक्री में होते हैं जब अपने में होते हैं खुशफहमी में होते हैं जब अपनों में होते हैं हमारा होना यथार्थ हैं पत्थर की लकीर हैं हमें गुजरा वक़्त समझें वो लोग गलतफहमी में होते हैं। **- वर्षा गुप्ता**

दुनिया ग्लोबलवॉर्मिंग की समस्या से जूझ रही है और दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों में 92 भारत के हैं। दिन के साथ ही रातें भी गर्म रहती हैं, जिसे सीवियर वार्म नाइट कहते हैं। अप्रैल में ही 44ए तापमान पहुंच गया है, गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। यलोएलर्ट हीटवेव और हीटड्रोन जैसे शब्द चर्चाओं में हैं। धरती की सतह पर वृक्षों की संख्या में कमी और तथाकथित विकास कार्य,वातावरण को गर्म करने में सहायक ही है। **- पोखराज शर्मा**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज बिजनेस में कभी फायदा तो कभी चुनौती वाला माहौल रह सकता है, लेकिन आपकी समझदारी हर स्थिति को आपके पक्ष में मोड़ सकती है।

वृषः आज पैसों के मामलों में सावधानी ही आपकी सबसे बड़ी ताकत होगी। लंबे समय से रुका काम आखिरकार पूरा होने की ओर बढ़ सकता है।

मिथुनः आज किस्मत आपके लिए नई संभावनाओं के दरवाजे खोल सकती है। यात्रा या घूमने के दौरान मिली जानकारी भविष्य में बड़ा फायदा दे सकती है। कुछ खास लोगों से मुलाकात बिजनेस में नई उड़ान दे सकती है।

कर्कः आज धन और सफलता दोनों आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। माता-पिता का आशीर्वाद आपके रुके हुए कामों को गति देगा।

सिंहः आज खर्चों पर कंट्रोल रखना बेहद जरूरी रहेगा, वरना बजट गड़बड़ा सकता है। विद्यार्थियों को मानसिक दबाव से राहत मिलने के संकेत हैं। रुका हुआ उधार वापस मिलने की संभावना भी बन रही है।

कन्याः आज चुनौतियाँ थोड़ी ज्यादा महसूस हो सकती हैं, लेकिन दोस्तों और जीवनसाथी का साथ आपको संभाले रखेगा। मनचाहा काम न मिलने से निराशा हो सकती है।

तुलाः आज समाज सेवा और अच्छे कामों से आपका मान-सम्मान बढ़ सकता है। दान-पुण्य के कार्यों में हिस्सा लेने से मन को सुकून मिलेगा। जीवनसाथी के साथ चल रही अनबन प्यार भरी बातचीत से खत्म हो सकती है।

वृश्चिकः आज कमाई के नए रास्ते खुलते दिखाई देंगे। पुराने निवेश से शानदार लाभ मिलने की संभावना है। कोई नई साइड इनकम शुरू होने से खुशी दोगुनी हो सकती है।

धनुः आज का दिन पहले से बेहतर और राहत भरा रहेगा। अपनी कमियों को पहचानकर आगे बढ़ेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। सेहत के मामले में लापरवाही बिल्कुल न करें।

मकरः आज खुशियों और जिम्मेदारियों का मिला-जुला असर देखने को मिलेगा। पुराने मित्र से मुलाकात मन को प्रसन्न कर सकती है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरकर गर्व महसूस कराएगी।

कुंभः आज चुनौतियाँ आपके धैर्य की परीक्षा ले सकती हैं। कठिन परिस्थितियों में भी शांत रहना ही आपकी जीत का रास्ता बनेगा। संतान पढ़ाई में लापरवाही कर सकती है, इसलिए उनकी भावनाओं और परेशानियों को समझने की जरूरत होगी।

मीनः आज आपकी मेहनत रंग लाएगी और बॉस आपके काम से बेहद प्रभावित रहेंगे। आपके सुझावों को भी महत्व मिलेगा, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा।

QUIZ TIME

1) घुटने की पुनर्वास के लिए किस संस्थान ने एक पेटेंटेड मैकेनिकल पैसिव मोशन मशीन लॉन्च की है?

2) भारत के पहले संविधान संग्रहालय का उद्घाटन कहाँ किया गया?

3) महरौली का लौह स्तंभ किस राजवंश के शासनकाल के दौरान बनाया गया था?

4) हाल ही में निधन हुए पैरा लंबी कूद एथलीट निकोलस हुम किस देश से थे?

5) यूरोप की दुर्लभ पक्षी ऑर्टोलान बंटिंग को हाल ही में भारत के किस राज्य में देखा गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) आईआईटी मंडी (2) सोनीपत, हरियाणा (3) गुप्त राजवंश (4) ऑस्ट्रेलिया (5) पश्चिम बंगाल

पहेली

भिलाई में अनुशासनहीनता पर लगाम कसने होगी संगठनात्मक सर्जरी, प्रदेश भाजपा ने मांगी रिपोर्ट

■ भिलाई में स्थानीय भाजपा नेताओं ने किया सुशासन पर प्रहार, संगठन का अनुशासन तार-तार

भिलाई/नवप्रदेश। पिछले दो साल से स्टील सिटी के भाजपा संगठन में तेजी से पनपी गुटबाजी, अनुशासनहीनता और मनमानी पर भाजपा संगठन की पैनी नजर है। प्रदेश भाजपा ने अनुशासनहीन नेताओं की रिपोर्ट तलब की है। आगामी दिनों में प्रदेश संगठन द्वारा भिलाई बीजेपी की बड़े स्तर पर सर्जरी के संकेत मिले हैं। अनुशासन का डंडा भी चलाया जाएगा।

भाजपा संगठन में अनुशासन और पार्टी के प्रति निष्ठा, समर्पण भाव को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। लेकिन भिलाई में भाजपा संगठन का तानाबाना लगातार बिखर रहा है। बीजेपी नेताओं की अनुशासनहीनता के कारण पार्टी की लगातार किरकिरी हो रही है। इस साल के अंत में स्टील सिटी के भिलाई नगर निगम, रिसाली नगर निगम और चरौदा नगर निगम के चुनाव होने वाले हैं। लेकिन, स्थानीय भाजपा नेताओं में एकजुटता का अभाव है। भिलाई में चार गुटों के नेता सक्रिय हैं। सांसद विजय बघेल, विधायक रिकेश सेन, पूर्व सांसद सरोज पांडेय, पूर्व विधायक प्रेम प्रकाश पांडेय के गुटों के अलावा प्रादेशिक स्तर पर पैठ रखने वाले नेता भी सक्रिय हैं। गुटबाजी में बिखरे भाजपा नेताओं के सुर ताल अलग-अलग हैं।

हाल ही में इसकी एक बानगी देखने मिली। 5 मई को जब पूरे देश में भाजपा पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी और असम में जीत का जश्न मना रही थी, तब भिलाई के भाजपा नेता संगठन के फरमान को ताक पर अपनी ढपली अपना राग आलापते रहे। भिलाई के भाजपा नेताओं ने घेराव के दौरान तीन घंटे तक नेशनल हाईवे को जाम कर दिया।

पुलिस प्रशासन से अनुमति के बिना सड़क घेरकर मंच बनाया गया। रोड घेरने के कारण पब्लिक को आवागमन की समस्या से जूझना पड़ा। सुशासन तिहार के दौरान हो रही असुविधा के लिये लोग भाजपा को कोसते रहे।

बिखर गया अनुशासन का ताना-बाना

प्रदर्शन के दौरान भाजपा का संगठन का अनुशासन तार-तार होता रहा। नारेबाजी, धक्कामुक्की, हो-हल्ला, हंगामे के बीच जिला संगठन प्रभारी रामजी भारती, जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन प्रदर्शनकारियों से सभास्थल पर आने की अपील करते रहे, लेकिन भाजपा नेता अपने समर्थकों के साथ निगम के गेट और बेरिकेड्स पर चढ़ते रहे। इससे पूर्व हुई संगठन की बैठकों में जिला प्रभारी रामजी भारती ने निगम कमिश्नर के खिलाफआंदोलन, पोस्टरबाजी न करने की हिदायत दी थी। लेकिन, भाजपा नेताओं ने निर्देश का पालन नहीं किया। बैठक के साथ-साथ घेराव के दौरान भी मुखरता से कमिश्नर को जमकर घेरा गया। धरना स्थल पर कई भाजपा नेत्रियां कमिश्नर को घेरने वाले पोस्टर के साथ मौजूद रहीं। पार्टी का अनुशासन बार-बार तोड़ने वाले स्थानीय भाजपा नेताओं की गतिविधियों को प्रदेश भाजपा ने गंभीरता से लिया है।

अनुशासन के डोज के साथ होंगे कड़े फैसले

निगम चुनाव के मद्देनजर प्रदेश भाजपा संगठन भिलाई के भाजपा नेताओं की हरकतों पर पैनी नजर रख रहा हैं। माना जा रहा है कि अब बड़े स्तर पर सर्जरी की जाएगी। एक प्रमुख भाजपा नेता का कहना है कि बदलाव एक साथ नहीं किया जाएगा, बल्कि किस्तों में फेरबदल किया जाएगा। एकता का संदेश देने के लिये सीएम विष्णुदेव साय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव सहित कई प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में सभा-सम्मेलन में अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाएगा। सूत्र बता रहे हैं कि स्थानीय भाजपा नेताओं पर नकेल कसने के लिये प्रदेश भाजपा के महामंत्री पवन साय खुद बैठक लेने वाले हैं। बैठक में सख्त हिदायत के साथ अनुशासनहीनता को लेकर कड़ी चेतावनी भी दी जाएगी।

सिम्प्लेक्स कॉस्टिंग्स की एमडी संगीता शाह ने डीएसपी पर लगाया ब्लैकमेलिंग की साजिश रचने का आरोप

■ आम सूचना जारी की, कहा, फरवरी में एसपी से की थी शिकायत, नहीं हुई कार्रवाई

भिलाई/नवप्रदेश। सिम्पलेक्स कास्टिंग्स की एमडी संगीता केतन शाह ने पुलिस अधिकारी विशाल सोन पर ब्लैकमेलिंग करने और कंपनी की चल-अचल संपत्ति हड़पने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। संगीता शाह ने अखबार में जारी आम सूचना के माध्यम से कहा है कि विशाल सोन ने साजिश के तहत कंपनी की पुलगांव स्थित भूमि, कोहका जुनवानी स्थित भूमि, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, कंपनी वाहन और कंपनी की अन्य चल-अचल संपत्तियों को अपने कब्जे में करने के लिए धोखाधड़ीपूर्वक साजिश की। इसकी जानकारी होने पर 6 फरवरी 2026 को पूरे तथ्यों के साथ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गई थी, लेकिन शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

गौरतलब है कि संगीता शाह और उनके पति केतन शाह के खिलाफ करोड़ों की जमीन से जुड़े कथित धोखाधड़ी के मामले में एफआईआर दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी से बचने के लिये उन्होंने अग्रिम जमानत की याचिका लगाई थी जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। अब संगीता शाह ने आम सूचना जारी करते हुए इस मामले में पुलिस अफसर विशाल सोन पर बड़ा आरोप लगाया है।

संगीता शाह ने आम सूचना के माध्यम से कहा कि वर्तमान में जिला दंतेवाड़ा में पदस्थ विशाल सोन वर्ष 2013-14 में दुर्ग जिले में बतौर थाना प्रभारी पदस्थ थे। कंपनी क्षेत्र के अधीनस्थ पुलिस अधिकारी होने के कारण उनकी जान-पहचान हुई और आना-जाना बढ़ गया। इस दौरान सोन ने वरिष्ठ भाजपा नेताओं से व्यक्तिगत परिचय का हवाला देते हुए वैशाली नगर विधान सभा क्षेत्र से भाजपा टिकट दिलाने का आश्वासन दिलाया। संगीता शाह ने बताया कि सोन ने कई बार टिकट दिलाने के नाम पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मिलने के लिये मुझसे पैसे लिए। भरोसा जीतने के लिए चुनाव के दौरान फर्जी मेडिकल लीव लगाकर ड्यूटी से छुट्टी भी ली थी। सरकारी पद पर होने के बाद भी उन्होंने चुनाव संचालन किया और रैली में उनके साथ चुनाव के प्रचार-प्रसार में भी शामिल हुए।

क्या है मामला

सिम्पलेक्स कास्टिंग लिमिटेड की डायरेक्टर संगीता केतन शाह और उनके पति केतन शाह के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के बचने के लिए दोनों ने जिला कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी है। संगीता शाह के खिलाफ सुनील कुमार सोमन ने एफआईआर दर्ज कराई है। सोमन के अनुसार 13 मार्च 2023 को संगीता शाह ने ग्राम कोहका की विवादित जमीन को विवाद मुक्त बताकर 50 लाख में सौदा किया। 10 लाख रुपए एडवांस लेने के बाद रजिस्ट्री करने से मना कर दिया। उसी जमीन पर 4.5 करोड़ रुपए का लोन ले लिया गया।

संगीता शाह का तर्क- 2024 में ही वापस कर दी थी रकम

अग्रिम जमानत पर सुनवाई के दौरान सिम्प्लेक्स कॉस्टिंग की डायरेक्टर संगीता केतन शाह की ओर से बचाव में कई तर्क रखे गए। घटना के करीब 3 साल बाद 8 मई 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराने और देरी का स्पष्ट कारण न बताने का हवाला दिया गया। संगीता शाह की ओर से दावा किया कि शिकायतकर्ता को 10 लाख रुपए वापस कर दिए गए थे। इस तथ्य को छिपाकर कोर्ट में परिवाद पेश किया गया। लोन के लिए आवेदन 27 सितंबर 2024 को किया गया था और रकम अक्टूबर 2024 में मिली थी। शिकायतकर्ता को अग्रिम राशि 30 सितंबर 2024 को लौटा दी गई थी। इन तथ्यों को जानबूझकर छिपाया गया। उनकी छवि खराब करने के लिए जानबूझकर केस में फंसाया गया।

न्यूज गैलरी

सुशासन तिहार, 145 आवेदन जमा

जामुल। सुशासन तिहार के अंतर्गत जामुल पालिका के वार्ड 9 प्राथमिक शाला जामुल में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। वार्ड 5, 7, 9, 10 के आवेदकों ने 101 मांग और 44 शिकायतों के आवेदन जमा किये। कुल 145 आवेदन प्रस्तुत किये गए। शिविर में 24 आवेदकों का आधार अपडेशन किया गया। 3 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। महतारी वंदन योजना के 10 हितग्राहियों का ईकेवाईसी किया गया। परिवहन विभाग द्वारा 51 लोगों को लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया गया। मोबाइल मेडिकल यूनिट से 37 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। महिला बाल विकास द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म की गई। शिविर में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महेश सिंह राजपूत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रमाकांत साहू, नायब तहसीलदार कुंदन शर्मा, पार्षदगण दीपक गुप्ता, रामप्यारी वर्मा, सीमा यादव, अश्वनी साहू, चुम्मन वर्मा, संजय देशलहरे सहित नोडल अधिकारी सचिन भागवत, सहायक नोडल अधिकारी हरीश साहू उपस्थित थे।

दो हाईवा की टक्कर, दोनों ड्रायवर गंभीर

दुर्ग। पुलगांव थाना क्षेत्र में दो हाईवा की टक्कर के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से वाहन चालकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। देर रात भारती कॉलेज के पास दो हाईवा वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई। दोनों वाहनों के केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और चालक अंदर फंस गए। पुलगांव के थाना प्रभारी गुरविंदर सिंह संधू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने के लिए जेसीबी मशीन भी मंगाई गई। दोनों चालकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। घायल चालक विजय कुमार यादव निवासी गोटाटोला बांधाबाजार, मोहला मानपुर और वीरेंद्र निवासी झारखंड का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

दामाद बनाता था चोरी का प्लान, पत्नी और साली के साथ मिलकर की चोरी

भिलाई। यूपी के जौनपुर में रहने वाले नौशाद ने भिलाई में चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया। खास बात ये है कि खुर्सीपार स्थित अपने ससुराल में रहते हुए ड्राइवरी के काम के साथ ही सूने मकानों की रेकी भी करता था। रात के समय अपने साढू के साथ मिलकर चोरी की वारदात करता था। चोरी के जेवरों और अन्य सामान को ठिकाने लगाने का काम उसकी पत्नी नगीना और साली मदीना करती थी। दोनों सगी बहनें चोरी के माल को गिरवी रखने और बेचने का काम संभालती थी। पावर हाउस बाजार स्थित शुभ-लाभ ज्वेलर्स के संचालक दुर्गेश गोस्वामी को भी पुलिस ने चोरी का सोना-चांदी खरीदने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी को पकडऩे के लिये पुलिस ने 1600 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इस मामले में मदीना का पति यानी नौशाद का साढू अभी फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। हाल ही में गुरुनानक नगर, वैशाली नगर, हाउसिंग बोर्ड जामुल, चरोदा, राधिका नगर, पुदुमनगर और बालोद जिले के करहीभदर इलाके में चोरी की वारदातें होने के बाद पुलिस ने करीब 1600 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पूछताछ के दौरान नौशाद ने चोरी की कई घटनाएं करना स्वीकार कर लिया।

बीएसपी के सिंटर प्लांट-3 में 100 मिलियन टन ग्रॉस सिंटर उत्पादन का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के सिंटर प्लांट-3 (एसपी-3) ने स्थापना काल से अब तक 100 मिलियन टन ग्रॉस सिंटर उत्पादन का ऐतिहासिक गौरवपूर्ण कीर्तिमान स्थापित किया है। इस गौरवशाली उपलब्धि के उपलक्ष्य में 14 मई को एसपी-3 कॉन्फ्रेंस हॉल में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष रूप से 100 एमटी उपलब्धि को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाते हुए केक काटकर सफलता का उत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार रहे। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सर्विसेज) तुषार कांत, मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) मनोज कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (एसपी-3 एवं ओएचपी) सजीव वर्गीज, मुख्य महाप्रबंधक (क्वालिटी) राहुल श्रीवास्तव सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

सिंटर प्लांट-3 के मुख्य महाप्रबंधक (एसपी-3 एवं ओएचपी) सजीव वर्गीज और महाप्रबंधक प्रभारी (एसपी-3) राहुल बिजुरकर के कुशल नेतृत्व में यह उपलब्धि अर्जित की। एसपी-3 ने वर्ष 2001 में सिंटर मशीन-1 के कमीशनिंग के साथ अपनी उत्पादन यात्रा प्रारंभ की थी। 8 नवंबर 2014 को सिंटर मशीन-2 के प्रारंभ होने के साथ अपनी उत्पादन क्षमता को और सुदृढ़ किया।

प्रारंभिक उत्पादन स्तर से 100 मिलियन टन ग्रॉस सिंटर उत्पादन तक की यह यात्रा सतत नवाचार, आधुनिकीकरण तथा ऑपरेशन, मेंटेनेंस और सहयोगी विभागों के कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों से संभव हो सकी है। एसपी-3 ने अंतिम 5 मिलियन टन उत्पादन मात्र 302 दिनों में प्राप्त कर उत्पादकता एवं परिचालन उत्कृष्टता में उल्लेखनीय सुधार प्रदर्शित किया है।

समारोह को संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार ने एसपी-3 समूह को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में और अधिक ऊँचाइयों को प्राप्त करने के लिए सुरक्षा, हाउसकीपिंग और गुणवत्ता के तीन प्रमुख स्तंभों पर निरंतर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से सुरक्षित कार्यप्रणाली, कार्यस्थल की स्वच्छता एवं उत्पाद गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का आह्वान किया।

मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सर्विसेज) तुषार कांत ने इस अवसर पर एसपी-3 टीम की सराहना करते हुए कहा कि इस उपलब्धि में योगदान देने वाले सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को स्मरण करना अत्यंत प्रेरणादायी व सराहनीय पहल है।

मुख्य महाप्रबंधक सजीव वर्गीज ने अथक प्रयास, प्रतिबद्धता और टीम भावना की सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में डिजिटलीकरण, डीकार्बोनाइजेशन और नई तकनीकी पहलों के क्रियान्वयन पर निरंतर ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे आने वाले वर्षों में परिचालन दक्षता, स्थिरता एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को और सुदृढ़ किया जा सके। यह समारोह कर्मचारियों के उत्साह और गर्व का प्रतीक रहा।

पॉवर लिफ्टिंग में दुर्ग का जलवा खिलाड़ियों ने जीते 9 स्वर्ण पदक

दुर्ग/नवप्रदेश। पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन छग और सक्ती जिला पॉवर लिफ्टिंग संघ के संयुक्त तत्वाधान में 7 वीं राज्य स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन जिला सक्ती मालखैरादा में किया गया। प्रतियोगिता में दुर्ग के पॉवर लिफ्टरों ने अपना वर्चस्व बरकराकर रखा। टीम ने कुल 9 स्वर्ण पदक, तीन रजत पदक और दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास बनाया है। सभी विजेता खिलाड़ी आगामी माह में महाराष्ट्र में होने वाली राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेंगे। 56 किलोग्राम वर्ग समूह में सब जूनियर जीतेश यादव ने स्वर्ण पदक और शुभम साहू ने रजत पदक, 56 किलोग्राम वर्ग समूह जूनियर में सुभाष यादव ने स्वर्ण और कृष्ण यादव ने रजत पदक, 60 किलोग्राम वर्ग समूह में सब जूनियर प्रभाष नेताम ने स्वर्ण पदक, 60 किलोग्राम वर्ग समूह जूनियर में पूर्वज यादव ने स्वर्ण पदक, 67.5 किलोग्राम वर्ग समूह में मास्टर 2 के खिलाड़ी अरविंद उके ने स्वर्ण पदक और जूनियर वर्ग में तुषार सोनी ने रजत पदक, 75 किलोग्राम के जूनियर वर्ग में ऋषभ यादव ने स्वर्ण पदक और भावेश साहू ने कांस्य पदक, 75 किलोग्राम वर्ग समूह में ज्ञानू चन्देल ने मास्टर 2 में स्वर्ण पदक और 82.5 किलोग्राम वर्ग समूह में चैतराम सिन्हा ने सीनियर व मास्टर की प्रतियोगिता में भाग लेकर 2 स्वर्ण पदक और इसी वर्ग में सीनियर समीर श्रीवास्तव ने कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में सब जूनियर वर्ग के प्रभाष नेताम ने स्ट्रांगमेन ऑफ छत्तीसगढ़ और ऋषभ यादव ने जूनियर वर्ग में स्ट्रांग मेन ऑफ छत्तीसगढ़ का खिताब जीतकर दुर्ग शहर का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी उपलब्धि पर नरेन्द्र पारकर, उदल वाल्मीकी महासचिव, पॉवर लिफ्टिंग एसोसियेशन छ.ग. ने बधाई दी।

विधायक देवेंद्र यादव ने सुनी जनता की समस्याएं अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान खुर्सीपार और छावनी क्षेत्र से बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और गर्मी के मौसम में गहराते जल संकट, कैमिकल युक्त पानी की सप्लाई एवं बिजली संबंधी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया।

समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक देवेंद्र यादव ने तत्काल जोन-4 खुर्सीपार निगम क्षेत्र के अधिकारियों को बुलाकर चर्चा की और पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बिजली आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों पर भी संबंधित विभाग से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने सड़क, सफाई, मूलभूत सुविधाओं और जनसमस्याओं को लेकर भी विधायक को आवेदन सौंपे, जिनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। खिलाडियों और खेल प्रेमियों ने विधायक से मिलकर राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चयन प्रक्रिया को लेकर गंभीर शिकायतें की। खिलाडियों ने आरोप लगाया कि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता का पालन नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि एक निजी अकादमी के 8 लड़कियों और 3 लड़कों का चयन किया गया, जबकि संबंधित अकादमी छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल संघ से मान्यता प्राप्त इकाई नहीं है।

विधायक देवेंद्र यादव ने खिलाडियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा खेल प्रतिभाओं के साथ न्याय सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया।

सीबीएसई बोर्ड में एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

भिलाई/नवप्रदेश। एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-6 भिलाई ने सीबीएसई कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर उत्कृष्ट नतीजे हासिल कर शैक्षणिक श्रेष्ठता को सिद्ध किया है। विद्यालय का यह शानदार प्रदर्शन संस्था की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। परीक्षा में शामिल कुल 390 विद्यार्थियों में से 381 विद्यार्थियों ने सफल होकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। स्कूल इस साल अपने शीर्ष उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों का जश्न गर्व के साथ मना रहा है।

स्कूल के टॉप 5 स्कोरर में अक्षत त्रिपाठी (94.8 प्रतिशत), आंचल शर्मा (94.8 प्रतिशत), मोहुल देवांगन (94.6 प्रतिशत), नंदिता देशमुख (93.2 प्रतिशत) और मन्नत कौशल (93.2 प्रतिशत)। स्ट्रीम-वाइज टॉपरों में विज्ञान संकाय अक्षत त्रिपाठी, वाणिज्य संकाय मन्नत कौशल, ईशिका चौधरी (92.6 प्रतिशत) और मलय गांगराले (92.4 प्रतिशत), मानविकी संकाय में आतिफ शामिल हैं। कुल 17 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए।

स्कूल के प्रबंधक बिशप एच. जी. एलेक्सियोस मार यूसेबियस, उपाध्यक्ष वेरी रेव. गीवार्गीस कोर एपिस्कोपा, संवाददाता सुरेश जेकब, विद्यालय कोषाध्यक्ष सीए रोशन वी. कोशि और विद्यालय प्रबंध समिति के सभी सदस्यों ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ को इस उल्लेखनीय सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएँ दीं। प्राचार्य (कार्यभार) एलिज़ाबेथ अनीता राजन, हेड मिस्ट्रेस सोमी सजीव, शैक्षणिक प्रभारी मीनू जेकब थॉमस और पीपीडब्ल्यू प्रभारी एस. जीना ने भी विद्यार्थियों और शिक्षकों के समर्पित प्रयासों की सराहना करते हुए सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय का यह उत्कृष्ट परिणाम एक बार फिर शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन एवं मूल्य आधारित शिक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

रामनगर शनि मंदिर में आज भव्य शनि जन्मोत्सव

■ महिलाओं के लिए अत्यंत शुभ है वट सावित्री व्रत

भिलाई/नवप्रदेश। रामनगर इंदिरा चौक स्थित शनि मंदिर में आज शनि जन्मोत्सव के भव्य अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मंदिर परिसर को इस अवसर के लिए विशेष रूप से सजाया गया है और तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। दोपहर 2 बजे से भक्तों के लिए महाभोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। यह उत्सव वट सावित्री अमावस्या के दिन मनाया जाता है, जो विशेष रूप से महिलाओं के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। वट सावित्री अमावस्या पर विवाहित महिलाएं वट वृक्ष के नीचे निर्जला व्रत करती हैं और अपने पतियों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना करती हैं। शनि देव का जन्मोत्सव भी इसी दिन पड़ने के कारण धार्मिक और आध्यात्मिक महत्ता और बढ़ जाती है। शनि देव के प्रभाव से जीवन में आने वाली बाधाओं, रोग और कठिनाइयों से मुक्ति पाने के लिए भक्तजन इस दिन विशेष रूप से पूजा करते हैं।

मंदिर के पुजारी ने बताया कि भक्तजन सुबह से ही मंदिर में उपस्थित होकर शनि देव की पूजा, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेंगे। दोपहर में महाभोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा, जिसमें स्थानीय श्रद्धालु शामिल होकर इस शुभ अवसर का आनंद लेंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि शनि देव की पूजा और वट सावित्री अमावस्या का व्रत जीवन में सुख, समृद्धि और मानसिक शांति प्रदान करता है। यह अवसर न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण माना जाता है। विवाहित महिलाएं वट वृक्ष के नीचे निर्जला व्रत करती हैं।

प्रेसवार्ता: खाद की कमी से किसान त्रस्त, देश की जनता महंगाई से परेशान, मोदी सरकार हर मोर्चे पर नाकाम

आम जनता के जख्मों पर नमक छिड़क रही पीएम की अपील: दुबे

दुर्ग/नवप्रदेश। कांग्रेस ने पीएम नरेंद्र मोदी की देशवासियों से हाल ही में की गई अपीलों को लेकर कड़ा प्रहार किया है। राजीव भवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में रायपुर के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने आज भाजपा और मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की अपील आम जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रही हैं। दुबे ने कहा कि आम जनता पहले से महंगाई से परेशान है। ऐसी हालत में प्रधानमंत्री सोना मत खरीदो विदेश यात्रा मत करो जैसी अपील कर रहे हैं, जो कि हास्यास्पद है। उन्होंने जोर देकर कहा कि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो सबसे ज्यादा सोना भाजपा नेताओं और अधिकारियों के पास ही मिलेगा।

उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों से आम आदमी परेशान है। लोग भीषण गर्मी में लंबी कतारों में खड़े होकर ईंधन खरीदने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार के अधिकारी यह कह रहे हैं कि पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। रुपये की गिरती कीमत को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि देश की आर्थिक स्थिति किस दिशा में जा रही है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार कार्यक्रम पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से दौरे कर रहे हैं, जबकि मंत्री, विधायक और अधिकारी सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ घूम रहे हैं। दूसरी ओर प्रधानमंत्री पेट्रोल डीजल बचाने की अपील कर रहे हैं। एक सवाल के जवाब में कांग्रेस नेता ने स्वीकार किया कि भाजपा नरेटिव सेट करने में कांग्रेस से काफी आगे है। चुनाव में काफी बड़ी राशि भाजपा प्रत्याशी खर्च करते हैं। सारे संसाधन भाजपा के पास हैं जिनका दुरुपयोग किया जाता है। यही वजह है कि मोदी सरकार की अनगिनत नाकामियों और लगातार बढ़ती महंगाई के बावजूद भाजपा चुनाव जीत रही है। प्रमोद दुबे ने आरोप लगाया कि पांच राज्यों के चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने दावा किया था कि देश में पेट्रोल-डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और कीमतें नहीं बढ़ेंगी। चुनाव खत्म होते ही पेट्रोल-डीजल के दामों में अचानक 3.14 रुपए की वृद्धि कर दी गई, जिससे महंगाई और बढ़ गई है। दुबे ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 75 दिन पहले ही संभावित संकट को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी थी, लेकिन केंद्र सरकार ने कोई गंभीर पहल नहीं की और केवल चुनावी राजनीति में व्यस्त रही। प्रेस कांफ्रेंस में धीरज बाकलीवाल दुर्ग शहर अध्यक्ष, मुकेश चंद्राकर भिलाई शहर अध्यक्ष सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

सुशासन तिहार में उमड़ा जनसैलाब, शिकायतों के त्वरित निराकरण पर जोर

विधायक ईश्वर साहू बोले – जनता तकलीफ में रही तो अधिकारी भी चैन से नहीं बैठेंगे

धमधा/नवप्रदेश। ईश्वर साहू ने धमधा विकासखंड के ग्राम राजपुर में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम में आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण पर जोर देते हुए कहा कि यदि जनता तकलीफमें रहेगी तो वे स्वयं भी तकलीफ में रहेंगे और अधिकारी भी जवाबदेही से बच नहीं पाएंगे।

बीते शुक्रवार आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ईश्वर साहू मौजूद रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन शर्मा ने की। स्कूल परिसर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं आवेदन के रूप में स्वीकार कीं और कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

कार्यक्रम में रिकॉर्ड संख्या में आवेदन प्राप्त हुए। राजस्व विभाग में 78 शिकायतें दर्ज की गईं, वहीं जनपद पंचायत से जुड़े 329 आवेदन प्राप्त हुए। विद्युत विभाग में भी 32 आवेदन जमा किए गए।

विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि भाजपा सरकार के सुशासन मॉडल के कारण अब आम लोगों को अधिकारियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं, बल्कि अधिकारी स्वयं गांवों में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दे रही है।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने मंच से ही विभिन्न विभागों के आवेदनों की समीक्षा की और अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रशांत अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष रमन लाल यादव, मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट, दिलीप गुप्ता, रोहित राजपूत, धरमपाल वर्मा, सागर वर्मा, बनऊ वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि,जिला मंत्री भाजयुमो वीर ताम्रकार ,चुम्मन साहू, कौशल साहू, देवनाथ सिन्हा, जितेंद्र साहू, योगेश बंजारे, मनोज साहू और छत्रपाल चंदेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर गंभीर अनियमितताएं, सुशासन तिहार में उठे सवाल

छुरा/ नवप्रदेश। नगर पंचायत छुरा में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) को लेकर गंभीर अनियमितताओं और पक्षपात के आरोप सामने आए हैं। छत्तीसगढ़ शासन के फ्रसुशासन तिहारफ्र के दौरान स्थानीय नागरिकों और वार्डवासियों ने आरोप लगाया कि पात्र गरीब परिवारों को योजना से वंचित कर पक्के मकान और पूर्व में इंदिरा आवास प्राप्त लोगों को भी आवास स्वीकृत किया गया। कुछ परिवारों में एक ही घर के तीन-चार सदस्यों के नाम पर अलग-अलग आवास मंजूर होने की बात भी कही गई है।

लोगों ने दुर्गा माता की शपथ लेकर बयान दिया कि गरीबी रेखा राशन कार्ड होने के बावजूद कई जरूरतमंद परिवारों के नाम सूची से बाहर कर दिए गए, जबकि सक्षम लोगों को लाभ दिया गया। अत्यधिक पक्षपात हुआ ।

18 गांवों से पहुंचे लोग, 1600 से अधिक आवेदन मिले, मौके पर कई मामलों का निराकरण

मुढ़ीपार समाधान शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

■ प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल ने अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

महासमुंद/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के अंतर्गत शुक्रवार को पिथौरा विकासखंड की ग्राम पंचायत मुढ़ीपार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं बसना विधायक संपत अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का प्रभारी मंत्री श्री बघेल एवं अतिथियों ने अवलोकन किया। इस दौरान मंत्री श्री बघेल ने विभागवार प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की जानकारी ली तथा अधिकारियों को आम जनता की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर में प्राप्त शिकायतों एवं मांगों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए तथा लंबित मामलों का समय-सीमा में समाधान हो।

समाधान शिविर में 18 ग्रामों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। लोगों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और विभिन्न विभागों में अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में 1600 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश : शिविर को संबोधित करते हुए खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि राज्य सरकार आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है और किसानों को समय पर खाद उठाव करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है।

गांव, गरीब और किसानों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सांसद : सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंच रहा है।

उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष खुलकर रखने की अपील की। सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा कि गांवों में सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने तथा युवाओं को स्वरोजगार योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित निगरानी पर जोर

मंत्री श्री बघेल ने आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को नियमित औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों एवं महिलाओं को मिलने वाले पोषण आहार, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य सेवाओं की सतत निगरानी आवश्यक है। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी रूप से पहुंचे, यह सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

हितग्राहियों को वितरित किए गए लाभ

शिविर में राजस्व, कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, खाद्य, शिक्षा तथा सामाजिक कल्याण विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। कई हितग्राहियों को मौके पर प्रमाण पत्र, स्वीकृति पत्र एवं अन्य लाभ वितरित किए गए।

सुशासन तिहार बना जनता की उम्मीद समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान

छुरा /नवप्रदेश। प्रदेश सरकार की जनहितकारी सोच एवं सुशासन तिहार अभियान का असर अब ज़मीन पर दिखाई देने लगा है। नगर पंचायत छुरा में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में आम जनता अपनी समस्याएँ सीधे प्रशासन और जनप्रतिनिधियों तक पहुँचा रही है तथा समस्याओं का त्वरित निराकरण लगातार किया जा रहा है।

वार्ड क्रमांक 05 गादीकोट में लंबे समय से पेयजल समस्या से परेशान वार्डवासी शिविर में पहुँचे। जानकारी मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद जी ने तत्काल मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए, जिसके बाद तेजी से कार्रवाई करते हुए बोर खनन कार्य पूर्ण कराया गया। समस्या के समाधान से खुश वार्डवासियों ने अध्यक्ष एवं नगर पंचायत टीम का आभार जताया। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 04, 03, 02, गढ़िया पारा एवं आवास पारा से भी पेयजल संकट की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। अध्यक्ष ने वार्डवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी प्रभावित क्षेत्रों में जल्द से जल्द पेयजल व्यवस्था सुधारने हेतु युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। जहाँ आवश्यकता होगी वहाँ बोर खनन, पाइपलाइन सुधार एवं वैकल्पिक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएंगी। वहीं सुशासन तिहार शिविर में कई स्थानों पर लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट की शिकायतें भी सामने आईं। अध्यक्ष के निर्देश पर जहाँ-जहाँ शिकायत प्राप्त हो रही है, वहाँ तत्काल नई स्ट्रीट लाइट लगाने एवं मरम्मत कार्य तेजी से किया जा रहा है। जनता ने प्रदेश सरकार, नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पूरी टीम की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि अब समस्याओं का समाधान तेजी से हो रहा है और प्रशासन जनता के बीच पहुँचकर कार्य कर रहा है।

बोर खनन के अवसर पर पार्षद देवसिंग नेताम,परमानंद महराज, एवं वार्ड वासी उपस्थित रहे।

पेंशन हितग्राहियों को डीएलसी सत्यापन करना अनिवार्य

गरियाबंद/नवप्रदेश। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना के सभी हितग्राहियों के लिए डी.एल.सी. सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डीपी ठाकुर ने बताया कि हितग्राही अपने ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, नगर पालिका, नगर पंचायत कार्यालय से संपर्क कर एंड्रॉइड मोबाइल के प्ले स्टोर पर उपलब्ध बेनिफिसरी सत्यापन एप के माध्यम से डी.एल.सी. सत्यापन करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त हितग्राही मोबाइल एप डाउनलोड कर पंजीयन के बाद अपना सत्यापन स्वयं कर सकते हैं। जिन हितग्राहियों का सत्यापन अभी शेष है, वे समय रहते प्रक्रिया पूर्ण कर लें। जिससे उन्हें नियमित रूप से पेंशन राशि प्राप्त होती रहे। उन्होंने हितग्राहियों से अपील की है कि वे शीघ्र अपना सत्यापन पूर्ण करा लें, ताकि पेंशन राशि के भुगतान में किसी प्रकार की समस्या न हो।

आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर में प्रवेश के लिए पंजीयन प्रारंभ

गरियाबंद/नवप्रदेश। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत संचालित आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर, गरियाबंद में कक्षा 6वीं से 12वीं तक प्रवेश के लिए प्रतिभावान खिलाड़ी विद्यार्थियों से बैटरी टेस्ट के लिए पंजीयन प्रक्रिया 14 मई 2026 से प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक एवं पात्र खिलाड़ी निर्धारित अवधि में अपना पंजीयन करा सकते हैं। विद्यार्थियों का चयन खेल दक्षता एवं शारीरिक क्षमता के आधार पर आयोजित बैटरी टेस्ट के माध्यम से किया जाएगा। विभाग द्वारा बैटरी टेस्ट की संभावित तिथि जून 2026 निर्धारित की गई है। जिसकी विस्तृत जानकारी पृथक से जारी की जाएगी।

पंजीयन के समय अभ्यर्थियों को पूर्व वर्ष की अंकसूची एवं आधार कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करनी होगी। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्री लोकेश्वर पटेल ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है। बैटरी टेस्ट की तिथि, समय एवं अन्य आवश्यक जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, जिला गरियाबंद से प्राप्त की जा सकती है।

रेत घाट में खड़ी मशीनों में आगजनी और तोड़फोड़

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के लाफिन खुर्द स्थित सूखा नदी रेत घाट में खड़ी भारी मशीनों को अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाते हुए एक चेन माउंटेन मशीन में आग लगा दी, जबकि दूसरी मशीन में जमकर तोड़फोड़ की। घटना में 56 लाख रुपए से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 29 आदर्श नगर महासमुंद निवासी कुंदन साव ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि लाफिन खुर्द रेत घाट का टेंडर शालिनी सिंह के नाम से शासन द्वारा आबंटित किया गया है, जिसका संचालन वह कर रहे हैं। 12 मई की शाम करीब 6 बजे सूखा नदी रेत घाट के ऊपर खेत में दो टाटा हिताची चेन माउंटेन मशीनें ब्रेकडाउन होने के कारण खड़ी की गई थीं।

इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने टाटा हिताची चेन माउंटेन मशीन क्रमांक एसपी20-30193 में आग लगा दी, जिससे मशीन पूरी तरह जलकर खाक हो गई। इस घटना में लगभग 55 लाख 50 हजार रुपए का नुकसान बताया गया है। वहीं दूसरी मशीन क्रमांक एसपी20-65029 के केबिन के शीशे तोड़ दिए गए, जिससे करीब 50 हजार रुपए की क्षति हुई है।

स्वच्छता दीदियों ने रखीं समस्याएं, पालिका अध्यक्ष ने दिया शीघ्र समाधान का आश्वासन

■ एसएलआरएम सेंटर में संसाधनों और सुरक्षा उपकरणों की मांग, कार्यस्थल की सुविधाएं बढ़ाने पर जोर

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत संचालित एसएलआरएम सेंटर में कार्यरत स्वच्छता दीदियों ने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू से मुलाकात कर कार्य के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान स्वच्छता दीदियों ने सेंटर में आवश्यक संसाधनों, सुरक्षा उपकरणों एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी की जानकारी देते हुए शीघ्र व्यवस्था किए जाने की मांग रखी। स्वच्छता दीदियों ने बताया कि वे प्रतिदिन कचरा पृथक्करण एवं सफाई कार्य करती हैं, जिसके दौरान उन्हें कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कार्यस्थल पर पर्याप्त सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराने, आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था करने तथा कचरा परिवहन में उपयोग होने वाले वाहनों की समय पर मरम्मत कराने की मांग की। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने स्वच्छता दीदियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं संबंधित समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता दीदियां नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और उनके हितों व सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

घर में घुसने का विरोध करने पर महिला से मारपीट

बहन-बहनोई पर मामला दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के पटेवा थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ मारपीट और गाली-गलौच का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने उसकी बहन और बहनोई के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चांदापारा पिथौरा निवासी ताहिरा बी (50) पति स्वर्गीय जहीब मोहम्मद पिछले 10-12 वर्षों से अपने मायके ग्राम सिनोधा में अपने बच्चों के साथ रह रही है। ताहिरा बी ने पुलिस को बताया कि वह 5 मई से 10 मई तक अपने बड़े पिताजी के बेटे मोहम्मद हबीब के घर आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गई हुई थी।

घर लौटने पर मिला बहन-बहनोई का कब्जा

पीड़िता के अनुसार 10 मई की रात जब वह वापस अपने घर पहुंची तो घर के अंदर उसकी छोटी बहन जाहिना बेगम और बहनोई छबिराम दीवान मौजूद थे। ताहिरा ने बिना पूछे घर में घुसने का विरोध किया तो दोनों कथित रूप से नाराज हो गए।

आरोप है कि छबिराम दीवान ने गाली-गलौच शुरू कर दी, वहीं जाहिना बेगम ने ताहिरा के बाल पकड़कर उसे जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद दोनों ने मिलकर हाथ-मुक्कों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

रिश्तेदारों के साथ पहुंची पीड़िता

घटना के बाद ताहिरा बी अपने रिश्तेदार मोहम्मद हबीब के घर पहुंची और पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद नब्बू, जंगु, हबीब और शहनाज बेगम के साथ वह दोबारा अपने घर पहुंची, जहां आरोपियों को समझाने का प्रयास किया गया। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान छबिराम दीवान ने ÷अब यह मेरी पत्नी जाहिना का घर है, हम दोनों यहीं रहेंगे÷ कहते हुए वहां मौजूद लोगों से भी गाली-गलौच की तथा जान से मारने की धमकी दी।

उधारी की रकम वसूली के लिए युवक का अपहरण, छह आरोपी गिरफ्तार

■ सरायपाली पुलिस की त्वरित कार्रवाई, नाकेबंदी कर अपहृत युवक को छुड़ाया

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले की सरायपाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उधारी की रकम वसूली के लिए एक युवक का अपहरण कर उसे ओडिशा ले जा रहे छह आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने अपहृत युवक को आरोपियों के कब्जे से सुरक्षित मुक्त कराते हुए घटना में प्रयुक्त कार भी जब्त कर ली है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 14 मई 2026 को थाना सरायपाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कार क्रमांक ओडी-17 एजी-7735 में कुछ अज्ञात व्यक्ति हुंडई शोरूम के पास से एक युवक का अपहरण कर उसे लेकर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही सरायपाली पुलिस तत्काल सक्रिय हुई और चारों ओर नाकेबंदी कर वाहन की तलाश शुरू कर दी।

मुखबिर के बताए अनुसार संदिग्ध कार दिखाई देने पर पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की। कार में सवार व्यक्तियों ने अपने नाम देबार्चन मलिक, राजेश मलिक, रंजन प्रधान, भागीरथी बेहरा, बंशीधर बंछोर तथा कुनु बाघ बताए। पूछताछ में पता चला कि सभी आरोपी ओडिशा एवं सारंगढ़ क्षेत्र के निवासी हैं।

पुलिस ने कार से निरंजन दास (32 वर्ष) निवासी चट्टीगिरोला, थाना सरायपाली को मुक्त कराया। पीड़ित ने बताया कि उसने पूर्व में देबार्चन मलिक से साढ़े तीन लाख रुपए उधार लिए थे, जिसमें से 50 हजार रुपए वापस कर दिए गए थे। शेष रकम की वसूली के लिए आरोपी अपने साथियों के साथ जबरन उसे कार में बैठाकर ओडिशा की ओर ले जा रहे थे। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उसका मोबाइल छीनकर बंद कर दिया था तथा उसे जान से मारने और हत्या कर देने की धमकी भी दी जा रही थी। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ थाना सरायपाली में बीएनएस की धारा 296, 351(2), 140(3) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

संयुक्त बैठक : किसानों, महिला समूहों और विद्यार्थियों के लंबित ऋण प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश

बैंकिंग योजनाओं की समीक्षा, किसानों को जरूरत के अनुसार मिले ऋण

महासमुंद/नवप्रदेश। विनय कुमार लंगेह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति, जिला स्तरीय रिव्यु समिति एवं जिला स्तरीय आरसेटी परामर्शदात्री समिति की संयुक्त बैठक लेकर जिले में संचालित विभिन्न बैंकिंग योजनाओं एवं ऋण प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में वार्षिक जिला साख योजना, सीडी रेशियो, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, शैक्षिक ऋण, डेयरी एवं मत्स्य पालन ऋण तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने निर्देश दिए कि किसानों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सरल एवं सुगम प्रक्रिया के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सहकारी बैंक एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अधिकारियों को किसान क्रेडिट कार्ड, छोटे व्यवसायियों के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना तथा स्वरोजगार योजनाओं से जुड़े लंबित ऋण प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

महिला स्व-सहायता समूहों को प्राथमिकता देने के निर्देश

कलेक्टर ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़े महिला स्व-सहायता समूहों के लंबित ऋण मामलों को प्राथमिकता से स्वीकृत करने पर जोर देते हुए कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महिला समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके अलावा उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार शैक्षिक ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश भी संबंधित बैंक अधिकारियों को दिए गए।

आरसेटी के माध्यम से युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण से जोड़ने पर जोर: बैठक में कलेक्टर ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को अधिक से अधिक रोजगारोन्मुखी आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों का चयन स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सके।

दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक बैंकिंग सुविधा पहुंचाने के निर्देश

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जन-धन योजना, आधार-मोबाइल सीडिंग एवं रुपे कार्ड वितरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना के सभी हितग्राहियों के बैंक खाते खोलने और खातों को आधार से लिंक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक भी सहज बैंकिंग सुविधा पहुंचना आवश्यक है।

वित्तीय साक्षरता और साइबर सुरक्षा पर विशेष जोर

कलेक्टर श्री लंगेह ने बैंकों को नकद जमा अनुपात 60 प्रतिशत तक बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि बैंकिंग सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने वित्तीय साक्षरता शिविरों के नियमित आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। साथ ही आम नागरिकों को साइबर फ्रॉड से बचाव एवं सुरक्षित बैंकिंग के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए।

ठेलका में लगा शिविर, विधायक ईश्वर ने हितग्राहियों को सौंपी खुशियों की चाबी

धमधा साजा। जनपद पंचायत साजा अंतर्गत ग्राम पंचायत ठेलका में 'सुशासन तिहार के तहत जन समस्या निवारण शिविर एवं 'संवाद से पूर्ण समाधान' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिविर का उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना, ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान करना और प्रशासन और आमजन के बीच संवाद को मजबूत बनाना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं और मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं। प्रशासनिक सुगमता और अधिक से अधिक ग्रामीणों तक पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन क्लस्टर मॉडल के तहत किया गया। कार्यक्रम में विधायक ईश्वर साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपने पक्के मकान का निर्माण पूर्ण कर चुके चयनित हितग्राहियों को खुशियों की चाबी के रूप में प्रतीकात्मक चाबी भेंट की। वर्षों से पक्के घर का सपना संजोए परिवारों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। विधायक साहू ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार गरीब परिवारों को सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और हर पात्र परिवार को आवास उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

नपा व त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए सामान्य प्रेक्षक नियुक्त

कवर्धा। नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन मई-2026 के संचालन और प्रेक्षण कार्य के लिए जिला कबीरधाम के नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के अध्यक्ष पद और त्रिस्तरीय पंचायतों के रिक्त पंच व सरपंच पदों के उप निर्वाचन के लिए लक्ष्मण सिंह (आई.एफएस. 2010), उप वन संरक्षक (रोकड़), प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख कार्यालय, छत्तीसगढ़ अरण्य भवन, नवा रायपुर अटल नगर और अतिरिक्त प्रभार संयुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी (कैम्पा), अरण्य भवन, नवा रायपुर को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक के लाईजनिंग व्यवस्था हेतु शिवेन्द्र भगत उप वनमण्डलाधिकारी सहसपुर लोहारा को लाईजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

बैगा अंचल को शिक्षा की नई सौगात, उप मुख्यमंत्री ने 50 सीटर छात्रावास भवन का किया भूमिपूजन

■ **विशेष पिछड़ी जनजाति के छात्रों के लिए 1.82 करोड़ की लागत से तैयार होगा छात्रावास, शिक्षा और विकास को मिली नई रफ्तार**

कवर्धा/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड के बैगा बाहुल्य ग्राम सिंघारी में विशेष पिछड़ी जनजाति के विद्यार्थियों के लिए प्रस्तावित 50 सीटर छात्रावास भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। लगभग 1 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से बनने वाला यह छात्रावास क्षेत्र के विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा के साथ बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराएगा।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजातियों के बच्चों तक शिक्षा की सुविधाएं पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल व्यक्तिगत विकास का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और क्षेत्र की प्रगति का आधार भी है। ऐसे क्षेत्रों में छात्रावासों की सुविधा मिलने से विद्यार्थियों की पढ़ाई नियमित होगी और उन्हें बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

उन्होंने कहा कि बैगा समाज प्रदेश की सांस्कृतिक परंपरा और पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार की कोशिश है कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और वन क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों को भी शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आधारभूत सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि कई बार दूरस्थ गांवों के बच्चों को स्कूल और आवास की कठिनाइयों के कारण पढ़ाई बीच में छोडऩी पड़ती है, लेकिन छात्रावास बनने से विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण और आवश्यक सुविधाएं मिल सकेंगी।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने ग्रामीणों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षित युवा ही आने वाले समय में समाज और क्षेत्र के विकास की मजबूत नींव बनेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार जनजातीय अंचलों में अधोसंरचना विकास, सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर विशेष प्राथमिकता के साथ काम कर रही है।

कार्यक्रम में कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जनपद अध्यक्ष बालका राम किंकर वर्मा, उपाध्यक्ष जिला पंचायत कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नंद श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य रूपा राजकुमार धुर्वे, लोकचंद साहू, मनीराम साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि और विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

टेड़ेसरा-सोमनी क्षेत्र में पेट्रोल संकट गहराया, कई पंप बंद, लोग परेशान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। टेड़ेसरा और सोमनी क्षेत्र में इन दिनों पेट्रोल-डीजल की किल्लत से आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। हाईवे किनारे स्थित कई पेट्रोल पंप बंद हो गए हैं। वाहन चालकों को ईंधन के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। रोज आने-जाने वाले लोग और दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। क्षेत्र के कई पेट्रोल पंपों में पेट्रोल और डीजल की सप्लाई बंद होने की जानकारी मिली है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ पंप संचालक ब्लैक में बिक्री करने की मंशा से पंप बंद कर दिये हैं। जिला प्रशासन द्वारा ठोस ध्यान न देने के कारण पेट्रोल पंप संचालकों की मनमानी बढ़ गई है। सोमनी क्षेत्र में एक निजी दुकान में अवैध रूप से पेट्रोल बेचे जाने की भी चर्चा है। यहां मोटरसाइकिल चालकों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। मजबूरी में लोग अधिक कीमत देकर पेट्रोल खरीदने को विवश हैं। पेट्रोल-डीजल की कमी से आमजन, किसान और रोजमर्रा कामकाज करने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर क्षेत्र में नियमित ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा अवैध बिक्री पर कार्रवाई की मांग की है।

जिले में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक अफवाहों पर ध्यान न दें : कलेक्टर

जिले में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की घबराहट या अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने स्पष्ट किया है कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों में उपभोक्ताओं की मांग और खपत के अनुसार लगातार आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिले में कुल 130 पेट्रोल पंप संचालित हैं। वर्तमान में जिले में पेट्रोल का 651 किलोलीटर और डीजल का 655 किलोलीटर स्टॉक उपलब्ध है, जो सामान्य आवश्यकता से अधिक बताया जा रहा है। प्रशासन के अनुसार जिले में वर्तमान समय में लगभग 5 दिनों की जरूरत से ज्यादा ईंधन का भंडारण मौजूद है। प्रशासन ने बताया कि पिछले दो दिनों से प्रदेश भर में पेट्रोल पंपों के ड्राई आउट होने की अफवाहों के चलते लोगों ने जरूरत से ज्यादा पेट्रोल और डीजल की खरीदारी शुरू कर दी।

हफ्तेभर में पूरा करें वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का बचा काम : कलेक्टर

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज गुरूर विकासखंड के ग्राम धनोरा में जल जीवन मिशन के तहत समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कर एक सप्ताह के भीतर सभी कंपोनेंट का अनिवार्य परीक्षण (टेस्टिंग) सुनिश्चित किया जाए। समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत धनोरा स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से शीघ्र ही कुल 27 गांवों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि यह परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मौके पर उपस्थित अधिकारियों से प्लांट के प्रत्येक घटक की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने प्लांट के नक्शे का अवलोकन करते हुए निर्माण कार्य की स्थिति और योजना में शामिल गांवों की जानकारी भी प्राप्त की। अधिकारियों ने बताया कि दोनों एमबीआर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा केवल टेस्टिंग का कार्य शेष है। प्लांट की कुल क्षमता 4.5 एमएलडी है। अधिकारियों के अनुसार 230 किलोलीटर एमबीआर से 13 गांवों को जल आपूर्ति, 290 किलोलीटर एमबीआर से 14 गांवों को जल आपूर्ति होगी।

रेंगाडबरी में पुतला का नाम विष्णु, पुतली का नाम लक्ष्मी रखकर रचा विवाह

■ **बारिश के लिए अनोखी परंपरा**

बालोद/नवप्रदेश। डौण्डी लोहारा ब्लॉक के रेंगाडबरी (सेठ पारा) में बुधवार और गुरुवार को बारिश की कामना के लिए अनोखी और पारंपरिक लोक-आस्था आधारित पुतला-पुतली विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। यहां पुतला का नाम विष्णु और पुतली का नाम लक्ष्मी रखकर पूरे रीति-रिवाज और धार्मिक आस्था के साथ विवाह रचाया गया।

ग्रामीणों की मान्यता है कि लंबे समय तक वर्षा न होने पर पुतला-पुतली का विवाह कराने से इंद्र देवता प्रसन्न होते हैं और झमाझम बारिश होती है। इसी आस्था के तहत ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से चंदा एकत्र कर इस परंपरा को निभाया।

बाजे-गाजे और नाच-गान के साथ निकली बारात

कार्यक्रम में मयार नाचा, बाजे-गाजे और पारंपरिक गीतों के साथ पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा। बारात सेठ पारा से बाजार चौक तक नाचते-गाते, पटाखे फोड़ते हुए निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। महिलाओं ने विवाह गीत गाकर माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया।

ढेड़हा-ढेड़हीन ने निभाई सभी रस्में

विवाह में पारंपरिक रूप से ढेड़हा मनोज कुमार मंडावी एवं ढेड़हीन कोमिन बाई मंडावी ने सभी रस्में निभाईं।

हल्दी, मंडप, भांवर से लेकर विदाई तक की सभी रस्में विधिवत संपन्न हुईं। पुतली लक्ष्मी को दुल्हन की तरह सजाया गया, जबकि पुतला विष्णु को दूल्हे के रूप में तैयार किया गया। रात्रि में टिकावन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लड्डू, पूड़ी, खीर और सामूहिक भोजन की व्यवस्था की गई।

ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी

इस अनोखे आयोजन में आसपास के मोहल्ले और गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन को सफल बनाने में धनेश देशमुख, चन्द्रलेखा देशमुख, भुनेश्वर, चेतना बाई, बंसीधर आर्य, चित्ररेखा आर्य, धिराज, मथुरा बाई नायक, नरेश, रेशिम बाई नायक, रूखमणी नायक, प्रकाश, बिमला बाई सिन्हा, चंद्रहास, नमिता नायक, सुनिता बाई नायक, रोहणी बेल, चंदन, त्रिवेणी बाई देशमुख, रुद्र नारायण देशमुख, रंजीत मंडावी सहित समस्त ग्रामीणों का सहयोग रहा। नेमन साहू ने बताया कि यह आयोजन केवल एक सामाजिक परंपरा नहीं, बल्कि ग्रामीण आस्था, एकजुटता और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक बन गया। ग्रामीणों का विश्वास है कि इस प्रकार की परंपरा से गांव में सुख-समृद्धि और अच्छी वर्षा होती है।

न्यायालय तहसीलदार भिलाई 03 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- भिलाई-3 प.ह.न. 00012 कुम्हारी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण आर.डी. 202526430217200050

तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00012 के अंतर्गत ग्राम कुम्हारी के वर्तमान भूमिस्वामी कुमुन्दनी ध प ग्लोडवीनमसीह पिता/पति पता-कुम्हारी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 180/6(0.0610) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता राकेश मसीह पिता/पति ग्लैंडवीन मसीह पता-एम आई जी 118, वार्ड नं.45, पदमनाभपुर दुर्ग, निलेश मसीह पिता/पति ग्लैडवीन मसीह पता एमआईजी 118 वार्ड नं. 45 पदमनाभपुर दुर्ग, रश्मि भेलवा पिता/पति विपिन भेलवा पता एमआईजी 118 वार्ड नं.45 पदमनाभपुर दुर्ग, जुही पीटर पिता/पति निश्चल मसीह पता एमआईजी 118 वार्ड नं.45 पदमनाभपुर दुर्ग, निश्चल मसीह पिता/पति ग्लैडवीन मसीह पता एमआईजी 118, वार्ड नं.45, पदमनाभपुर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27/05/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.05.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, उपतहसील भिलाई -3(छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202605104000031 /अ-05/वर्ष 2025-26
ग्राम मुड़पार, प.ह.न. 04

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका भगवती पति शशि कुमार एवं अन्य, साकिन मुडपार तहसील अहिवारा व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 89 अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर मौजा मुड़पार, प.ह.न. 04 रा.नि.मं. अहिवारा, तहसील अहिवारा स्थित भूमि पुराना खसरा नंबर 361 का दु. रकबा 1.619 हे. पंजीकृत विक्रय विलेख दिनाँक 11.02.1980 को विक्रेता भुलू पिता चुरावन खुद व खास मुख्तयार तरफसे भी मुख्तयार मेकरी पति चुरामन वो हरिचंद पिता चुरामन कुर्मी निवासी चेटुवा से क्रय किया गया था, जिसका नामांतरण पंजी सरल क्रमांक 61 में दिनांक 11.07.1981 में आदेश पारित कर प्रमाणीकरण पश्चात खसर नंबर 361/2 रकबा 1.619 है. 4 एकड़ भूमि नया खसरा नंबर 569 रकबा 1.09 हे. भूमि आवेदकगण का नाम दर्ज था। उक्त भूमि का बंदोबस्त उपरांत नया खसरा नंबर 569 बना है जिसमें रकबा 1.09 हे. दर्ज किया गया है, जिसका वर्तमान खसरा नंबर 569/1 रकबा में रकबा 0.8095 है. 2 एकड़ एवं खसरा नंबर 569/2 रकबा 0.8095 हे. 2 एकड़ राजस्व अभिलेख में दर्ज है। इस प्रकार रकबा में की कमी होने से बंदोबस्त त्रुटि सुधार करने हेतु इस न्यायालय में अनुरोध कर वादभूमि का बैनामा, खसरा पांचशाला, नजरी नक्शा, अधिकार अभिलेख पंजी, रिनंबरिंग सूची, आदि दस्तावेज की सत्यापित छायाप्रति छायाप्रति संलग्न कर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 29.05.2026 को या उसके पूर्व कार्यालयीन दिवस को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर — तहसीलदार, अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)
आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पुरूषोत्तम हुद्दार आ.स्व.ए.जे. हुद्दार, निवासी-एम.आई.जी. 679 पद्मनाभपुर, जिला-दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक एम.आई.जी.-679, पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस/वारिसानों श्री अजित हुद्दार आ.स्व. पुरूषोत्तम हुद्दार ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक एम.आई.जी. 679, पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग (छ.ग.) को श्री अजित हुद्दार के नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. पुरूषोत्तम हुद्दार, के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।

अतः श्री अजित हुद्दार के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 12.05.2026 को जारी किया गया।

सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग)

नाम-परिवर्तन

मैं श्याम रानी पति स्व. ध्रुव नारायण अग्रवाल उम्र 75 वर्ष, (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) निवासी म.क्र. 216/2, चंडी मंदिर रोड, पंचमुखी हनुमान मंदिर पास ब्राम्हण पारा दुर्ग, वार्ड नं. 06, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम श्याम रानी पति स्व. ध्रुव नारायण अग्रवाल (पुराना नाम) से बदलकर श्याम रानी अग्रवाल पति स्व. ध्रुव नारायण अग्रवाल (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
श्यामरानी
पति स्व. ध्रुव नारायण अग्रवाल
निवासी म.क्र. 216/2, चंडी मंदिर रोड, पंचमुखी हनुमान मंदिर पास ब्राम्हण पारा वार्ड नं. 6 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202605100800008 /ब-121/वर्ष 2025-26
ग्राम धमधा, प.ह.न. 15

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक कौशल साहू पिता स्व. दुर्गा साहू वगै, निवासी परसबोड़, तहसील धमधा, जिला-दुर्ग द्वारा फौती नामांतरण का आवेदन पेश किया गया है। कि मौजा ग्राम धमधा, प.ह.नं. 15, तहसील धमधा, जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1946, 1957, 1961, 1962, 1963, 1964, 2154, 2155, 2343, 2378/6 रकबा क्रमशः 0.18, 0.09, 0.24, 0.14, 0.11, 0.13, 0.05, 0.07, 0.20, 0.20 कुल खसर 10 फूल रकबा 1, 41 है. भूमि दुर्गो पिता पूरन के नाम पर दर्ज है। जिनकी दिनांक 08/10/2025 को मृत्यु हो जाने के पश्चात् आवेदक आवेदन पत्र के साथ अन्य दस्तावेज संलग्न कर उक्त भूमि पर से भूमिस्वामी स्व. दुर्गा पिता पूरन का नाम को खाते से विलोपित कर उनके चारित्सान (पुत्र) 1. कौशल साहू पिता स्व. दुर्गा साहू, 2 चंदुलाल साहू पिता स्व. दुगों साहू, (पुत्री) कुसुम बाई पिता स्व. दुर्गा साहू, एवं (पत्नी) देवन्तीन बाई साहू पति स्व दुर्गा साहू के नाम पर दर्ज करने का निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त प्रश्नाधीन वाद भूमि के संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 20.05.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, धमधा जिला दुर्ग(छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202605100800080 /अ-06/वर्ष 2025-26
ग्राम खिलोराखुर्द, प.ह.न. 10

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है. कि आवेदक खुमान सिंह पिता स्व. राम्हू निवासी खिलोराकला, तहसील भमधा, जिला-दुर्ग द्वारा फौती नामांतरण का आवेदन पेश किया गया है। कि मौजा ग्राम खिलोराखुर्द, प.ह.नं. 10. तहसील धमधा, जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 19/3, 19/6, 60/260/1 कुल खसर 04 कुल रकबा 1.01 है. भूमि राम्ह्र पिता प्रतापसिंह के नाम पर दर्ज है। जिनकी दिनांक 28/09/2025 को मृत्यु हो जानें के पश्चात् आवेदक आवेदन पत्र के साथ अन्य दस्तावेज संलग्न कर उक्त भूमि पर से भूमिस्यामी स्व. राम्हू पिता प्रतापसिंह की नाम को विलोपित कर उनके वारितान पुत्र खुमान पिता स्व. राम्हू पुत्री 1. दामिनी पिता स्व. राम्हू 2. राधा पिता स्व. रान्हू 3. देविका पिता स्व. राम्तु एवं पत्नी सतवंतीन बाई पति स्व. राम्तू के नाम पर दर्ज करने का निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त प्रश्नाधीन वाद भूमि के संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 21.05.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, धमधा जिला दुर्ग(छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202605103800012 /अ-20(1)/ वर्ष 2025-26

आवेदक मोहम्मद मुनव्वर बेग आ. स्व0 मसूद बेग निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा न 1/2.2/2 का टु, प्लाट नं. एम.आई.जी.-2/128 क्षेत्रफल 160 वर्गमीटर भूमि आवेदक के पिता मसूद बैग आ. स्व. महमूद बेग को भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई द्वारा आबंटित किया गया है। आबंटिती मसूद बेग की मृत्यु दिनांक 14.09.2006 को एवं उनकी पत्नी अजीजा खातून की मृत्यु दिनांक 04.08 1987 को हो चुकी है। मृतक आबंटिती के एकमात्र वारिसान पुत्र आवेदक मोहम्मद मुनव्वर बेग पि0 स्व0 मसूद बेग है। इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं है। आवेदक द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड को मृतक आबंटिती के वारिसान के नाम पर नामान्तरण करते हुए नवीन पटटा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.05.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.04.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202605103800015 /अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक चन्द्रप्रकाश शर्मा आ.स्य0 बी0एल0 चौबे निवासी आमदी नगर हुडको मिलाई जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडकी स्थित नजूल भूमि ख नं 1/2, 2/2 भूखंड क. एच.आई.जी. 87 क्षेत्रफल 330 वर्गमीटर भूमि धारक बीना गांधी पति संजय गांधी, जतिन गांधी आ. संजय गांधी के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त भूखण्ड पंजीकृत बैनामा दिनांक 21.04.2026 द्वारा आवेदक के पक्ष में विक्रय पत्र निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त विक्रय पत्र के आधार पर प्रश्नाधीन भूखंड से धारक का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.05.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.05.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202605103800016 /अ-20(1)/ वर्ष 2025-26

आवेदक के.रवि किरण आ.स्व. के.जी.के. मूर्ति निवासी आमदी नगर हुडको द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नं. 1/2, 2/2 का दु. भूखण्ड न. एम.आई.जी. 2/451 क्षेत्रफल 100 वर्गमीटर भूमि के.के. हरीहरन आ. स्व. के.व्ही कृष्णअय्यन को भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई द्वारा आबंटित किया गया है। आबंटिती के0के0हरीहरन की मृत्यु दिनांक 06.07.2024 को हो चुकी है। मृतक आबंटिती के द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 21.08.2002 को आवेदक के पक्ष में रजिस्टर्ड वसीयतनामा कराया गया है। आवेदक द्वारा स्वयं के नाम पर उक्त वसीयतनामा के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड का नामान्तरण करते हुए नवीन पटटा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.05.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.05.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं सचिन बाफना, पिता पुखराज जैन, निवासी, ए-45, कृष्णा पब्लिक स्कुल रोड, देवपुरी, वॉर्ड नं. 51, देवपुरी रायपुर, (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम सचिन बाफना, को त्याग कर नया नाम सचिन कुमार जैन रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम सचिन कुमार जैन से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ता
सचिन कुमार जैन
ए-45, कृष्णा पब्लिक स्कुल रोड, देवपुरी, वॉर्ड नं. 51, देवपुरी, रायपुर (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं पुकराज जैन, पिता बालचंद जैन, निवासी, म. नं. 200/ख, शबरी नगर पंजाब राष्ट्रीय बैंक के पास, वॉर्ड 12, सुकमा, (छ.ग.) यह शपथ करता हूं। कि मैंने अपना यह पुराना नाम पुकराज जैन, को त्याग कर नया नाम पुखराज जैन रख लिया हूं अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम पुखराज जैन से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ता
पुखराज जैन
म. नं. 200/ख, शबरी नगर पंजाब राष्ट्रीय बैक के पास, वॉर्ड न 12 सुकमा, (छ.ग.)

आम-सूचना

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार चन्द्रशेखर चन्द्राकर आ. गुहाराम चन्द्राकर, पता-महेश कॉलोनी दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार, निर्देश एवं उपलब्ध कराये गये दस्तावेजों के आधार पर मौजा-उतई, प.ह.नं.-42/52, रा.नि.मं. उतई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) में भूमि खसरा नंबर-1350/8 रकबा 0.5580 हे. भूमि जिसे मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय किये जाने हेतु पक्का सौदा कर बयाना दिया गया है तथा मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र निष्पादनव पंजीयन शीघ्र ही शेष बचत प्रतिफल राशि देकर कराया जाना है ।

अत: इस ईश्तहार के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त सौदे से जिस किसी भी व्यक्ति, साहूकार, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था या कोई बैंक अथवा गहन के संबंध में को कोई उजर या दावा, आपत्ति हो तो इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर मेरे कार्यालय में संबंधित असल दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात पेश की गई दावा आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। सो सूचना जाने।

सांकेत मिश्रा
अधिवक्ता- जिला न्यायालय दुर्ग
बार रुम नं. 02
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9329356103

न्यायालय शेख अशरफ प्रथम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जिला दुर्ग (छ.ग.)
समंस

प्र.क्र. एमजेसी227/2025/पेशी तारीख 25.06.2026 प्रोसे.क्रं. 483/2026

सावित्री बाई अहीर- आवेदिका **विरुद्ध**
अमन हुसैन व अन्य **अनावेदकगण**
बनाम - पंकज वर्मा आ. श्रीराम सेवक निवासी वार्ड 5 चिखली थाना चिखली छ.ग. होटल के सामने वाली गली राजनांदगांव जिला राजनांदगांव छ.ग.

आवेदिका सावित्री बाई अहीर ने एक आवेदन अंतर्गत धारा-166 मोटर यान अधिनियम वास्ते क्षतिपूर्ति पेश किया है। आपको इस सूचना के द्वारा निर्देशित किया जाता है कि आप अधिकरण के समक्ष दिनांक 25.06.2026 को दिन के 11:00 बजे, स्वंय या ऐसे वकील के माध्यम से, जिन्हें प्रकरण के तथ्यों से अच्छी तरह से समझा दिया गया हो, जो ऐसे प्रश्नों का जवाब दें सकें, या ऐसा व्यक्ति मौजूद हो, जो कि ऐसे प्रश्नों का जवाब दे सकें, के लिए हाजिर हो और आप को ऐसे सभी दस्तावेजों व गवाही को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा, जिन पर आप अपने बचाव के समर्थन में भरोसा रखना चाहते हों।

यदि आवेदन की सुनवाई उक्त नियत दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित होने के कारण नही होती है अथवा नियत तिथि पर मैं अवकाश पर जाता हूँ, या अन्य किसी कारण से सुनवाई उक्त तिथि को नहीं होती है, तो उसके पश्चात्वर्ती कार्य दिवस में आवेदन की सुनवाई की जायेगी और उक्त तिथि को आपके अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय रूप से आज्ञप्तिधारी के आवेदन का निराकरण किया जायेगा।

आज दिनांक 27.04.2026 को इस न्यायालय के सील व मेरे हस्ताक्षर से सूचना जारी किया गया है।

मुहर — शेख अशरफ, प्रथम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.)
उद्घोषणा

क्र. 187/प्र./अति.तह./2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं कि कार्यालय कलेक्टर जिला बालोद (छ.ग.) का ज्ञापन कमांक 182/प्र.कले./2026 बालोद, दिनांक 17/04/2026 के अनुसार आवेदक श्री अविनाश रमन पिता मोहन रमन जाति सामान्य निवासी एमआईजी 1/2051 हाउसिंग बोर्ड इंडस्ट्रीयल इस्टेट, भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा ग्राम चिखलाकसा वार्ड क. 11 तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) स्थित आवेदक के शामिलात खाते की परिवर्तित भूमि ख.नं. 699 रकबा 0.03 हे. को आवेदक एवं हिस्सेदार वर्तमान में दुर्ग जिले में निवासरत होने के कारण केता राहुल मेन्डे पिता गौतम मेन्डे जाति महार साकिन वार्ड क. 09 दल्लीराजहरा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) के पास विकय की अनुमति हेतु आवेदन पेश किया गया है जो कि जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 24.05.2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 05.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दल्लीराजहरा (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता परमेश्वर गायकवाड पिता आत्माराम गायकवाड उम्र 21 वर्ष पता सतनाम नगर सुर्या नगर कैम्प 2 तह व जिला दुर्ग (छ.ग.) 490001 का निवासी हूँ। जो कि निम्न शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि यह कि मेरा नाम एवं पता बताये अनुसार है। यह कि मेरे आधार कार्ड नम्बर 3911 6982 6466 में त्रुटी वश नाम परमेश्वर कुमार (PARMESHWAR KUMAR) पिता आत्माराम (ATMA RAM) दर्ज हो गया है। यह किं मेरे मार्कशीट में परमेश्वर गायकवाड (PARMESHWAR GAYAKWAD) पिता आत्माराम गायकवाड (ATMARAM GAYAKWAD) दर्ज है जो कि मेरा सही नाम है। यह कि मेरे मार्कशीट में दर्ज परमेश्वर गायकवाड (PARMESHWAR GAYAKWAD) पिता आत्माराम गायकवाड (ATMARAM GAYAKWAD) एवं आधार कार्ड में दर्ज परमेश्वर कुमार (PARMESHWAR KUMAR) पिता आत्माराम (ATMA RAM) दोनो नाम एक ही व्यक्ति का नाम है। अर्थात् मेरा ही नाम है ये दोनो नाम किसी अन्य व्यक्ति का नाम नहीं है। यह कि, शपथ पत्र जहाँ आवश्यक हो वहाँ परमेश्वर गायकवाड (PARMESHWAR GAYAKWAD) पिता आत्माराम गायकवाड (ATMARAM GAYAKWAD) दर्ज किया जावे एवं पुकारा जावे व जाना जावे व पहचाना जावे, जिसके लिए गजट प्रकाशन करने के समर्थन में यह शपथ पत्र सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष करता हूँ।

शपथकर्ता
परमेश्वर गायकवाड
पिता आत्माराम गायकवाड
पता सतनाम नगर सुर्या नगर कैम्प 2 तह व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं वैभव सिंह चौहान (पिता का नाम) पुत्र एस. के. चौहान, निवासी-101/59, सडक-1, डी जोन, वार्ड-52, न्यू आदर्श नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिक सुपुत्री तशिका असीजा (TASHIKA ASIJA) (पुराना नाम) से बदल कर तशिका चौहान (TASHIKA CHAUHAN) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
वैभव सिंह चौहान
पिता एस. के. चौहान
निवासी- 101/59, सडक-1, डी जोन, वार्ड-52, न्यू आदर्श नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. 202603103300003 /अ-06 अ/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि तह. व जिला दुर्ग आवेदक महेश्वर देशमुख पिता स्व. कोमल सिंह अन्य 1 निवासी तिरगा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि मौजा ग्राम तिरगा प.ह.न. 28 में स्थित भूमि जिसका ख.न. 6/2, 6/3, 7/1, 7/2, 8/1 रकबा 0.0500, 0.0600, 0.1600, 0.1400, 0.0700 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में अनावेदक डिलेश्वर आ. गगुराम के नाम पर दर्ज है। आवेदकगण की उपरोक्त भूमि का प्रमाणीकरण दिनांक 16.03.1994 को किया गया जिसका नामांतरण पंजी कमांक 68, 69, 70, 71, 72 में दर्ज किया गया इसी प्रकार अनावेदक के भाई के नाम से पंजीकमांक 63, 64, 65, 66 एवं 67 में दर्ज है। प्रमाणीकरण किये जाने के बाद आवेदक एवं अनावेदक की भूमि को राजस्व अभिलेख में हल्का पटवारी के द्वारा अनावेदक के भाई के नाम से संपूर्ण भूमि को राजस्व अभिलेख में दर्ज कर दिया गया। जो कि सन् 2000-2001 बी 01 की प्रति में संलग्न है। उक्त भूमि को अनावेदक को पारिवारिक बंटवारा अनुसार बंटवारा में प्राप्त हुआ है जिसके अनुसार राजस्व अभिलेख में अनावेदक का नाम चला आ रहा है। राजस्व अभिलेख ऑनलाईन भूईया साफ्टवेयर में उपरोक्त कय भूमि को मृतक कोमल प्रसाद आ. बीजेराम के विधिक वारिसान का नाम दर्ज कर वर्तमान भूमिस्वामी अनावेदक डिलेश्वर आ. गंगुराम का नाम विलोपित कर राजस्व अभिलेख में त्रुटि सुधार किये जाने आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 20.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति / आपेक्ष पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2026 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एंव न्यायालय के पद मुद्रा से यह उद्घोषणा पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. 202605103300015 /अ-06अ/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका खीबाई पिता बुधराम साहू निवासी ग्राम झोला तह. व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि मौजा ग्राम झोला प.ह.न. 28 में स्थित भूमि जिसका ख.न. 136 का टुकडा रकबा 0.13 हे. भूमि को विक्रेता अमृत बाई ध.प. जेठू निवासी झोला से आवेदिका द्वारा कय किया गया था जिसका ग्रंथ क्रमांक 10736 पृष्ट कमांक 82 दस्तावेज 4794 ए दिनांक 31.07.1996 है। विक्रेता अमृत बाई ध.प. जेवू द्वारा ख.न. 136 का टु. रकबा 0.64 हे. भूमि को केता राम कुमार पिता समे लाल के पास दिनांक 31.07.1996 को विक्रय किया गया था इस प्रकार विक्रेता द्वारा अपनी कुल भूमि ख.न. 136 रकबा 0.77 है. भूमि को आवेदिका एवं रामकुमार के पास कमशः रकबा 0.13 एवं 0.64 हे. भूमि विकय किया था। उक्त भूमि का प्रमाणिकरण किया गया जिसके आधार पर नामांतरण कमांक 140 सन 1997 दर्ज कर आवेदिका के नाम से ऋण पुस्तिका कमांक 1552511 जारी किया गया जिसके अनुसार खसरा नं. 136 का टुकडा रकबा 0.13 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज किया गया तथा केता रामकुमार आ. समे लाल के नाम पर संशोधन कमांक 30 दिनांक 10.03.1999 के आधार पर नामांतरण किया गया। राजस्व अभिलेख ऑनलाईन भूईया सॉफ्टवेयर में उक्त भूमि खसरा नं. 136/1 रकबा 0.13 हे. भूमि आवेदिका खीबाई पिता बुधराम साहू का नाम दर्ज कर रिकार्ड दुरूस्त किये जाने आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 20.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति / आपेक्ष पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2026 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एंव न्यायालय के पद मुद्रा से यह उद्घोषणा पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202606101200004 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जा है कि आवेदिका डेमनबाई साहू आ./पति स्व. मुकुंद लाल साहू निवासी देवपरा पो. खुरसुनी जिला बालोद (छ.ग) के द्वारा ग्राम निकुम तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा न. 19/8 रकबा 0.400 हे. भूमि जो कि मुकुंदलाल साहू आ. स्व. भंगीलाल साहू के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 23.12.2023 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.05.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

भाजपा नेता की दबंगई का वीडियो वायरल, महिला को दी जान से मारने की धमकी

कुरुद/नवप्रदेश। जिले के ग्राम मंडाईभाठा में भाजपा नेता की कथित दबंगई का मामला वीडियो के माध्यम से सामने आया है। आमदी भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष मुरारी यदु पर ग्राम मंडाईभाठा निवासी यादव परिवार के साथ बेहुदा गाली-गलौज करने एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है।पीड़िता ललिता यादव ने भाखारा थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पीड़िता का कहना है कि भाजपा नेता सत्ता का धौंस दिखाकर आम लोगों को डराने और धमकाने का काम कर रहे हैं। महिला के अनुसार, आरोपी ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी, जिससे उनका पूरा परिवार भय के माहौल में जीने को मजबूर है। पीड़िता ने कहा कि इस घटना के बाद उनके घर में डर और असुरक्षा का वातावरण बन गया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफकड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।घटना को लेकर ग्रामीणों में भी भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि राजनीतिक प्रभाव और सत्ता का इस्तेमाल कर किसी महिला को डराना-धमकाना बेहद निंदनीय है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है।

सौम्या मंधानी ने 12वीं में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया

भाटापारा/नवप्रदेश। अम्बुजा विद्या पीठ रवान की छात्रा भाटापारा निवासी कविता ,नरेश मंधानी की सुपुत्री सौम्या मंधानी ने सी.बी.एस.ई. 12 बोर्ड की परीक्षा में कॉमर्स में 93.08 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसकी इस उपलब्धि से परिवार, स्कूल व पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल रहा और परिजनों व शुभचिन्तकों ने लोगो को मिठाई खिलाकर खुशियां बांटी। ज्ञातव्य हो कि सौम्या मंधानी नगर के प्रतिष्ठित परिवार राजेश एण्ड कंपनी व सवीर प्रतिष्ठान के प्रोप्राइटर कविता नरेश मंधानी की सुपुत्री व नगर के वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार चन्दीराम ग्वालानी की नातिन हैं। सौम्या आरंभ से ही मेधावी छात्रा रही हैं जिसने 10वीं बोर्ड परीक्षा में ही अच्छा प्रदर्शन किया था। सौम्या ने अपनी सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए इस सफलता का श्रेय अपने परिवार जनों व अपने शिक्षकों तथा मार्गदर्शकों को देते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।

कलेक्टर उइके ने पेट्रोल-डीजल की सीमित बिक्री के दिए निर्देश

गरियाबंद / नवप्रदेश। कलेक्टर बीएस उइके ने वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति नियमित होने तक जमाखोरी एवं अव्यवस्था की आशंका के कारण जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को पत्र प्रेषित कर आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने निर्देश दिए है कि दोपहिया वाहनों में अधिकतम 300 रुपये तथा चारपहिया वाहनों में 1000 रुपये तक का ही पेट्रोल दिया जाएं। उन्होंने कहा है कि पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री ड्रम, जेरीकेन अथवा बोतलों में पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी।

पिथौरा की दो नदियों में रेत माफिया पर, कार्रवाई से पहले ही गायब हुई मशीनें

पिथौरा/नवप्रदेश। पिथौरा विकासखंड की जीवनदायिनी नदियों–जोंक और महानदी–में इन दिनों अवैध रेत खनन का काला कारोबार अपनी चरम सीमा पर है। प्रशासन के 'सुशासन' के दावों के बीच रेत माफिया न केवल नदियों का सीना छलनी कर रहे हैं, बल्कि खनिज विभाग की संदिग्ध कार्यप्रणाली ने सरकारी साख पर भी गहरा बट्टा लगा दिया है। बताते चले सांकरा क्षेत्र की जोंक नदी और उड़ीसा सीमावर्ती इलाका नदीचरोदा के पास महानदी तट पर फलफूल रहे इस धंधे मे अब सरकारी नुमाइंदो की भूमिका भी संदिग्ध हो गयी हैं शिकायत पर कार्यवाही करने के बजाय खनिज की टीम द्वारा की गई ने विभाग की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार देवसराल और आसपास के क्षेत्रों में अवैध उत्खनन की शिकायत जैसे ही विभाग को मिली, उसके महज कुछ समय बाद ही विभाग से जुड़े अधिकारी ने कार्यवाही का अंदेशा जता सतर्क कर दिया एक

घंटे के भीतर ही घाटों पर सक्रिय विशालकाय पोकलेन मशीनें और हाइवा रहस्यमयी तरीके से गायब हो गए। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि खनिज विभाग के ही जिम्मेदार अधिकारियों या उनके मातहतों ने माफियाओं को कार्रवाई की गुप्त सूचना पहले ही दे दी थी।

खनिज अधिकारियों की संदिग्ध भूमिका : इस पूरे घटनाक्रम में सहायक खनिज अधिकारी देवेंद्र साहू की भूमिका सवालों के घेरे में है। बुधवार को वे सरायपाली क्षेत्र में आयोजित एक 'सुशासन शिविर' में शामिल होने गए थे। चर्चा है कि शिविर में आते-जाते समय वे उसी मार्ग से गुजरे जहाँ अवैध उत्खनन धड़ल्ले से चल रहा था, फिर भी टीम ने कोई कार्रवाई नहीं की। टीम के पहुँचने से ठीक पहले मशीनों का हटना इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि विभाग के भीतर ही माफिया के 'संरक्षक' बैठे हैं।

महानदी तट पर 'नदीचरोदा' बना अवैध खनन का केंद्र

जोंक नदी के साथ-साथ नदीचरोदा स्थित महानदी तट पर भी माफिया का आतंक है। यहाँ से रोजाना 20 से 30 डंपर रेत पोकलेन मशीनों के जरिए निकाली जा रही है। गौरतलब है कि बीते वर्ष यहाँ कुछ कार्रवाई की गई थी, लेकिन उसके बाद से माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि कई मौखिक शिकायतों के बावजूद खनिज विभाग ने मौन साध रखा है। प्रशासनिक उदासीनता के कारण यहाँ का सरकारी राजस्व माफिया की जेब में जा रहा है।

बाघामुड़ा में मकान जलकर राख, गरज-चमक के बीच दो बड़ी घटनाएं, लाखों का नुकसान

आकाशीय बिजली का कहर, मचान में सो रहे पुत्र की मौत

■ **पिता की हालत गंभीर**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में लगातार बदल रहे मौसम के बीच आकाशीय बिजली ने दो अलग-अलग क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। तुमगांव थाना क्षेत्र में खेत की रखवाली कर रहे पिता-पुत्र पर बिजली गिरने से पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम बाघामुड़ा में आकाशीय बिजली गिरने से एक खपरैल मकान में भीषण आग लग गई, जिसमें लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।

घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल बुजुर्ग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही तुमगांव पुलिस भी मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

अचानक हुई इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक धर्मसिंह मेहनतकश किसान थे और परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

बाघामुड़ा में बिजली गिरते ही धधका मकान

दूसरी घटना शुक्रवार सुबह कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम बाघामुड़ा में हुई। यहां प्रज्ञानंद देवांगन के खपरैल मकान पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे देखते ही देखते घर में भीषण आग लग गई।

बताया जा रहा है कि बिजली गिरने के तुरंत बाद आग तेजी से पूरे मकान में फैल गई। आग की चपेट में आने से घर में रखा घरेलू सामान, फर्नीचर, कपड़े, जरूरी दस्तावेज तथा लाखों रुपए मूल्य के वाहन सीट कवर सहित अन्य सामग्री जलकर पूरी तरह राख हो गई।

हालांकि घटना के समय परिवार के सदस्य खपरैल मकान से सटे दूसरे हिस्से में मौजूद थे, जिसके चलते सभी सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे और कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि परिवार को सामान निकालने तक का मौका नहीं मिल पाया। घटना के बाद पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

मौसम बदलने से बढ़ीं बिजली गिरने की घटनाएं : जिले में पिछले कुछ दिनों से मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। तेज आंधी, गरज-चमक और बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं भी बढ़ गई हैं। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले मैदान, बड़े पेड़ों और ऊंचे स्थानों से दूर रहने की अपील की है।

प्रशासन ने किसानों और ग्रामीणों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा है कि गरज-चमक के समय खेतों और खुले स्थानों में रुकने से बचें तथा सुरक्षित स्थानों पर शरण लें।

मचान पर गिरी बिजली, पुत्र की मौत

तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पिरदा छापाडबरी खार निवासी धर्मसिंह गोंड (40 वर्ष) अपने पिता पुनीत राम गोंड (करीब 70 वर्ष) के साथ मूंगफली खेत की रखवाली करने खेत गए थे। दोनों खेत में स्थित परसा पेड़ पर बने मचान में रात के समय सो रहे थे। इसी दौरान देर रात अचानक मौसम बिगड़ गया और तेज गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली सीधे मचान पर गिर गई। बिजली गिरने से धर्मसिंह गोंड की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पिता पुनीत राम गोंड गंभीर रूप से झुलस गए।

फायर ब्रिगेड ने पाया आग पर काबू

घटना की सूचना मिलने पर महासमुंद और बागबाहरा से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने तक घर का अधिकांश सामान जल चुका था।

12वीं सीबीएसई बोर्ड में मिठी शर्मा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

भाटापारा/नवप्रदेश। सीबीएसई द्वारा संचालित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम कल घोषित किया गया। जिसमें नगर के गुरुकुल विद्यालय में अध्ययन रत मिठी शर्मा ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल कर अपने परिजनों का नाम रोशन किया है। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक पोहा मिलर्स और गोपाल ऑटो के संचालक गोपाल शर्मा और तारा शर्मा की सुपुत्री मीठी शर्मा शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है।स्कूल के विभिन्न आयोजन में लगातार हिस्सा लेकर अपनी योग्यता और काबिलियत को उसने हमेशा प्रस्तुत किया। 2वर्ष पूर्व 10 वी की परीक्षा में भी मीठी शर्मा ने बहुत ही शानदार परफॉर्मेंस दिखाया था और अब 12 वी कॉमर्स में उसने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किया है।अपने पसंदीदा विषय अकाउंटेंसी में छात्रा मिठी ने 95 अंक तो इकनॉमिक्स में 96 अंक हासिल करते हुए ए पल्स का ग्रेड हासिल किया है। वही जानकारी अनुसार स्कूल में कॉमर्स संकाय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा जिसका पूरा श्रेय उनकी कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयासों को जाता जिसके फलस्वरूप परिणाम शानदार सफलता के रूप में सामने आया। छात्रा मिठी शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता सहित शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। मीठी की सफलता से उनके परिजन भी काफी खुश है और उसके आगे की पढ़ाई के लिए उसकी कार्ययोजना को अंतिम रूप देने में लगे हुए है। वही विद्यालय के प्राचार्य एवं संचालक गण ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षकों एवं अभिभावकों के समर्पित प्रयासों की सराहना की।

स्कूलों में चोरी की वारदातें, बोरवेल वायर से लेकर एलईडी टीवी तक ले उड़े चोर

■ **बसना और उमरदा के शासकीय स्कूलों को बनाया निशाना, पुलिस जांच में जुटी**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरों ने स्कूल परिसरों को निशाना बनाते हुए हजारों रुपए के सामान पर हाथ साफ कर दिया। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफप्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बसना थाना क्षेत्र के ग्राम धुमाभांठा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में स्कूल परिसर में लगे बोरवेल मोटर पंप का लगभग 35 मीटर केबल वायर चोरी कर लिया गया। प्रधानपाठक नीरज कुमार दास ने पुलिस को बताया कि 2 मई की सुबह करीब 9 बजे ग्राम के आदित्य रंजन कानूनगो ने फोन कर सूचना दी कि स्कूल परिसर में लगे मोटर पंप का वायर गायब है। इसके बाद स्कूल पहुंचकर जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर करीब 3800 रुपए कीमत का केबल वायर निकालकर ले गए हैं। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफधारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

वहीं दूसरा मामला शासकीय हाईस्कूल उमरदा का है। यहां चोरों ने स्कूल का ताला तोड़कर इलेक्ट्रॉनिक सामान पार कर दिया। प्रभारी प्राचार्य पूनम कुमार चंद्राकर ने पुलिस को बताया कि 13 मई की सुबह विद्यार्थियों से स्कूल में चोरी होने की जानकारी मिली। स्कूल पहुंचकर निरीक्षण करने पर पाया गया कि अज्ञात चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर 32 इंच एलईडी टीवी, प्रिंटर-फोटोकॉपी मशीन तथा स्पीकर साउंड सिस्टम सहित कुल 30 हजार 500 रुपए के सामान की चोरी कर ली है। मामले में पुलिस ने धारा 305 (ई) एवं 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सूने मकान से लैपटॉप और इंडक्शन की चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित एक सूने मकान में अज्ञात चोर ने घुसकर लैपटॉप और इंडक्शन चूल्हा चोरी कर लिया। मामले की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 15 नीलकंठ चौक दादाबाड़ा निवासी पवन तिवारी पिता जगदीश चंद्र तिवारी 13 मई की सुबह अपने काम के लिए शिवालिक प्लांट मुढ़ेना गए हुए थे। रात करीब 9 बजे जब वे वापस घर पहुंचे तो देखा कि मुख्य दरवाजे में ताला नहीं लगा था। घर के अंदर जांच करने पर उनका लैपटॉप तथा इंडक्शन चूल्हा गायब मिला। प्रार्थी ने बताया कि चोरी हुए लैपटॉप की कीमत करीब 50 हजार रुपए तथा इंडक्शन की कीमत 1500 रुपए है। कुल 51 हजार 500 रुपए के सामान की चोरी हुई है।

लग्जरी कार से गौ-तस्करी की कोशिश नाकाम, चार मवेशी बचाए गए

डोंगरगांव/नवप्रदेश। शहर से लगे ग्राम अमलीडीह टोलागांव में बुधवार देर रात गौ-तस्करी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया। सजग गौ-सेवकों और ग्रामीणों की सतर्कता से एक लग्जरी कार में क्रूरतापूर्वक भरकर ले जाए जा रहे दो गाय और दो बछड़ों को सुरक्षित बचा लिया गया। तस्कर महाराष्ट्र पासिंग की सफेद रंग की महिंद्रा एक्सयूवी 500 क्रमांक एमएच 48 पी 0567 में मवेशियों को भरकर कथित रूप से कत्लखाने ले जाने की फिराक में थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस अवैध गतिविधि को अंजाम देने के लिए स्थानीय स्तर पर भी साठगांठ की गई थी। अमलीडीह के भाठापारा तालाब के पास कुछ लोगों की मदद से तस्कर मवेशियों को वाहन में भर रहे थे। वहीं दो युवक प्लेटिना बाइक क्रमांक सीजी 08 बीजी 1915 से उनकी सहायता कर रहे थे। क्षेत्र में पिछले कुछ समय से लगातार गौ-तस्करी की सूचनाएं मिलने के बाद गौ-सेवक सतर्क थे और बुधवार रात करीब ढाई बजे उन्होंने घेराबंदी कर कार्रवाई की। बताया जाता है कि जैसे ही गौ-सेवकों ने मौके पर दबिश दी और पुलिस को सूचना दी, तस्करों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई की भनक लगते ही आरोपी वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मवेशियों से भरी एक्सयूवी कार को जब्त कर लिया और सभी चारों मवेशियों को सुरक्षित गनेरी गौशाला भेजा गया। पुलिस ने मामले में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6 और 10 तथा पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

4 लाख के हीरा के साथ तीन तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

थाना मैनपुर एवं स्पेशल टीम की संयुक्त कार्यवाही

गरियाबंद/नवप्रदेश। अवैध हीरा परिवहन एवं बिक्री करने के संबंध में मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ था। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी मैनपुर एवं स्पेशल टीम के द्वारा घटना स्थल रवाना हो कर मुखबीर द्वारा बताये गये घटना स्थल जीरो पाईट सीकासार जाने का रास्ता के पास एक महिला एवं दो पुरूष अपने पास अवैध रूप से बहुमुल्य हीरा जैसा चमकीला खनिज पदार्थ रख कर ग्राहक का इंतजार करते खडे थे। पुलिस टीम एवं गवाह के साथ घटना स्थल पहुच कर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही कर मौके पर आरोपी महिला 01द्ध भानुमति यादव की तलाशी लेने पर कब्जे से 05 नगए आरोपी कुशल नेताम के कब्जे से 02 नगए आरोपी अर्जुन पाण्डे के कब्जे से 02 नग कुल 09 नग छोटे बडे चमकीले बहुमुल्य खनिज पदार्थ किमती 4ए50ए000 रूपये को समक्ष गवाहन के विधिवत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 303;2द्धए3;5द्ध बीएनएसए 21;4द्ध खान एवं खनिज ;विकास का विनियमनद्ध अधिनियम 1957 अपराध धारा सदर का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के महिला आरोपी 01द्ध भानुमति यादव पति घासीराम यादव उम्र 38 वर्ष ग्राम मोहंदा थाना मैनपुर जिला गरियाबंद 02द्ध कुशल नेताम पिता दलगंजन नेताम उम्र 25 वर्ष ग्राम पीपल कन्हार थाना पीपरछेड़ी जिला गरियाबंदए 03द्ध अर्जुन पाण्डे पिता लैबानो पाण्डे उम्र 51 वर्ष साकिन बेगरपारा थाना मैनपुर जिला गरियाबंद के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

जप्त सामग्री

09 नग छोटे बडे चमकीले बहुमुल्य खनिज पदार्थ किमती 4,50, 000 रूपये।

गिरफ्तार आरोपी

01 भानुमति यादव पति घासीराम यादव उम्र 38 वर्ष ग्राम मोहंदा थाना मैनपुर जिला गरियाबंद
02 कुशल नेताम पिता दलगंजन नेताम उम्र 25 वर्ष ग्राम पीपल कन्हार थाना पीपरछेड़ी जिला गरियाबंदए 03द्ध अर्जुन पाण्डे पिता लैबानो पाण्डे उम्र 51 वर्ष साकिन बेगरपारा थाना मैनपुर जिला गरियाबंद ।

नीट पेपर लीक मामलाः 23 लाख छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ः भूपेन्द्र

महासमुन्द/नवप्रदेश। नीट पेपर लीक मामले को लेकर आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र चंद्राकर ने इसे देश के करीब 23 लाख छात्रों के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ बताते हुए कहा कि यह मामला केवल परीक्षा में गड़बड़ी नहीं, बल्कि संगठित भ्रष्टाचार और राजनीतिक संरक्षण का परिणाम है।

चंद्राकर ने कहा कि जिस परीक्षा के लिए लाखों छात्र पूरे वर्ष दिन-रात मेहनत करते हैं, उसका प्रश्नपत्र परीक्षा से करीब 42 घंटे पहले व्हाट्सएप पर बिकना बेहद गंभीर और शर्मनाक है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर इतनी बड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद तंत्र को इसकी भनक तक क्यों नहीं लगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के प्रश्नपत्र सामान्य तरीके से लीक नहीं होते, बल्कि इसके पीछे बड़े स्तर पर मिलीभगत और राजनीतिक संरक्षण साफ दिखाई देता है। उन्होंने वर्ष 2017, 2021, 2024 और अब 2026 में सामने आए नीट पेपर लीक मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कोई संयोग नहीं, बल्कि व्यवस्था की लगातार विफलता है।

आप नेता ने दावा किया कि पिछले 10 वर्षों में देशभर में 89 बार विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हुए, जिनमें 48 परीक्षाएं दोबारा आयोजित करनी पड़ीं। हर बार जांच और सख्त कार्रवाई के दावे किए जाते हैं, लेकिन परिणाम शून्य रहता है। चंद्राकर ने कहा कि 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत की।

पेज 1 का शेष...

सुरक्षा कैंप अब बनेंगे जनसुविधा...

झेल रहे बस्तर को नक्सलमुक्त करने के लिए अंदरूनी नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा कैम्पों खोले गए थे। बस्तर के नक्सलमुक्त होने के बाद नक्सल मोर्चे पर तैनात अर्धसैनिक बलों के बस्तर से वापस लौटने का सिलसिला जल्द ही शुरू होने वाला है। इसके बाद इन कैम्पों को स्थानीय ग्रामीणों के लिए जन सुविधा केंद्र बनाने की घोषणा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने की थी। इसकी शुरूआत 18 मई को 2 दिवसीय बस्तर दौरे पर पहुंच रहे गृहमंत्री अमित शाह नेतानार सीआरपीएफ कैंप से करेंगे।

अमित शाह के बस्तर प्रवास...

मार्गों की सजावट तथा अतिथियों के आवागमन रूट को व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा पार्टी पदाधिकारियों को आवास व्यवस्था, कार्यकर्ता समन्वय, जनसभा स्थल प्रबंधन एवं सुरक्षा एजेंसियों से तालमेल बनाने के निर्देश भी दिए गए।

भारत-यूएई के बीच एलपीजी...

ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को धन्यवाद देते हुए कहा कि जनवरी में उनकी भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों ने संबंधों को गुणात्मक रूप से उन्नत करने पर सहमति जताई थी और कम समय में ही महत्वपूर्ण प्रगति हासिल कर ली है। पीएम मोदी ने कहा, आज की वैश्विक स्थिति को देखते हुए भारत-यूएई रणनीतिक सहयोग का महत्व बहुत बढ़ गया है। आने वाले समय में हम हर क्षेत्र में साथ मिलकर आगे बढ़ेंगे।

शांति बहाली में हर...

कुछ इलाकों में जो परेशानी आई, आपने उन पीड़ित परिवारों के प्रति भी संवेदना व्यक्त की, इसके लिए भी मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं। मध्य-पूर्व में मौजूदा हालातों पर पीएम मोदी ने कहा कि यूएई पर हुए हमलों की हम घोर निंदा करते हैं। यूएई को जिस तरह से निशाना बनाया गया है, वह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। इन कठिन परिस्थितियों में आपने जिस संयम और साहस का परिचय दिया है, ये बहुत ही सराहनीय है। राष्ट्रीय एकता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने में आपके नेतृत्व में उठाए गए कदमों का हम अभिनंदन करते हैं।उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में युद्ध की परिस्थिति का प्रभाव आज पूरे विश्व पर दिखाई दे रहा है। भारत ने मुद्दों को सुलझाने के लिए हमेशा बातचीत और कूटनीति को प्राथमिकता दी है। होर्मुज स्ट्रेट को मुक्त, खुला और सुरक्षित रखना हमारी बड़ी प्राथमिकता है।

अमेरिका-चीन के बीच हुई...

इस साल सितंबर में अमेरिका आने की उम्मीद है।

गार्डन डिप्लोमेसीः वाशिंगटन रवाना होने से पहले दोनों शीर्ष नेता बीजिंग के गार्डन में टहलते और चाय पीते नजर आए, जिसे ट्रंप ने बहुत ही सकारात्मक बताया।

व्यापार

डोनाल्ड ट्रंप का दावाः चीन के साथ एक 'शानदार ट्रेड डील' हुई है, जो दोनों देशों के व्यापारिक संतुलन को सुधारेगी।

शी जिनपिंग का स्टैंडः आर्थिक और व्यापारिक सहयोग को आगे बढ़ाने और द्विपक्षीय बातचीत को मजबूत करने पर ज़ोर।

ईरान

डोनाल्ड ट्रंप का दावाः चीनी राष्ट्रपति ने भरोसा दिया है कि चीन, ईरान को कोई सैन्य उपकरण नहीं देगा और होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने में मदद करेगा।

शी जिनपिंग का स्टैंडः चीन अभी भी ईरान का सबसे बड़ा तेल खरीदार बना हुआ है, लेकिन वह क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षित शिपिंग मार्ग का समर्थन करता है।

ताइवान

डोनाल्ड ट्रंप का दावाः बंद कमरे में हुई दो घंटे से ज्यादा की बातचीत में ताइवान पर अमेरिकी रुख और सुरक्षा चिंताओं को प्रमुखता से रखा गया।

शी जिनपिंग का स्टैंडः ताइवान मुद्दे को चीन का आंतरिक मामला बताते हुए इस पर किसी भी तरह के बाहरी हस्तक्षेप को लेकर सतर्क रहने की बात कही।

सिर्फ चुप्पी से आरोपी दोषी...

दरअसल, बलौदाबाजार जिले के भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र से जुड़े वर्ष 2015 के हत्या मामले में बिलासपुर हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने बड़ा फैसला सुनाया। मामले में दुश्यंत कुमार ध्रुव की हत्या के आरोप में संजय कुमार ध्रुव उर्फ बबलू उर्फ संजू को ट्रायल कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। अभियोजन पक्ष का दावा था कि मृतक और आरोपी की बहन के बीच प्रेम संबंध को लेकर विवाद था, जिसके चलते रंजिश में हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया।

धार के भोजशाला को वाग्देवी...

देवी सरस्वती का मंदिर है। केंद्र सरकार और एएसआई यह फैसला लें कि भोजशाला मंदिर का मैनेजमेंट कैसा रहेगा। अदालत ने एएसआई का 2003 का वह आदेश भी रद्द कर दिया, जिसमें एएसआई ने भोजशाला में हिंदुओं को पूजा का अधिकार नहीं दिया था। उस आदेश को भी खारिज कर दिया, जिसमें मुस्लिमों को नमाज पढ़ने का अधिकार दिया गया था। भोजशाला को कमाल मौला मस्जिद बताते रहे मुस्लिम पक्ष को कोर्ट ने सरकार से मस्जिद के लिए अलग जमीन मांगने को कहा है।

बच्चों की रंगों से सजी प्रतिभा ने जीता सबका दिल

■ नगर पंचायत नगरी में आयोजित वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिया स्वच्छता, पर्यावरण और यातायात जागरूकता का संदेश

नगरी / नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी क्षेत्र अंतर्गत बच्चों में छुपी हुई कलात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने एवं उनकी रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भव्य वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अनूठी प्रतियोगिता में नगरी क्षेत्र के स्कूली बच्चों एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान नगर की दीवारें बच्चों की रंग-बिरंगी कल्पनाओं और सामाजिक संदेशों से जीवंत हो उठीं।

प्रतियोगिता में पहली कक्षा से लेकर 12वीं तक के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। किसी बच्चे ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पेड़-पौधों और प्रकृति का चित्र उकेरा, तो किसी ने स्वच्छ भारत अभियान को ध्यान में रखते हुए कचरे को डस्टबिन में डालने एवं शौचालय उपयोग के प्रति लोगों को जागरूक किया। कई बच्चों ने छत्तीसगढ़ महतारी की आकर्षक तस्वीर बनाकर देशभक्ति की भावना प्रदर्शित की, वहीं यातायात नियमों का पालन करने संबंधी चित्रों के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश भी दिया गया।

नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा बनाई गई बार्बी डॉल, छोटा भीम एवं अन्य रचनात्मक चित्र लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। प्रतियोगिता को देखने पहुंचे नगरवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने बच्चों की कल्पनाशीलता और कला कौशल की जमकर सराहना की।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत वर्मा उप अभियंता प्रमेश ध्रुव स्वच्छता निरीक्षक दुर्गेश साहू गणेश राम पांडे पुष्कर पाटील विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम कु. कोनिका साहू एवं किरण साहू डोंगरडुला तथा द्वितीय स्थान पर कु. भुमिका साहू नगरी तृतीय स्थान पर कु. मोक्षा साहू नगरी स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि बच्चों में अपार प्रतिभा होती है, आवश्यकता केवल उन्हें सही मंच और प्रोत्साहन देने की होती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी नगर पंचायत द्वारा इस प्रकार के रचनात्मक एवं प्रेरणादायी आयोजनों का आयोजन लगातार किया जाएगा, ताकि बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा निखरकर सामने आ सके।

उन्होंने बताया कि धमतरी जिले के कलेक्टर अविनाश मिश्रा की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों ने नगर पंचायत की इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।

सेप्टिक टैंक के लिए गड्ढा खोदकर छोड़ दिया, गड्ढे से दुर्घटना की भी आशंका

प्रधानमंत्री जनमन योजना से आंगनबाड़ी बनकर तैयार 4 माह से गेट पर लटका ताला, संचालन पर ध्यान नहीं

नगरी / नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत कलेमेटा में प्रधानमंत्री जनमन आंगनबाड़ी केंद्र का भवन लगभग चार माह पूर्व बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन आज तक इसका संचालन प्रारंभ नहीं हो पाया है। भवन तैयार होने के बावजूद केंद्र में ताला लटका हुआ है, जिससे गांव के छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि शासन द्वारा लाखों रुपये की लागत से आंगनबाड़ी भवन का निर्माण बच्चों को पोषण, प्रारंभिक शिक्षा तथा महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कराया गया था। लेकिन निर्माण पूरा होने के कई महीने बाद भी केंद्र बंद पड़ा है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्तमान में बच्चों को पास के घरों अथवा दूर स्थित पुराने केंद्रों में जाना पड़ता है, जिससे काफी असुविधा होती है। छोटे बच्चों के लिए नियमित रूप से वहां पहुंचना कठिन हो जाता है। वहीं गर्भवती महिलाओं और माताओं को भी पोषण आहार एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भटकना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि आंगनबाड़ी भवन के पास सेप्टिक टैंक निर्माण के लिए ठेकेदार द्वारा गड्ढे खोदकर अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खुले गड्ढों के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है, विशेषकर छोटे बच्चों के लिए यह गंभीर खतरा साबित हो सकता है।

गांव के मोहल्लेवासियों का कहना है कि चार माह से भवन बनकर तैयार है, फिर भी संचालन शुरू नहीं होना समझ से परे है। लोगों ने यह भी कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने की फुर्सत नहीं है।

ग्रामीणों ने उच्च अधिकारी को से मांग की है कि जल्द से जल्द आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन प्रारंभ कराया जाए तथा सेप्टिक टैंक के लिए खोदे गए गड्ढों को तत्काल भरवाकर निर्माण कार्य पूरा कराया जाए, ताकि बच्चों और महिलाओं को शासन की योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन के दोबारा महामंत्री बनाए गए राजेश साहू

कोलिहा (लवन) / नवप्रदेश। लवण क्षेत्र के युवा तेजतर्रार एवं मिलनसार अनुभवी सामाजिक धार्मिक एवं राजनीतिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले ग्राम खैदा लवन निवासी राजेश कुमार साहू को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में तन मन धन से समर्पित होकर कार्य करने को लेकर पुनः ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में महामंत्री के पद पर पुनः मनोनीत किया गया है बता दें कि राजेश कुमार साहू पूर्व में भी पंच सरपंच जिला सहकारी बैंक के संचालक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित होकर संगठन से जुड़कर कार्य करते हैं पुनः ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री बनाए जाने पर राजेश कुमार साहू द्वारा विधायक माननीय संदीप साहू हमारे जिला अध्यक्ष माननीया सुमित्रा घृत लहरें ब्लॉक अध्यक्ष माननीय गुरुदेव यादव अनुराग पांडे जी मृत्युंजय पांडे जी सतीश पांडे जी परमेश्वर यदि जी अमर मिश्रा मोती लाल वर्मा संतोष साहू मरदा पंकज अग्रवाल जी अंकित साहू अहिल्दा बनवारी साहू मृत्युंजय वर्मा संतु राम कुल्लू रात्रे रजक पोश कुमार साहू ओम प्रकाश साहू चेतन साहू राम बहादुर साहू दौलत साहू प्रेमलाल साहू रामअवतार साहू वीरेंद्र साहू उमेश कुमार महेश्वर रामचंद् साहू सीताराम साहू पप्पू साहू राज साहू रामखिलावन साहू टीकाराम वर्मा सुमन रजक नर्सिंग ध्रुव रतन रजक कुमार साहू कृष्ण कुमार साहू डॉ रोशन अभिषेक पांडे चंद्राकर दानिश साहू जी देवेंद्र साहू सुनील कुर्रे वीरेंद्र बहादुर कुर्रे कमलेश साहू अहिल्दा राकी साहू पुष्कर साहू भूषण ध्रुव सेवक राम बाबूलाल साहू दूजे राम यादव त्रिभुवन वर्मा रोहित साहू दीपक साहू भूपेंद्र वर्मा लोमस वर्मा चमन साहु को धन्यवाद ज्ञापित किया है

सराई-साल बीज संग्रहण में जुटे बच्चे परिजनों को सहयोग प्रदान कर रहे

नगरी / नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के गांवों, विशेषकर सोढ़ूर एवं आसपास के जंगलों के किनारे गांव में इन दिनों महिलाओ छोटे-छोटे बच्चे सराई (साल) के बीज संग्रहण में जुटे हुए हैं। गर्मी के मौसम में जंगलों से गिरने वाले सराई बीज ग्रामीण परिवारों के लिए अतिरिक्त आय का महत्वपूर्ण साधन बन जाते हैं।सुबह से ही बच्चे टोकरी और बर्तन लेकर जंगलों की ओर निकल पड़ते हैं और पेड़ों के नीचे गिरे बीजों को सावधानीपूर्वक एकत्र करते हैं। कई परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बच्चे भी इस कार्य में अपने माता-पिता का हाथ बंटाते हैं। संग्रहित बीजों को स्थानीय बाजारों में बेचकर परिवार अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि सराई बीज संग्रहण वर्षों से उनकी परंपरा और आजीविका का हिस्सा रहा है। हालांकि, छोटे बच्चों का पढ़ाई छोड़कर इस कार्य में लगना चिंता का विषय भी है। ग्रामीणों का मानना है कि शासन द्वारा वनांचल क्षेत्रों में रोजगार और शिक्षा की बेहतर व्यवस्था होने से बच्चों का भविष्य और अधिक सुरक्षित हो सकता है। वन क्षेत्रों में इन बच्चों की मेहनत यह दर्शाती है कि विपरीत परिस्थितियों में भी ग्रामीण परिवार अपने जीवनयापन के लिए संघर्षरत हैं। जंगल ही उनके जीवन का आधार और आजीविका का प्रमुख स्रोत बने हुए हैं।

तेज आंधी-तूफान व बारिश ने उजाड़ा गरीब का आशियाना

कोलिहा (लवन) / नवप्रदेश।लवन क्षेत्र के कोलिहा बरदा मुंडा अहिल्दा कोरदा डोगरा चिरपोटा जामडोह कोहरौद सहित लगभग आसपास के सभी ग्रामों में तेज आंधी तूफान और मूसलाधार बारिश का कहर देखने को मिलादो दिनों के तेज आंधी तूफान एवं बारिश ने जन जीवन को प्रभावित कर दिया है खासकर जगह-जगह पेड़ पौधे धराशाई हो गए वहीं टीना टक्कर एवं ठेलों जैसे गुमटियों को भी आंधी तूफान में काफी क्षति पहुंचाया है ग्राम कोलिहा निवासी सुरीत कुमार वर्मा द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि अप्रैल के महीने में ईतना तेज आंधी तूफान और बारिश शायद आज तक कभी नहीं हुआ होगा रहने के लिए मेरे पास. 2 कमरे का आवास है उसे भी तेज आंधी तूफान ने उडा कर दूसरे जगह फेंक दिया गया जिससे मुझे 40 से ?50000 की आर्थिक स्थिति हुई है अभी फिलहाल मेरे परिवार के लिए रहने का आशियाना भी नहीं है ।

पेट्रोल की अफवाह से डोंगरगांव में हड़कंप, पंपों पर लगी लंबी कतारें

■ नो पेट्रोल के बोर्ड से लोग परेशान, संचालकों ने कहा- घबराने की जरूरत नहीं, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

डोंगरगांव/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में ईंधन बचत को लेकर दिए गए संदेश के बाद क्षेत्र में पेट्रोल की कमी की अफ्वाह तेजी से फैल गई, जिससे डोंगरगांव सहित आसपास के इलाकों में लोगों में हड़कंप मच गया। स्थिति यह रही कि कई पेट्रोल पंपों पर ÷नो पेट्रोल÷ के बोर्ड तक लगाने पड़े, जबकि जहां पेट्रोल उपलब्ध था वहां वाहन चालकों की कई किलोमीटर लंबी कतारें देखने को मिलीं।

सुबह से ही दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों की भीड़ पेट्रोल पंपों पर उमड़ पड़ी। लोग टंकियां फुल कराने के साथ-साथ अतिरिक्त डिब्बों और बोतलों में भी पेट्रोल भरवाते नजर आए। अचानक बढ़ी भीड़ के कारण कई पंपों पर व्यवस्था बिगड़ गई और घंटों इंतजार के बाद लोगों को ईंधन मिल पाया।नगर के प्रमुख पेट्रोल पंपों के बाहर भारी भीड़ और जाम जैसी स्थिति बन गई। कई स्थानों पर वाहन चालकों के बीच आगे निकलने को लेकर बहस भी हुई। लोगों में यह चर्चा रही कि आने वाले दिनों में पेट्रोल की भारी कमी हो सकती है, जिसके चलते घबराहट में बड़ी संख्या में लोग पंपों की ओर दौड़ पड़े।

सिहावा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात

नगरी / नवप्रदेश। सिहावा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-56 में सड़क, पुल एवं पुलिया निर्माण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान किए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने इन विकास कार्यों की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने कहा कि उनके अनुसंशा पर शासन द्वारा क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित मार्ग एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्यों को मंजूरी दी गई है, जिससे ग्रामीण अंचल के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से क्षेत्रवासी इन कार्यों की मांग कर रहे थे, जिसकी स्वीकृति मिलने से विकास को नई गति मिलेगी।

स्वीकृत प्रमुख कार्यों में सिहावा-बोराई मार्ग, दुधावा-मुरुमसिल्ली-बनरौद मार्ग, चुरियापारा-हरदीभाठा-देवपुर मार्ग, नगरी-बासीन मार्ग तथा बिरगुड़ी से सिहावा मार्ग का निर्माण कार्य शामिल है। इसके अलावा नगरी-धमतरी मुख्य मार्ग पर बांसपारा एवं सियादेही में पुलिया निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। वहीं देवपुर-देऊरपारा-श्रृंगी ऋषि पहुंच मार्ग में पुलिया निर्माण तथा सिहावा-बोराई मार्ग में क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर नवीन पुल निर्माण कार्य को भी मंजूरी मिली है।

सामाजिक बहिष्कार से पीड़ित महिला ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

कोलिहा (लवन) / नवप्रदेश। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लवन तहसील अंतर्गत ग्राम कारी की एक महिला शांति बाई पति स्वर्गीय त्रिभुवनदास वैष्णव ने गांव के कुछ लोगों पर सामाजिक बहिष्कार एवं प्रताड़ना का आरोप लगाते हुएजिले के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित महिला शांति बाई वैष्णव ने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ व्यक्तियों द्वारा उन्हें लगातार अपमानित किया जा रहा है तथा सामाजिक कार्यक्रमों से दूर रखने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायत पत्र के अनुसार, ग्राम कारी निवासी गोपाल दास वैष्णव, राजेन्द्र वैष्णव, पिता खंभन दास वैष्णव बिसहत वैष्णव पिता हुंकार दास वैष्णव एवं खेमू दास वैष्णव पिता भरोसा दास वैष्णव द्वारा बिना किसी उचित कारण के महिला से बातचीत बंद कर दी गई है। साथ ही परिवार के सुख-दुख एवं सामाजिक आयोजनों में शामिल होने से भी वंचित किया जा रहा है। महिला ने आरोप लगाया कि इस प्रकार के व्यवहार से उन्हें मानसिक रूप से काफी पीड़ा पहुंच रही है। पीड़िता ने आवेदन में उल्लेख किया है कि हाल ही में गांव में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान भी उन्हें सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया।

कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/मंडी बैकुण्ठपुर / 61-1/2026-27/1077 नवा रायपुर, दिनांक 14/05/2026,

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in

कृषि उपज मंडी समिति बैकुण्ठपुर जिला कोरिया अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएं छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है -

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 11.06.2026
फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 17.06.2026

क्र.	कार्य का नाम/स्थल	अनुमानित लागत (लाख में)	एस.ओ.आर विवरण
1	आदिम जाति सेवा सहकारी समिति तरगवां जिला कोरिया के धान खरीदी केन्द्र में 500 मे. टन गोदाम एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य।	48.19	लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ. आर. पर।
	कुल-	48.19	

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

सही/-
सचिव
कृषि उपज मंडी समिति बैकुण्ठपुर जिला कोरिया

संवाद- 47827/1

सही/-
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति बैकुण्ठपुर जिला कोरिया

Public Works Department
Office of The Superintanding Engineer, Pwd,
Raipur Circle No.-1 Raipur. (C.G.)

REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)
(1st Call)

No. 02 Raipur 2026-27 Raipur, Dated. 11.05.2026

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work
परिवहन आयुक्त कार्यालय भवन के निर्माण हेतु वास्तुविद् आमंत्रण हेतु निविदा के संबंध में।
Situated at Raipur
Probable cost of project Rs. 1740.00 Lakh.
Minimum eligibility for participants shall be as below :-

S. N.	Building project cost	The applicant firms, firms forming Joint venture / consortium shall be	Earnest money (In shape as per annexure I) Favor of Executive Engineer, PWD Division No.-03 Raipur
1	For project cost Between 10 to 25 Crore	Empanelled as architect in Class "C" & Above Class in C.G. PWD.	Rs 5,000=00

General Condition:- All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated 01.06.2026 by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.

The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/pwdraipur & http://cgstate.gov.in/ from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG.PWD.

Superintending Engineer
Public Works Department
Raipur Circle No-1 Raipur

G- 262700711/5

कार्यालय नगर पंचायत पाण्डातराई, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

क्र./660/न.प./लो.नि.वि./2026-27 पाण्डातराई, दिनांक 15/05/2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

क्र.	सिस्टम नम्बर	विवरण	अनुमानित राशि (लाख में)	निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि
1	191033	Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of PANDATARAI, Chhattisgarh	25.12	08.06.2026

शर्तेः- उपरोक्त कार्यों हेतु नियम एवं शर्ते, अमानत राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय के संबंधित विभाग से प्राप्त की जा सकती हैं साथ ही उक्त जानकारी विभागीय वेबसाईट http//cgeproc.cgstate.gov.in व www.uad.cg.gov.in से अवलोकन किया जा सकता हैं तथा किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभागीय वेबसाईट में अपलोड की जावेगी, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पाण्डातराई

कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता
लोक निर्माण विभाग, दक्षिण बस्तर संभाग, दन्तेवाड़ा
PHONE +91-7856-252240, +91-7856-252475 , EMAIL- ee.dantewada@nic.in

- :: मैनुअल पद्धति निविदा सूचना ::-

नि.क्र. 02/व.ले.लि./26-27 दन्तेवाड़ा, दिनाँक 13/05/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत "द" श्रेणी एवं अधिक में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है -

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि - 01.06.2026

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)
1	बारसूर में कॉटेज छत का निर्माण कार्य	9.83
2	बारसूर में कॉटेज, डायनिंग, किचन छत और सिस्टम विंडो का निर्माण कार्य	9.39
3	बारसूर में कॉटेज, की फॉल्स सीलिंग और वॉल पैनलिग का निर्माण कार्य	9.99
4	जिले में आत्म समर्पित नक्सलियों के लिये संचालित पुनर्वास केन्द्र के मरम्मत कार्य	4.94

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://pwd.cg.nic.in · के "Live Tender" Tab पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियन्ता
लो.नि.वि. दक्षिण बस्तर संभाग
दन्तेवाड़ा

जी- 262700723/10

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, सेतु मंडल रायपुर (छत्तीसगढ़)
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना

दिनांक 13.05.2026

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा **"डी" श्रेणी एवं अधिक श्रेणी** के ठेकेदारों हेतु **प्रथम निविदा** आमंत्रित की जाती है। निविदा **डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 04.06.2026** तक है।

एन.आई.टी क्र./ निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
NIT NO. 77 Tender No. 190861	EXPLORATORY BORING WORK FOR PROPOSED VARIOUS BRIDGES AT PWD BRIDGE SUB DIVISION RAJNANDGAON UNDER BRIDGE DIVISION DURG YEAR 2026-27	रू. 39.52 लाख
NIT NO. 78 Tender No. 190862	EXPLORATORY BORING WORK FOR PROPOSED VARIOUS BRIDGES AT PWD BRIDGE SUB DIVISION KAWARDHA UNDER BRIDGE DIVISION DURG YEAR 2026-27	रू. 39.85 लाख
NIT NO. 79 Tender No. 190863	EXPLORATORY BORING WORK FOR PROPOSED VARIOUS BRIDGES AT PWD BRIDGE SUB DIVISION DURG UNDER BRIDGE DIVISION DURG YEAR 2026-27	रू. 41.65 लाख
NIT NO. 80 Tender No. 190860	ESTIMATE FOR EXPLORATORY BORING WORK FOR BUDGET YEAR 2026-27 UNDER DISTRICT NARAYANPUR, SUB DIVISION NARAYANPUR.	रू. 21.01 लाख
NIT NO. 81 Tender No. 190857	ESTIMATE FOR EXPLORATORY BORING WORK FOR BUDGET YEAR 2026-27 UNDER DISTRICT KANKER & KONDAGAON, SUB DIVISION KANKER.	रू. 52.54 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धत्ता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेग, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल नंबर एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, सेतु मंडल, रायपुर (छ.ग.)

जी- 262700728/5 आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

आईपीएल के बाद भी जारी रहेगा क्रिकेट का खुमार, जून में सीसीपीएल का रोमांच

■ जून में सीसीपीएल का होगा आयोजन, अक्टूबर में वुमेंस टी-20 सीरीज

रायपुर/नवप्रदेश। आईपीएल के रोमांच के बाद अब रायपुर के क्रिकेट फैंस के लिए एक और खुशखबरी है। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में अक्टूबर में भारतीय महिला क्रिकेट टीम और जिम्बाब्वे के बीच तीन मैचों की टी-20 द्विपक्षीय बाइलेटरल सीरीज खेली जाएगी। जिम्बाब्वे की महिला क्रिकेट टीम पहली बार भारत दौरे पर आ रही है और इस ऐतिहासिक सीरीज का आगाज रायपुर से ही होगा। वहीं, इससे पहले जून में छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन किया जाएगा। बीसीसीआई ने भारत और जिम्बाब्वे के बीच 6 मैचों की सीमित ओवरों की सीरीज का शेड्यूल जारी कर दिया है। टी-20 सीरीज की शुरुआत 16 अक्टूबर से रायपुर में होगी, जबकि वनडे सीरीज का आगाज 23 अक्टूबर से बड़ौदा में होगा। यह पहला मौका होगा जब रायपुर में भारतीय महिला टीम कोई इंटरनेशनल मुकाबला खेलेगी। इसके साथ ही, यह पहली बार है जब भारत और जिम्बाब्वे की महिला टीमें किसी द्विपक्षीय सीरीज में आमने-सामने होंगी। इससे पहले दोनों का आमना-सामना सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट्स या क्वालिफायर में ही हुआ है। बीते दो सालों से लगातार आयोजित हो रहे सीसीपीएल का रोमांच इस बार जून में देखने को मिलेगा। इस लीग का आयोजन बिल्कुल आईपीएल की तर्ज पर किया जाता है, जिसमें आधा दर्जन से अधिक टीमें हिस्सा लेंगी। टी-20 फॉरमैट के इस टूर्नामेंट में स्थानीय दर्शकों को भरपूर मनोरंजन मिलेगा।

साल 2027 में श्रीलंका में महिला टी-20 चैंपियंस ट्रॉफी खेली जानी

भारतीय महिला टीम ने भी अब तक जिम्बाब्वे का दौरा नहीं किया है। आगामी आईसीसी टूर्नामेंट्स की तैयारियों को देखते हुए यह सीरीज काफी अहम मानी जा रही है। साल 2027 में श्रीलंका में महिला टी-20 चैंपियंस ट्रॉफी खेली जानी है। ऐसे में बीसीसीआई लगातार ज्यादा से ज्यादा द्विपक्षीय सीरीज आयोजित कर रहा है, ताकि खिलाड़ियों को मैच प्रैक्टिस का भरपूर मौका मिल सके।

न्यूज गैलरी

अमर शहीद सुखदेव की जयंती पर वित्त मंत्री ने अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रखर नायक और महान क्रांतिकारी अमर शहीद सुखदेव थापर जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया है। शहीद सुखदेव जी के बलिदान को याद करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि माँ भारती की स्वतंत्रता के लिए सुखदेव जी ने हँसते-हँसते अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनका जीवन देशभक्ति, अदम्य साहस और त्याग का एक कालजयी उदाहरण है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उन्होंने भगत सिंह और राजगुरु जैसे साथियों के साथ जिस निडरता और अटूट समर्पण का परिचय दिया, वह आज भी भारत के हर युवा के हृदय में राष्ट्रप्रेम की अलख जगाता है। श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि शहीद सुखदेव जी का बलिदान केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र के गौरवशाली अस्तित्व की नींव है। उनकी वीरता हमें राष्ट्र निर्माण के प्रति सदैव समर्पित रहने की प्रेरणा देती है।

अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जांजगीर-चांपा जिले में राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने केवा, भादा और नवापारा घाट क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई की। संयुक्त जांच के दौरान अवैध रूप से रेत परिवहन करते पाए जाने पर 5 हाईवा वाहनों को जब्त किया गया। सभी जब्त वाहनों को अग्रिम कार्रवाई हेतु पुलिस लाइन जांजगीर में सुरक्षित रखा गया है। कार्रवाई के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने पर वाहन चालक जोहन कुमार और संतोष मिरी के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार निरंतर और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

महतारी वंदन योजनाः गंडाय वडडे के जीवन में आई खुशहाली

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना आज प्रदेश की लाखों महिलाओं के लिए केवल एक वित्तीय सहायता नहीं, बल्कि उनके स्वावलंबन और सामाजिक सम्मान का नया आधार बन चुकी है। नारायणपुर जिले के ग्राम गोहाड़ा की रहने वाली श्रीमती गंडाय वडडे की कहानी इस सकारात्मक बदलाव का एक जीवंत और प्रेरक उदाहरण है। योजना का लाभ मिलने से पहले गंडाय वडडे का जीवन काफी कठिन था। सीमित पारिवारिक आय के कारण घर की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना एक बड़ी चुनौती थी। उन्होंने बताया कि बच्चों की शिक्षा, राशन और रोजमर्रा के खर्चों के लिए मुझे हमेशा दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। छोटी-छोटी जरूरतों के लिए दूसरों का हाथ ताकना न केवल मानसिक दबाव पैदा करता था, बल्कि मन में असुरक्षा की भावना भी बनी रहती थी। महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली 1,000 रुपये की मासिक सहायता ने गंडाय के परिवार की आर्थिक स्थिति को एक नई मजबूती दी है। अब वे बिना किसी हिचकिचाहट के घर का राशन और बच्चों की छोटी जरूरतें पूरी कर रही हैं। आर्थिक बोझ कम होने से मानसिक शांति और सुरक्षा का अनुभव कर रही हैं। स्वयं को पहले से कहीं अधिक आत्मनिर्भर महसूस कर रही हैं। इस योजना ने केवल आर्थिक मदद ही नहीं दी, बल्कि ग्रामीण महिलाओं की निर्णय लेने की क्षमता को भी निखारा है। गंडाय अब अपने परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में बराबरी से हाथ बँटा रही हैं। इस स्वावलंबन ने उनके आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया है, जिससे समाज और परिवार में उन्हें एक नया सम्मान प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए श्रीमती गंडाय वडडे ने कहा कि यह योजना हम जैसी ग्रामीण महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इससे हमें अपनी जरूरतों के लिए स्वयं निर्णय लेने की शक्ति मिली है। नारायणपुर जिले की हजारों महिलाओं की तरह गंडाय वडडे आज एक गरिमापूर्ण जीवन जी रही हैं। उनकी यह कहानी इस बात का प्रमाण है कि यदि सरकारी नीतियां सही दिशा में और सीधे हितग्राही तक पहुँचें, तो वे जमीनी स्तर पर बड़े सामाजिक और आर्थिक बदलाव ला सकती हैं।

बेलसोंगा जलाशय के गेट सुधार से मजबूत होगी सिंचाई व्यवस्था

रायपुर/नवप्रदेश। जशपुर जिले के बेलसोंगा जलाशय के गेट की मरम्मत से क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। जलाशय के सुचारू संचालन से किसानों को समय पर सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा, जिससे फसल उत्पादन बढ़ेगा और उनकी आय में भी सुधार होगा। जशपुर कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने बेलसोंगा जलाशय का निरीक्षण कर इसकी वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष श्री शंभूनाथ चक्रवर्ती भी उपस्थित रहे। प्राकृतिक सुंदरता से घिरे इस जलाशय के निरीक्षण के दौरान श्री चक्रवर्ती ने बताया कि जलाशय में सामान्यतः पर्याप्त जल भराव रहता है, जिससे आसपास के क्षेत्रों का भू-जल स्तर भी संतुलित बना रहता है। उन्होंने बताया कि जल प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जलाशय के गेट की मरम्मत आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि गेट की मरम्मत के लिए शीघ्र कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्र के किसानों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि गेट की मरम्मत के बाद जल संरक्षण और जल प्रबंधन बेहतर होगा तथा सिंचाई व्यवस्था अधिक प्रभावी बनेगी। इससे किसानों को आवश्यकता के अनुसार समय पर पानी उपलब्ध होगा।

इकोनॉमी विकास के लिए वैल्यू एडिशन आधारित उत्पादन करना होगा : डेका

'इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 11 वें दीक्षांत समारोह मे शामिल हुए राज्यपाल और मुख्यमंत्री'

■ '1880 विद्यार्थियों को मिली उपाधि, 13 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक मिले'

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की लगभग 80 प्रतिशत अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। आज भूमि लगातार संकुचित होती जा रही है। अतएव हमें कम जमीन में ज्यादा से ज्यादा उत्पादन के लिए कार्य करना होगा। अर्थव्यवस्था के तेजी से विकास के लिए वैल्यू एडिशन उत्पादन आज की महती आवश्यकता है। यह उद्गार राज्यपाल श्री रमेन डेका एवं कुलाधिपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर ने विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में व्यक्त किये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के पूर्व निदेशक और प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार सिंह उपस्थित थे । इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के सभागार में आयोजित भव्य एवं गरिमामय दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पदक एवं उपाधियां वितरित की गई। विभिन्न संकायों में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को 13 स्वर्ण, 7 रजत एवं 2 कांस्य पदक सहित 128 शोधार्थियों को पी.एच.डी, 518 विधार्थियों को स्नातकोत्तर और 1234 विधार्थियों को स्नातक उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में राज्यपाल श्री रमेन डेका ने इन उपाधि और पदक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह छात्र जीवन का एक बहुत बड़ा अवसर होता है। यह केवल डिग्री प्राप्त करने का दिन नही बल्कि भविष्य की शुरूआत का प्रतीक है। जब यह विश्वविद्यालय स्थापित हुआ था तब यहां केवल दो या तीन स्ट्रीम ही उपलब्ध थी। लेकिन समय के साथ शिक्षा और अवसरों का विस्तार हुआ है। डेका ने कहा कि आज कृषि परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। अब यह विज्ञान तकनीकी, नवाचार और उद्यमिता से संचालित हो रही है। विश्वभर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन, उपग्रह मानचित्र, सटीक कृषि जलवायु अनुकूल तकनीक, जैव प्रौद्योगिकी और डेटा विश्लेषण का उपयोग बढ़ रहा है। भारत भी तेजी से इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। ड्रोन द्वारा उर्वरक एवं कीटनाशक छिड़काव, डिजिटल उपकरणों से मृदा स्वास्थ्य निगरानी, मोबाइल ऐप द्वारा किसान परामर्श और ई-नाम बाजार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदल रहे हैं।

विकास की रफ्तार और जन-कल्याण पर दिशा समिति का जोर

रायपुर/नवप्रदेश। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) जिलों में विकास कार्यों की गति तेज करने और जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दे रही है। सांसद की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों के बीच तालमेल स्थापित कर समयबद्ध विकास सुनिश्चित करना है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के जिला पंचायत सभाकक्ष में गुरुवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जांजगीर-चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े ने की, जबकि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल सह-अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा की विशिष्ट उपस्थिति में केंद्र और राज्य सरकार की 67 जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने देश में बढ़ते डायबिटीज के मामलों पर चिंता जताते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल, ष्ट॥ और ष्ट॥ में आने वाले ग्रामीणों का अनिवार्य शुगर टेस्ट सुनिश्चित किया जाए। सुशान तिहार के अवसर पर आयोजित शिविरों में 50 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की जांच को प्राथमिकता दी जाए। किडनी और लिवर की बढ़ती बीमारियों को रोकने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए।

रायपुर में कचरा उठाने वाले कर्मचारी 18 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कचरा गाड़ी वाले वाहन चालक और हेल्पर 18 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। ये सभी रामकी कंपनी के अंतर्गत आते हैं। वहीं कंपनी कर्मचारियों को पहले ही दे चुकी है कि, नोटिस काम नहीं तो भुगतान नहीं। जिसको लेकर दोनों के बीच टकराव हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार, कचरा गाड़ी वाले वाहन चालक और हेल्पर 18 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। शुक्रवार को इन्होने कंपनी के गेट पर ताला लगाकर धरने पर गए हैं।

70 वार्डों में कचरा गाड़ी चलाते हैं ये सभी कर्मचारी

कर्मचारियों का कहना है कि, जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तो डोर टू डोर कचरा कलेक्शन बंद रहेगा। ऐसे में अब आम लोगों की मुश्किलें बढ़ गई सकती हैं।

आपको बता दें कि, ये सभी रामकी कंपनी के अंतर्गत आते हैं और राजधानी के 70 वार्डों में कचरा गाड़ी चलाते हैं। ऐसे में इनके हड़ताल पर चले जाने से राजधानीवासियों को दिक्कतों का सामना पड़ सकता है।

जनगणना कर्मचारी किसी महिला को पति का नाम बताने नहीं कर सकते बाध्य

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की महिलाओं के बीच एक परंपरा या सामाजिक रूढ़ि ये है कि महिलाएं अपने पति का नाम पूछने पर भी नहीं बतातीं। कई बार जरूरत पड़ने पर संकेतों में नाम बताते हुए भी झिझकती हैं। अब अगर जनगणना के दौरान इन महिलाओं से पति का नाम पूछा गया, तो भला वे कैसे बताएंगी। शायद इसी बात को भांपकर जनगणना करने वालों से कहा गया है कि किसी महिला के पति का नाम या मृत पति का नाम बताने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। यही नहीं, किसी भी व्यक्ति को घर की महिला का नाम बताने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकेगा। राज्य सरकार के गृह विभाग ने जनगणना के संबंध में आधिकारिक रूप से यह बात कही है। खास बात ये भी है कि आम जनता से कहा गया है कि जनगणना अधिकारी को सही और स्पष्ट जानकारी दें। गृह विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनगणना के दौरान पूछे गए सवालों के जवाब देना नागरिकों की कानूनी बाध्यता है और इसमें कोताही बरतने या गलत जानकारी देने पर कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। जनगणना अधिनियम के तहत नागरिकों के लिए कुछ विशेष नियम बनाए गए हैं। अधिसूचना के मुताबिक, हर व्यक्ति जनगणना अधिकारी द्वारा पूछे गए सवालों का अपनी सर्वोतम जानकारी के अनुसार उत्तर देने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है। हालांकि, इसमें कुछ सामाजिक रियायतें भी दी गई हैं। जैसे किसी भी व्यक्ति को अपने परिवार की किसी महिला सदस्य का नाम बताने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल की पुनर्विकास योजनाओं में तेजी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा राज्य के प्रमुख शहरों में आधुनिक और सुव्यवस्थित आवासीय परिसरों के निर्माण हेतु पुनर्विकास योजनाओं पर युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी पहल के अंतर्गत मंडल ने अब तक पाँच महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रस्ताव राज्य शासन को अनुमोदन हेतु प्रेषित किए हैं। शासन द्वारा प्रस्तावों के सूक्ष्म परीक्षण के दौरान विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन, निविदा दस्तावेज और अन्य तकनीकी जानकारियां मांगी गई थीं। मंडल ने तत्परता दिखाते हुए ये सभी आवश्यक दस्तावेज निर्धारित समय-सीमा के भीतर शासन को उपलब्ध करा दिए हैं। वर्तमान में, शासन के नवीन दिशा-निर्देशों के आधार पर इन प्रस्तावों का पुनर्मूल्यांकन किया जा रहा है, ताकि इन्हें और अधिक आधुनिक एवं जनोपयोगी बनाया जा सके। पुनर्विकास की ये योजनाएं वर्तमान में शासन स्तर पर अंतिम निर्णय की प्रक्रिया में हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से नागरिकों को निम्नलिखित लाभ प्राप्त होंगे। पुराने परिसरों के स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से लैस घर बनाए जा रहे हैं।

ईंधन संकट के बीच भारतीय रेलवे बना 'संकटमोचक' ट्रेनों-बसों में भीड़, पब्लिक ट्रांसपोर्ट को प्राथमिकता

रायपुर/नवप्रदेश। देशभर में छाए तेल संकट के बीच एक बार फिर भारतीय रेलवे आम लोगों के लिए संकटमोचन बनकर उभरा है। इन दिनों पेट्रोल पंपों पर बाइक और कारों के लिए ईंधन सीमित मात्रा में मिल रहा है। इस परेशानी से बचने के लिए लोग लंबी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए अब ट्रेनों को अपनी प्राथमिकता बना रहे हैं। यात्रियों के इस बदले हुए रुझान का सीधा असर गुरुवार को देखने को मिला। रायपुर से बिलासपुर, भिलाई, राजनांदगांव, कोरबा, रायगढ़ सहित गोंदिया और कटनी रूट पर चलने वाली लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों में टिकटों की बकिंग अचानक काफी बढ़ गई है। इसके की बुकिंग अचानक काफी बढ़ गई है। इसके चलते ट्रेनों में सामान्य दिनों की तुलना में भारी भीड़ नजर आ रही है। खासकर सुबह और शाम के वक्त चलने वाली लोकल ट्रेनों में यात्रियों की जबरदस्त भीड़ रही। दैनिक यात्रियों के अलावा, वे लोग भी अब ट्रेनों और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का सहारा ले रहे हैं जो आमतौर पर अपनी निजी कारों या दोपहिया वाहनों से सफर करते थे। ट्रेनों में बढ़ती इस अचानक भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन भी अब यात्रियों की सुविधा के लिए जल्द ही कुछ नई व्यवस्थाओं पर विचार कर रहा है। इधर सड़क परिवहन के महंगे होने का असर अब माल ढुलाई पर भी साफदिख रहा है।

विडंबनाः प्रदेश में 2.62 लाख किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य, अब तक सिर्फ 12 हजार को यह टीका लग पाया

सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण में पिछड़ा छत्तीसगढ़, देश में है 26वें स्थान पर

रायपुर/नवप्रदेश। बांझपन, शारीरिक कमजोरी और दूसरी बड़ी बीमारी होने की अफवाह गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर के निशुल्क टीकाकरण अभियान पर भारी पड़ रहा है। 16 मार्च से राज्य में शुरू हुए इस टीकाकरण के मामले में छत्तीसगढ़ देश में 26वें स्थान पर है। राज्य में 14 से 15 साल के बीच की 2.62 लाख किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य है,मगर अब तक महज चार प्रतिशत यानी 12 हजार को यह टीका लग पाया है। किशोरियों को टीका लगाने चलाए जा रहे इस अभियान में मध्यप्रदेश सौ फीसदी वैक्सीनेशन के साथ अव्वल है। वहीं पश्चिम बंगाल सूची में सबसे अंतिम है, क्योंकि यहां आंकड़ा शून्य है। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है, लेकिन यह उन कैंसरों में शामिल है, जिन्हें टीकाकरण और समय पर जांच से काफी हद तक रोका जा सकता है। केंद्र सरकार द्वारा इसे ध्यान में रखते हुए देशभर में किशोरियों को यह वैक्सीन निशुल्क लगाने की घोषणा की है। इसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की देखरेख में टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में निशुल्क एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत 16 मार्च की गई है। यहां 14 साल से ज्यादा एवं 15 साल से कम आयु वाली किशोरियों को हितग्राही माना गया है। केवल जन्मतिथि आधारित पहचान पत्र के आधार पर टीकाकरण की सुविधा दी जा रही है। दो माह बीतने के बाद भी राज्य में इस अभियान को सफलता मिलती नहीं दिख रही है। इस वैक्सीनेशन का पर्याप्त स्टॉक अभी स्वास्थ्य विभाग के पास मौजूद है। राज्य में एम्स के साथ तमाम शासकीय मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ सुविधा वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में वैक्सीनेशन किया जा रहा है। टीका लगाने के लिए प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है जिसमें वैक्सीनेशन के बाद हितग्राही की बाई उंगली में अमिट स्याही से निशान लगाने और आधे घंटे अब्जर्वेशन का नियम है। अधिकारियों का कहना है कि अब तक किसी मामले में साइड इफेक्ट की शिकायत नहीं मिली है। राज्य टीकाकरण डॉ . वीआर भगत ने बताया कि, एचपीवी वैक्सीन को लेकर जो चर्चा है वह निरर्थक है, इसमें किसी तरह का जोखिम नहीं है। वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है, इससे किसी तरह के साड इफेक्ट की जानकारी सामने नहीं आई है। टीकाकरण की संख्या बढ़ाने आने वाले दिनों में विस्तृत योजना बनाई जाएगी।

2 लाख 62 हजार किशोरियों को यह टीका लगाने का लक्ष्य

राज्य में इस 2 लाख 62 हजार किशोरियों को यह टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें से अब तक केवल 12 हजार 300 लोगों को टीका लगाया जा सका है। इसकी बड़ी वजह वैक्सीन को लेकर फैली अफवाह है परिजनों के मन में इस बात का भ्रम है कि वैक्सीन लगाने से बांझपन की समस्या आ सकती है। इसके अलावा शरीर में अन्य तरह के विकार और गंभीर बीमारी हो सकता है। इसके डर से निचले स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में भी टीका लगाने की सुविधा होने के बाद भी लोग वैक्सीनेशन के लिए नहीं पहुंच रहे हैं।

सेंगर को झटका, उम्रकैद की सजा निलंबित करने वाला आदेश रद्द

■ **दिल्ली हाईकोर्ट से फिर से नए सिरे से सुनवाई करने का आदेश**

नई दिल्ली/ए.। 'सुप्रीम कोर्ट ने साल 2017 के उन्नाव रेप केस में सजा काट रहे पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को करारा झटका दिया है। कोर्ट ने सेंगर की उम्रकैद की सजा को निलंबित करने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया है। बता दें कि इससे पहले, इस मामले में CBI की तरफ से दायर की गई एक अपील पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके साथ ही सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट को यह निर्देश भी दिया है कि दो महीने के भीतर इस मामले पर नए सिहे से फैसला करें। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि हाईकोर्ट अपना निर्णय लेते समय सुप्रीम कोर्ट द्वारा पिछला आदेश रद्द किए जाने के फैसले से बिल्कुल भी प्रभावित न हो। सुप्रीम कोर्ट ने कुलदीप सेंगर की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट से फिर से नए सिरे से सुनवाई करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा रेप मामले मे दिसंबर 2025 मे दिए गए जमानत के फैसले को रद्द करते हुए हाईकोर्ट से फिर से सुनवाई करने को कहा है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कई ऐसे सवाल है, जिन पर हाईकोर्ट फिर से गौर करे। सर्वोच्च न्यायालय ने कुलदीप सेंगर को मिली सजा के खिलाफ दाखिल अपील पर दिल्ली हाईकोर्ट से जल्द सुनवाई करने को कहा है। बता दें कि पिछले आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने कुलदीप सेंगर की जमानत पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने सीबीआई की याचिका पर सेंगर और यूपी सरकार को नोटिस जारी किया था।

भारत दौरे पर आए ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने ट्रंप को दिखाया आईना

'हमें यूएस पर भरोसा नहीं, तेहरान ने कभी नहीं रखी परमाणु हथियारों की चाहत'

नई दिल्ली/ए.। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची इन दिनों दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने भारत आए हुए हैं। इस दौरान उन्होंने भारत-ईरान संबंधों, चाबहार पोर्ट और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव जैसे कई अहम मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने भारत की कूटनीतिक भूमिका की तारीफ करते हुए कहा कि भारत इस क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ ताकतें जानबूझकर कूटनीतिक प्रयासों को कमजोर करना चाहती हैं और क्षेत्र में युद्ध का माहौल बनाना चाहती हैं।अराघची ने कहा कि ईरान ने लंबे समय तक कठिन हालात का सामना किया है और अमेरिका अपने कई लक्ष्य हासिल नहीं कर सका। उन्होंने साफ कहा कि अगर कोई समाधान निकलता है तो वह केवल बातचीत और दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखकर ही संभव होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान पर कि अमेरिका और चीन ईरान को परमाणु हथियार रखने देना नहीं चाहते और होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखना चाहते हैं, ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा, ÷हम भी यही राय रखते हैं। ईरान ने कभी परमाणु हथियार नहीं चाहे। हमने 2015 में समझौते पर हस्ताक्षर करते समय यह साबित कर दिया था कि हम परमाणु हथियार नहीं चाहते और यह हमारी नीति नहीं है। हमारा परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण है और हम हमेशा से यह विश्वास दिलाने के लिए तत्पर रहे हैं कि यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण है और शांतिपूर्ण ही रहेगा। अराघची ने आगे कहा: होर्मुज जलडमरूमध्य के संबंध में भी हमारी यही इच्छा है कि इसे पूरी तरह से फिर से खोल दिया जाए। जहां तक हमारा सवाल है, होर्मुज जलडमरूमध्य खुला है और हमारे साथ युद्ध कर रहे देशों के जहाजों को छोड़कर सभी जहाज वहां से गुजर सकते हैं... अमेरिकी आक्रामकता के कारण क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल है... यह जलडमरूमध्य ईरान और ओमान के क्षेत्रीय जल में स्थित है... सब कुछ ईरान और ओमान द्वारा प्रबंधित किया जाना चाहिए।

भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि काफी अच्छी: ईरानी विदेश मंत्री

ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि काफी अच्छी है और वह खाड़ी क्षेत्र के सभी देशों का दोस्त माना जाता है। ऐसे में भारत शांति और कूटनीति को मजबूत करने में अहम योगदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि ईरान भारत की सकारात्मक और रचनात्मक भूमिका की सराहना करता है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और अमेरिका के साथ संबंधों पर बोलते हुए अराघची ने कहा कि मौजूदा बातचीत भरोसे की कमी से जूझ रही है। उनका कहना था कि अमेरिका की तरफ से हर दिन अलग-अलग संदेश आते हैं, जिससे अविश्वास और बढ़ता है।

चाबहार पोर्ट भारत के लिए 'गोल्डन गेट'-अराघची

चाबहार पोर्ट को लेकर अराघची ने कहा कि यह भारत और ईरान की दोस्ती और सहयोग का बड़ा प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस बंदरगाह के विकास में भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से इसका काम कुछ धीमा हुआ है, लेकिन उन्हें भरोसा है कि भविष्य में यह पोर्ट भारत के लिए मध्य एशिया, कॉकस क्षेत्र और यूरोप तक पहुंचने का अहम रास्ता बनेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत चाबहार पोर्ट के विकास का काम आगे भी जारी रखेगा।

उम्मीद है इस आदेश को रद्द करेगा एससी, बाबरी फैसले से स्पष्ट समानताएं: ओवैसी

नई दिल्ली/ए.। धार भोजशाला मामले में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के फैसले के बाद एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की प्रतिक्रिया सामने आई। ओवैसी ने उम्मीद जताई कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले को सुलझाएगा और हाई कोर्ट के आदेश को रद्द करेगा।

ओवैसी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हमें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट इसे सुलझाएगा और आदेश को रद्द कर देगा। इसमें बाबरी मस्जिद के फैसले से स्पष्ट समानताएं दिखती हैं।''हाई कोर्ट ने धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर के मामले में शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए हिंदू समुदाय की दो जनहित याचिकाएं मंजूर कर लीं और इस मध्यकालीन स्मारक की धार्मिक प्रकृति देवी सरस्वती के मंदिर के तौर पर तय की। इसके साथ ही अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सात अप्रैल 2003 के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें मुस्लिमों को हर शुक्रवार भोजशाला परिसर में नमाज अदा करने की इजाजत दी गई थी। हाई कोर्ट की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी ने इस मामले से संबंधित पांच याचिकाओं और एक रिट अपील पर फैसला सुनाया। खंडपीठ ने कहा, ''भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद के विवादित परिसर का धार्मिक चरित्र वाग्देवी के मंदिर के रूप में तय किया जाता है।'' अदालत ने विवादित स्मारक में एएसआई के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट और रिकॉर्ड पर मौजूद अन्य दस्तावेजों के हवाले से कहा कि स्मारक परमार राजवंश के राजा भोज से जुड़ा था। हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर धार की मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी जिले में मस्जिद बनाने के लिए जमीन आवंटन की अर्जी देती है,।

संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

धारा-30 (ख) के अधीन भू-खण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद द्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है आवेदक श्री दुर्गा केशरवानी, पिता श्री हरिशंकर केशरवानी, निवासी वार्ड नं. 39, हाउस नं. 56, टिकरापारा, बड़ा बाजार चिरमिरी, जिला-कोरिया (छ0ग0) द्वारा ग्राम-पिरदा, स्थित भूमि संविलियन खसरा क्रमांक 15009/3 एवं 15005/2 कुल रकबा 5.6480 हेक्टेयर हेतु आदेश क्रमांक 1928/ नग्रानि/CGAWAAS/ 2024/ 00057/ 2024 रायपुर दिनांक 19.06.2024 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित आवासीय प्रयोजन के भूखण्ड क्रमांक 39,40 के विलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलय के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा विलियन किये जा रहे भूखंड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.) न्यू राजेन्द्र नगर, गोंविद सारंग काम्पलेक्स द्वितीय तल, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) में कार्यालयीन समय के दौरान किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक,
नगर तथा ग्राम निवेश,
जी- 262700743/1 क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर, छ.ग.

नीट पेपर लीक: 6 दिन सीबीआई की रिमांड पर आरोपी धनंजय

नई दिल्ली/ए.। दिल्ली की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले के आरोपी धनंजय लोखंडे को छह दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया।विशेष सीबीआई न्यायाधीश अजय गुप्ता ने एजेंसी की उस याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें लोखंडे को पूछताछ के लिए छह दिन की हिरासत में सौंपने का अनुरोध किया गया था। लोखंडे को महाराष्ट्र के अहिल्यानगर से गिरफ्तार किया गया था और ट्रांजिट रिमांड पर अदालत में लाया गया था। सुनवाई के दौरान, सीबीआई ने बताया कि लोखंडे ने लीक प्रश्नपत्र सह-आरोपी शुभम को दिया था, जो उसे एक अन्य आरोपी मनीषा बाघमारे से मिला था।केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि बड़ी साजिश का पर्दाफाश करना जरूरी है और जांच अभी शुरुआती चरण में है। लोखंडे के वकील ने कहा कि उन्हें गिरफ्तारी के कारण नहीं बताए गए और उनसे सादे कागज पर हस्ताक्षर करवाए गए। इससे पहले दिन में अदालत ने पांच अन्य आरोपियों को सात दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। कोर्ट ने जिन आरोपियों को सीबीआई हिरासत में भेजने का आदेश दिया उनमें नासिक के शुभम खैरनार, जयपुर के मांगीलाल बिवाल, विकास बिवाल और दिनेश बिवाल और गुरुग्राम से यश यादव शामिल हैं। शुभम खैरनार को 13 मई को मुंबई से गिरफ्तार किया गया था जहां से उसे दो दिनों की ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया गया था. शुभम खैरनार महाराष्ट्र के नासिक का रहनेवाला है। आरोप है कि मनीषा वाघमारे ने धनंजय लोखंडे को नीट के प्रश्न पत्र दिए, बाद में धनंजय लोखंडे ने शुभम खैरवार को प्रश्नपत्र दिए, सीबीआई ने कहा कि मनीषा वाघमारे को लेकर जांच चल रही है।

सीबीआई को 'अनियमितताओं' की व्यापक जांच करने का निर्देश

ये पांच आरोपी नासिक के शुभम खैरनार, जयपुर के मांगीलाल बिवाल, विकास बिवाल और दिनेश बिवाल और गुरुग्राम के यश यादव हैं। मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के वास्ते वर्ष 2026 के लिए नीट-यूजी का आयोजन तीन मई को हुआ था, लेकिन प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों पर इस परीक्षा को गत मंगलवार को रद्द कर दिया गया था। सरकार ने सीबीआई को 'अनियमितताओं' की व्यापक जांच करने का निर्देश दिया।

ममता बनर्जी को हराने वाली भवानीपुर सीट नहीं छोड़ेंगे सीएम शुभेंदु अधिकारी

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुवेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम विधानसभा सीट से इस्तीफा दे दिया है। अब वह भवानीपुर सीट से विधायक बने रहेंगे। हाल ही में हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में शुभेंदु अधिकारी ने दो अहम सीटों भवानीपुर और नंदीग्राम दोनों से चुनाव लड़ा था और दोनों जगह जीत हासिल की थी। बुधवार को उन्होंने राज्य विधानसभा में भवानीपुर सीट से विधायक के रूप में शपथ भी ली।

अमेरिका-ईरान में फिर से तनाव बढ़ने से चांदी 14 हजार और सोना 2800 रु. घटा

रायपुर। अमेरिका-ईरान संबंधों में नए सिरे से बढ़े तनाव के कारण अंतरराष्ट्री बुलियन वायदा मार्केट में सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस शुक्रवार को देर शाम तक निवेशकों की बिकवाली का दबाव बढ़ने सोना-चांदी वायदा टूट गया।

कॉमेक्स पर सोना वायदा 144 डॉलर टूटकर 4552 डॉलर प्रति औंस और चांदी वायदा 855 सेंट घटकर 78.32 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करती देखी गई। इसके शुक्रवार को भारतीय बाजारों पर मंदी का वातावरण देखा गया। रायपुर में सोना केडबरी 2800 रुपये घटकर 153800 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी चौरसा 14000 रुपये घटकर 257500 रुपये प्रति किलो रह गई। कीमतों में आई गिरावट के बाद रायपुर सराफा बाजार में शाम को लग्नसरा वालों की छुटपुट ग्राहकी देखने को मिली है। ज्वेलर्स का कहना है कि बाजार और घटते है तो आगे सोने-चांदी के गहनों में वैवाहिक सीजन वालों की मांग जोर पकड़ सकती है। ज्वेलर्स का कहना है कि यह गिरावट कूटनीतिक माहौल में आई खराबी के बाद देखी गई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेहरान के नवीनतम शांति प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और चेतावनी दी कि किसी भी युद्धविराम समझौते की स्थिति नाजुक बनी हुई है। इससे निवेशकों ने तनाव में संभावित कमी को लेकर लगाए गए अपने पहले के दांव वापस लेने शुरू कर दिए।

साक्षी ने मीनाक्षी को हराकर राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों का कटाया टिकट

नई दिल्ली/ए.। साक्षी चौधरी ने राष्ट्रीय मुक्केबाजी चयन प्रतियोगिता में मौजूदा विश्व और एशियाई चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा को हराकर 51 किलोग्राम वर्ग में भारत की जगह पक्की कर ली है। इस जीत के साथ साक्षी चौधरी ने इस वर्ष होने वाले राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में स्थान बना लिया। पटियाला स्थित Netaji Subhas National Institute of Sports में खेले गए फाइनल मुकाबले में साक्षी ने मीनाक्षी को हराया।मीनाक्षी मूल रूप से 48 किलोग्राम वर्ग की खिलाड़ी हैं।

केनरा बैंक Canara Bank
A Government of India Undertaking
Syndicate

रायपुर, देवेन्द्र नगर शाखा (छ.ग.)

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण	प्रकार / सीमा / बकाया ऋण
1) श्रीमती सच्या मंगराज पति श्री देबराज मंगराज C/O. श्री मोजेसाह दानी पुत्र जे. एच. दानी श्याम, नगर जल विहार कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 एवं लेटर, कालाहांडी, ओडिशा-766036 पर 2) श्री देबराज मंगराज पुत्र श्री सुता राम मंगराज, वार्ड नं. 49 हनुमान मंदिर के पास, जल विहार कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001.	शीर्षक धारक का नाम- श्रीमती सच्या मंगराज पति श्री देबराज मंगराज, खसरा नं. 325/1061, प.ह.नं. 61, मौजा- राठतपुरा कॉलोनी, फेस 2, मठपुरैना, कंडिका नं. 05 के तहत, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड नं. 52, रा.नि.मं. रायपुर-14, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ । क्षेत्रफल- 735.00 वर्ग फीट में स्थित आवासीय संपत्ति । चौहद्दी: उत्तर- सुलोचना की भूमि, दक्षिण- कमल कुमार साहू का मकान, पूर्व- पटेल की भूमि, पश्चिम- सड़क । CERSAI ID: 400084532178	HOME LOAN ₹ 21,00,000.00 ₹ 67,727.00 ₹ 21,67,727.00 Total Dues as on 12/05/2026 ₹ 21,41,841.00 एनपीए तिथि 09/05/2026

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर केनरा बैंक, रायपुर, देवेन्द्र नगर शाखा (छ.ग.) से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित (ऊपर उल्लेखित अनुसार) ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि (ऊपर उल्लेखित अनुसार) अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर (संविदात्मक दर), लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांक: 15.05.2026 स्थान: रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग जगदलपुर

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना क्र.-01/2025-26 (प्रथम निविदा आमंत्रण)

क्रमांक /1303/एस.ए.सी./ ग्रा.यां. सेवा/2025-26 **जगदलपुर, दिनांक 8/5/2026**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न निर्माण कार्य हेतु निविदा **ऑनलाईन** (Online) दिनांक 22/5/2026 तक आमंत्रित की जाती है -

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	मैनुअल दस्तावेज कार्यालय मे पहुँचने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
1	शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उ.मा.वि. आड़ावाल परिसर में अतिरिक्त कक्षाएं एक्टिविटी कक्ष निर्माण विकास खण्ड जगदलपुर	170.76	25-05-2026

2. उक्त निर्माण कार्यों की निविदा सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि मे कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in मे दिनांक 11-05-26 से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
जी- 262700737/9 संभाग जगदलपुर

ओटीटी पर एक नए ट्विस्ट के साथ रिलीज होगी 'धुरंधर-2'

मुंबई। फिल्म 'धुरंधर 2' ने बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। यह 1000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर चुकी है। अब भी यह भी फिल्म सिनेमाघरों में मौजूद है, इसे रिलीज हुए 57 दिन हो चुके हैं।

जल्द ही यह ओटीटी पर भी स्ट्रीम होगी। लेकिन एक नए ट्विस्ट के साथ फिल्म 'धुरंधर 2' ओटीटी पर दर्शकों को देखने को मिलेगी। 'धुरंधर 2' जल्द ही जीयोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। 4 जून को इसका डिजिटल प्रीमियर होगा, इसमें एक्टर्स से बातचीत भी शामिल होगी।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
Email ID - rmczone4@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **31210** दिनांक **12.05.2026**
वार्ड का नाम- **46 - सिविल लाइन वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **46** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR342D0164A** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **KIRAN LATA SHRIVASTAVA** पिता / पति श्री/ श्रीमती **SURESH KUMAR SHRIVASTAVA** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **मल्लेनु अनिल** पिता /पति श्री/श्रीमती **मल्लेनु मुरलीधर** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **शपथ पत्र, टैक्स रशीद, आधार कार्ड, मलमा बिक्री व अन्य दस्तावेज** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्रीमति दिव्या चंद्रवंशी
(जोन कमिश्नर)
जोन (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.

No.02-08/NNY/2025-26/Tr. No.- 3050 & 3051 / 710 /Raipur Dt- 08.05.2026

NOTICE FOR E-TENDER

1.As per MD CSPDCL U.O. Note no. 1252 dt. 15.09.2025, short Term online bids are invited through CSPDCL tendering system (SAP SRM) from Eligible Electrical Contractors registered in the O/o CE (PROJECT), CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following works. Registration of electrical contractors is opened & will be allowed for this tender till one day prior to date of opening of the tender.2.The registration of contractor will remain open. For details and further notifications keep visiting http://www. cspdcl.co.in ->project department->ebidding portal.3.Bidders may visit the site www.cspdcl.co.in/project office/ contractors section to know the qualifying criteria for registration of contractors to be eligible for participating in the tender.**4.Bid information must be submitted in the prescribed format only. No deviation shall be permitted.**

Sr. No.	Tender No / Rfx no.	Name of work	Tender amount (excl. GST) (in Lacs.)	Eligible class for bidding	Time & Due date of submission
1	Tr.no - 3050 RFx- 8100051407	Electrification of vill.**SUDIYAL** under Manpur D/C of O&M Dn. CSPDCL Mohala under MMMTVY (051).	₹ 39,56,481.00	Class I,II,III & IIIA	12.00 noon 29.05.2026
2	Tr.no - 3051 RFx- 8100051408	Electrification of un electrified Majratola Nayapara of vill.- **TARREM** under Awapalli D/C of O&M Dn. CSPDCL Bijapur under NIYAD NELLANAR YOJNA (51N).	₹ 21,96,305.00	Class I,II,III & IIIA	12.00 noon 18.05.2026

SAVE ELECTRICITY S- 47832/4 CHIEF ENGINEER (PROJECT) CSPDCL:RAIPUR

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.
(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CITY CIRCLE-I, RAIPUR
Website - www.cseb.gov.in Office Mail ID – secc.raipur@cspc.co.in Phone No. 0771-2574800, 2574801 Fax No. 0771-2574805

NOTICE INVITING TENDER THROGU E-BIDDING

E-tenders are invited experience & Eligible Contractors for hiring of vehicle capacity 01 ton pick-up/utility vehicle for each FOC attending HT/LT maintenance, FOC work, D.O. TMC works & Revenue realization work i.e. RC/DC work for continues 24 Hrs. 03 shifts round the clock 8 hours to 16 hours, 16 hours to 24 hours and O hours to 8 hours along with 02 extra drivers, as per terms & conditions enclosed. Each shift consisting of 01 driver, vehicle should be commercial tax paid vehicle capacity 01 ton pick-up/ utility vehicle along with ladder not below than TATA ACE. Reliever for driver in each shift will be provided by the contractor. All running expenditure of vehicle will be borne by contractor. Mobile charges will also be borne by the contractor. The contract work will be as per guidelines of CSPDCL The ladder pick-up 01 ton vehicle is not older than 03 years having total run not exceeding 100000 km. will be hired for a period of 03 years. Normally the period of contract will be 3 Years on the monthly rate basis. The CSPDCL reserves the right to extend the term of contract period for further 01 years at the same rate, terms & condition on mutual understandin between CSPDCL & contractor.

S.	Tender No.	Name of work	Value of contract	EMD Amount	Last date & Time Of submission Of bids	Due date of Opening
1.	TR-2026_13 RFX No. 8100051068	**EE City Dn. East, CSPDCL Raipur for Kachna and Gaytri Nagar, Avanti Vihar Raipur.**	5102784/-	51,028/-	Dt.15.05.2026 upto 02:30 PM	Dt.04.06.2026 upto 03:00 PM
2.	TR-2026_14 RFX No. 8100051538	**EE City Dn. South, CSPDCL Raipur for Boriyakhurd FOC Raipur**	2551392/-	25,514/-	Dt.15.05.2026 upto 02:30 PM	Dt.04.06.2026 upto 03:00 PM
3.	TR-2026_15 RFX No.. 8100051539	**EE City Dn. Central, CSPDCL Raipur for IAS Colony, Devendra Nagar Raipur**	2551392/-	25,514/-	Dt.15.05.2026 upto 02:30 PM	Dt.04.06.2026 upto 03:00 PM

Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in, www.cspdcl.co.in and **ebidding http:/cijsrp.cspdcl.co.in.** Last date and time of submission of bid is on 04.06.2026 up to **02:30 P.M.** and due date of opening is on 04.06.2026 at **03:00 P.M.** The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required Tender fee (which is not refundable) of **Rs. 5000/-** including GST and EMD for each tender may be deposited by online through e-bidding.* **Contractor/bidder should provided active mail id for further Communication.**

SAVE ELECTRICITY S- 47831/3 Superintending Engineer City Circle-I, CSPDCL: Raipur

नव प्रदेश **राज**रंग...41

पहचानो तो कौन

एक राज्य के मुख्यमंत्री अपने 'उप' से बहुत परेशान रहते हैं, 'उप' को मलाल है कि वे 'मुख्य' नहीं बन पाए। जबकि चुनाव उनकी ही अगुआई में लड़ा गया था. पार्टी को जीत भी उन्हीं की अगुआई में मिली, लेकिन सत्ता किसी और को मिल गई। 'उप' जी आए दिन अपने कुछ चहते खबरनवीसों के जरिए अपने मुख्य की गद्दी जाने की खबरें उड़वाते रहते हैं.. हालांकि ये खबरें अब तक जमीनी हकीकत बनने से दूर ही हैं.. इस बीच 'मुख्य' जी ने अपनी पार्टी के नवेले आका से राजधानी दिल्ली में भेंट की.. नवेले आका जी ने अभी तक अपनी टीम नहीं बनाई है..लिहाजा 'मुख्य' जी ने आका को घुमा-फिराकर संदेश दिया कि उनके 'उप' को वे अपनी संगठन की टीम में ले लें.. जब 'उप' जी को ये बात पता चली तो बहुत खुश हुए..उन्हें लगा कि आलाकमान के साथ बैठने को मिलेगा, फिर 'मुख्य' जी की सत्ता को हिला पाना आसान होगा। लेकिन नवेले आका के अपने आका भी हैं..उन्होंने नया पेंच फंसा दिया..आका को कह दिया कि राज्य में ही 'उप' बने रहने दो..इससे 'मुख्य' जी को काबू में रखना आसान होगा..अन्यथा वे बेकाबू हो जाएंगे..अब आप अंदाजा लगाते रहिए कि वे 'उप' जी कौन हैं और 'मुख्य' जी कौन..।

असम में हार, छत्तीसगढ़ पर असर

असम के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की बुरी गत हुई है... पार्टी 2021 का प्रदर्शन दोहराना तो दूर..अपने मुख्यमंत्री उम्मीदवार को भी जिता पाने में नाकाम रही..हार तो असम में मिली, लेकिन इसकी आंच छत्तीसगढ़ पर भी पड़ने वाली है... हो भी क्यों न..असम कांग्रेस के प्रभारी अपने असमिया भूपेश बघेल जो थे..बघेल जी ने अपने सहयोगी और पूर्व पत्रकार विनोद वर्मा के साथ पूरा जोर लगाया..विनोद जी वामपंथी विचारधारा वाले हैं... वामपंथियों को हर जगह बीजेपी से जूझने के लिए सिर्फ नैरेटिव का ही हथियार नजर आता है..तो विनोद जी ने भी असम में भी हिमंत को घेरने के लिए वामपंथी नैरेटिव का सहारा लिया.. पवन खेड़ा के आरोप लगाते वक्त गुवाहाटी की प्रेस कांफ्रेंस में विनोद भी मौजूद रहे... खेड़ा द्वारा अपनी पत्नी पर लगाए गए आरोपों से हिमंत इतने नाराज थे कि उन्होंने खुलकर कह दिया था कि वे खेड़ा को पेड़ा बना देंगे..बेशक खेड़ा को पूर्व जमानत के रूप में सुप्रीम कोर्ट का वरदहस्त मिल गया है, लेकिन हिमंत उन्हें पेड़ा बनाने में जुट गए हैं..गुवाहाटी पुलिस उनसे खूब पूछताछ कर रही है..ऐसे में पता नहीं लग रहा कि विनोद जी उनके साथ हैं या अलग..तो बात हो रही बघेल जी की, राजधानी दिल्ली के कांग्रेस मुख्यालय के गलियारों में पूछा जा रहा है कि बघेल जी का क्या होगा..क्या असम उनके ही पास रहेगा या फिर उनकी सल्तनत छिन जाएगी..वैसे कांग्रेस में जो भी होता है, देर से होता है..तो वक्त का इंतजार किया जाना चाहिए..।

प्रेरणा या दिखावा

एक होती है प्रेरणा और दूसरा होता है दिखावा..प्रेरणा अंतःकरण से निकलती है तो दिखावा किसी को खुश करने के लिए किया जाता है..अब पेट्रोल-डीजल पर किफायत बरतने की प्रधानमंत्री मोदी की अपील को ही लीजिए..भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री किफायत बरतने में जुट गए हैं..कोई पैदल ही सचिवालय जा रहा है तो कोई बाइक से..अपने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दिल्ली यात्रा के दौरान अलग ही अंदाज अपनाया..दिल्ली से भोपाल लौटने के लिए उन्होंने सरकारी कार और फौज का साथ नहीं लिया, बल्कि शिवाजी स्टेडियम से हवाई अड्डा जाने वाली मेट्रो में उतर गए..इस तरह उन्होंने किफायत बरती..वैसे जब ऐसा संकट नहीं था..तब शिवराज चौहान मुख्यमंत्री रहते कई बार एयरपोर्ट से शिवाजी स्टेडियम तक मेट्रो से ही पहुंचते थे..उनका तर्क होता था कि इससे दिल्ली के जाम में फंसने में लगने वाले वक्त की बचत होती है..वैसे जिस तरह भाजपाई मुख्यमंत्री और नेता कर रहे हैं, वह किफायत कम दिखावा ही लग रहा है..सवाल यह है कि आखिर अब तक उनकी यह सोच कहां थी..क्या वे पीएम की बात का ही इंतजार कर रहे थे..।

कांग्रेस या मुस्लिम लीग के मुख्यमंत्री

केरल को आखिरकार कांग्रेस ने मुख्यमंत्री की सौगात सौंप ही दी.. दस दिन का वक्त भले ही इसमें लगा..वैसे केरल के लोग मान ही रहे थे कि सतीशन ही राज्य के कांग्रेसी मुख्यमंत्री होंगे.. लेकिन कांग्रेस आलाकमान के चहेते के वेणुगोपाल ने फच्चर फंसा दिया.. वेणु ठहरे राहुल गांधी के नजदीकी तो वे मानकर चल रहे थे कि मुख्यमंत्री भी वही होंगे.. लेकिन कांग्रेस पर उसके सहयोगी विशेषकर मुस्लिम लीग का दबाव पड़ा.. ऐसे में कांग्रेस को झुकना ही पड़ा..अब दिल्ली में कहा जाता है कि काश आजादी के पहले भी कांग्रेस और मुस्लिम लीग इसी तरह मिल गए होते..तो देश का बंटवारा नहीं होता.. वैसे सतीशन को लेकर केरल में यह भी संदेश गया है कि उन्होंने ही प्रियंका को वायनाड से जिताने में भूमिका निभाई है.. इसलिए वे प्रियंका की पसंद हैं.. हालांकि सच तो यही है कि उनके पीछे मुस्लिम लीग खड़ी रही..लीग ने ही उन्हें मुख्यमंत्री बनवाया है..।

राजदार

केंद्रीय सचिव ने सिंचाई और जल संरक्षण कार्यों का लिया जायजा

धमतरी में वाटरशेड विकास परियोजनाओं की समीक्षा करने पहुंचे सचिव नरेंद्र भूषण

नई दिल्ली/धामतरी (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के मगरलोड ब्लॉक में गुरुवार को भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग के सचिव नरेंद्र भूषण के नेतृत्व में ग्रामीण विकास मंत्रालय के एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0) के तहत संचालित वाटरशेड विकास परियोजनाओं का व्यापक क्षेत्र दौरा किया।

प्रतिनिधिमंडल ने सुरक्षात्मक सिंचाई, आजीविका संवर्धन तथा मृदा एवं जल संरक्षण से जुड़ी विभिन्न पहलों की समीक्षा की। इस दौरान संयुक्त सचिव (वाटरशेड प्रबंधन) नितिन खाडे और जिला अधिकारी अबिनाश मिश्रा भी मौजूद रहे।

स्टॉप डैम और सिंचाई नहर का किया निरीक्षण: सांकरा गांव के दौरे के दौरान सचिव ने वाटरशेड विकास घटक और मनरेगा के संयुक्त प्रयासों से 40.34 लाख रुपए की लागत से निर्मित स्टॉप डैम का निरीक्षण किया। इस डैम से करीब 80-85 एकड़ भूमि सिंचित हो रही है और 50 से अधिक किसानों को लाभ मिल रहा है। इसके बाद बेलाउदी गांव में प्रतिनिधिमंडल ने 20.20 लाख रुपए की लागत से विकसित 430 मीटर लंबी सिंचाई नहर की समीक्षा की। यह नहर वर्तमान में लगभग 150 एकड़ भूमि की सिंचाई कर रही है और मृदा अपरदन को कम करने में भी मददगार साबित हो रही है।

वृक्षारोपण और जल संरक्षण कार्यों पर जोर

प्रतिनिधिमंडल ने सौंगा गांव में पांच एकड़ क्षेत्र में विकसित वृक्षारोपण स्थल का भी दौरा किया। यहां नदी द्वीप पर 1,050 अमरूद और नींबू के पौधे लगाए गए हैं। क्षेत्र में जल संकट की समस्या को देखते हुए अधिकारियों ने छोटे तालाबों के निर्माण की सलाह दी। इसके अलावा बोदरा और गदाडीह गांवों में संचालित 'अमृत सरोवर' परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने इन परियोजनाओं को भूजल पुनर्भरण और सामुदायिक जल उपलब्धता बढ़ाने की दिशा में उपयोगी बताया।

लिफ्ट सिंचाई परियोजना को बताया सफल मॉडल

दौरे का प्रमुख आकर्षण गदाडीह गांव की लिफ्ट सिंचाई परियोजना रही। महानदी के जल का उपयोग करने वाली इस परियोजना से 85 हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई हो रही है और लगभग 250 किसानों को इसका लाभ मिल रहा है। नरेंद्र भूषण ने इस पहल को 'सफल मॉडल' बताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी उपलब्धियों का दस्तावेजीकरण किया जाए, ताकि भविष्य की वाटरशेड विकास परियोजनाओं में इन्हें राज्य-स्तरीय आदर्श के रूप में अपनाया जा सके।

किसानों की बागवानी पद्धतियों की सराहना

दौरे का समापन बेलाउदी गांव में सब्जी की खेती वाले खेत के निरीक्षण के साथ हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों द्वारा आय बढ़ाने के लिए अपनाई जा रही बागवानी पद्धतियों की सराहना की। सिंचाई परिजनों से किसानों को मिल रहे लाभ की जानकारी भी ली गई।

सरकार पर वादाखिलाफी का लगाया आरोप

नक्सल हिंसा से उजड़े परिवारों का फूटा गुस्सा

21 मई को आईजी दफ्तर घेरने की चेतावनी

मोहला/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की 'नक्सल पुनर्वास नीति-2025' कागजों तक ही सीमित रह गई है। मानपुर और राजनांदगांव के नक्सल हिंसा से उजड़े परिवारों ने आरोप लगाया है कि, सरकार ने वादा तो बड़े-बड़े किए, लेकिन जमीन पर एक भी पीड़ित को राहत नहीं मिली।

परिवार सहित अनिश्चितकालीन धरने की दी चेतावनी: आक्रोशित परिवारों ने अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए 21 मई 2026 को पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, राजनांदगांव के सामने परिवार सहित अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी है। पीड़ितों ने आईजी को दिए आवेदन में कहा कि, नक्सलियों ने उनके पिता, भाई और पतियों को पुलिस का मुखबिर बताकर सरेआम मौत के घाट उतार दिया। जान बचाकर भागे परिवार आज भी बेघर-बेसहारा हैं।

छात्रवृत्ति का किया गया था वादा: परिवारों का कहना है कि, पुनर्वास नीति में शासकीय नौकरी, 3 लाख की केंद्रीय सहायता, आवासीय जमीन और बच्चों की छात्रवृत्ति का वादा किया गया था। लेकिन कलेक्टर और एसपी के चक्कर काटते-काटते साल बीत गए, फाइलें धूल फांक रही हैं और पीड़ितों के हाथ खाली हैं।

रखी ये 4 मांगें-

1. नौकरी दो, नहीं तो जवाब दो- जिन परिवारों को अब तक नौकरी नहीं मिली, उन्हें तुरंत नियुक्ति पत्र दिया जाए।
2. 3 लाख की राशि तुरंत जारी हो- केंद्र से आई सहायता राशि कहां अटकी है, इसका जवाब सरकार दे।
3. घर के लिए जमीन दो- बेघर परिवारों को शहरी या ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय जमीन या उसका मुआवजा तुरंत दिया जाए।
4. बच्चों का भविष्य मत बिगाड़ो- सभी पीड़ित बच्चों को छात्रवृत्ति तुरंत शुरू की जाए।

आईजी दफ्तर के सामने डालेंगे डेरा- साहू

धीरेन्द्र कुमार साहू सहित दर्जनों पीड़ितों ने साफ कहा है कि, 14 मई 2025 को दिया गया आवेदन अगर 21 मई 2026 तक अनसुना रहा, तो परिवार सहित आईजी दफ्तर के सामने डेरा डालेंगे। धरने के दौरान हुई किसी भी स्थिति की जिम्मेदारी सीधे शासन-प्रशासन की होगी।

अपराजिता ने 12वीं में 84% अंक हासिल कर बढ़ाया मान

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा की होनहार छात्रा अपराजिता शुक्ला ने सीबीएसई की कक्षा 12वीं परीक्षा में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय और जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

अपराजिता शुक्ला, पिता मनोज शुक्ला एवं माता शिल्पा शुक्ला की सुपुत्री हैं। वे एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल की छात्रा हैं। परिणाम घोषित होते ही परिवार, मित्रों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाइयाँ देना शुरू कर दिया। अपराजिता की सफलता यह दर्शाती है कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने अपनी पढ़ाई के दौरान नियमित अध्ययन और समय प्रबंधन को प्राथमिकता दी, जिसका परिणाम आज हमारे सामने है। विद्यालय प्रबंधन ने भी अपराजिता की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रा ने विद्यालय का मान बढ़ाया है और आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी हैं। शिक्षकों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपराजिता आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करेंगी।

फर्जी दस्तावेजों के दम पर सीआरपीएफ में पाई नौकरी

बलरामपुर/नवप्रदेश। फर्जी दस्तावेजों के सहारे केंद्रीय सुरक्षा बल में नौकरी हासिल करने का सनसनीखेज मामला बलरामपुर में सामने आया है। बलरामपुर कोतवाली पुलिस ने ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने कथित तौर पर दूसरे व्यक्ति के शैक्षणिक दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनवाया और उसी के आधार पर सीआरपीएफ में नौकरी हासिल कर ली। मामले के खुलासे के बाद प्रशासन और पुलिस की जांच में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। बलरामपुर तहसीलदार की ओर से 28 अप्रैल 2026 को दर्ज कराई गई लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि, आरोपी सुमित सिंह ने बलरामपुर निवासी विशाल सोनी पिता स्वर्गीय सुरेश सोनी के शैक्षणिक दस्तावेजों में कथित छेड़छाड़ कर ऑनलाइन निवास प्रमाण पत्र तैयार कराया था।

आंधी-तूफान में टला बड़ा रेल हादसा चालक की सूझबूझ से थमी तबाही

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के औद्योगिक जिले कोरबा में शुक्रवार सुबह मौसम के बदले मिजाज ने जहाँ चिलचिलाती गर्मी से राहत दी, वहीं तेज आंधी और बारिश ने भारी अफरा-तफरी मचा दी। इस दौरान कोयला परिवहन में लगी एक मालगाड़ी बड़े हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गई। लोको पायलट की तत्परता और समय रहते लिए गए फैसले ने एक बड़ी रेल दुर्घटना को टाल दिया।

ओएचई लाइन में फंसा तिरपाल, शॉर्ट सर्किट का खतरा: घटना दुरपा रोड स्थित पवन टॉकीज के पास की है। खदान से कोयला लोड कर पावर प्लांट की ओर जा रही मालगाड़ी आंधी की चपेट में आ गई। हवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि कोयले को ढकने के लिए इस्तेमाल किया गया तिरपाल उड़कर फट गया और ऊपर से गुजर रही हाई-वोल्टेज ओवरहेड इक्विपमेंट लाइन के तारों और खंभों में जा फंसा। तिरपाल के तारों में उलझते ही शॉर्ट सर्किट का खतरा पैदा हो गया। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए मालगाड़ी के चालक ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी और तत्काल कंट्रोल रूम व उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी।

रेलवे की तकनीकी टीम ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन: सूचना मिलते ही रेलवे की तकनीकी और मेंटेनेंस टीम मौके पर पहुंची। सुरक्षा के लिहाज से लाइन की बिजली काटी गई और घंटों की मशक्कत के बाद ओएचई लाइन में फंसे फटे हुए तिरपाल को बाहर निकाला गया। मरम्मत कार्य के बाद ट्रैक को सुरक्षित घोषित किया गया, जिसके बाद मालगाड़ी को आगे के लिए रवाना किया जा सका। 'अगर चालक ने समय रहते मालगाड़ी नहीं रोकी होती, तो हाई-वोल्टेज तारों के टूटने से बड़ा हादसा हो सकता था और पूरा रेल परिचालन ठप हो जाता।

आंधी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, कई इलाकों में गुल हुई बिजली: शुक्रवार सुबह आए इस तूफान का असर केवल रेलवे तक सीमित नहीं रहा। जिले के कई शहरी और ग्रामीण इलाकों में पेड़ गिरने और बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त होने की खबरें हैं।

बिजली संकट: कई फीडरों में तकनीकी खराबी और तार टूटने से घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही।

यातायात प्रभावित: सड़कों पर पेड़ों की टहनियां गिरने से आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

तापमान में गिरावट: बारिश और ठंडी हवाओं से लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली है।

प्रशासन और मौसम विभाग की चेतावनी: मौसम विभाग ने कोरबा सहित आसपास के क्षेत्रों के लिए अगले 24 घंटों का अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, आंधी-तूफान की स्थिति अभी बनी रह सकती है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है ?खराब मौसम के दौरान पेड़ों या बिजली के खंभों के नीचे शरण न लें। आकाशीय बिजली चमकने पर सुरक्षित स्थानों (पक्के मकानों) के भीतर रहें। अनावश्यक यात्रा से बचें।

जबरदस्ती घर में घुसकर 72 साल की वृद्धा से दुष्कर्म

जशपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का जशपुर जिले के कांसाबेल थाना क्षेत्र में 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी महिमा प्रकाश मिंज, उम्र 26 वर्ष, को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जबरन घर में घुसा आरोपी: पीड़िता ने पुलिस को बताया कि, 9 मई की रात गांव में सामाजिक कार्यक्रम से लौटने के बाद जब वह घर का दरवाजा बंद कर रही थी, तभी आरोपी जबरन घर में घुस आया। आरोपी ने महिला के साथ मारपीट की, जान से मारने की धमकी दी और फिर दुष्कर्म किया। किसी तरह महिला आरोपी के चंगुल से छूटकर बाहर निकली और शोर मचाया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना कांसाबेल में बीएनएस की धारा 64(1), 115(2) और 332(बी) के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी घटना के बाद से फरार था, लेकिन पुलिस और टेक्निकल टीम की मदद से रायगढ़ जिले के कापू थाना क्षेत्र स्थित उसके गांव से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद 13 मई को उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। जशपुर पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेन्द सिंह का कहना है कि, महिलाओं से जुड़े अपराधों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

मानपुर ग्राम पंचायत में करोड़ों का भ्रष्टाचार

14 वार्ड पंच सचिव को हटाने एकजुट अफसरों पर मामले को दबाने का आरोप

मोहला/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत मानपुर के सचिव जयप्रकाश बोरकर पर गंभीर वित्तीय अनियमितता, भ्रष्टाचार और कार्यप्रणाली में अपारदर्शिता के आरोपों ने विवाद खड़ा कर दिया है। ग्राम पंचायत के सभी 14 वार्ड पंचों ने संयुक्त रूप से सचिव को हटाने तथा ग्राम पंचायत के समस्त वित्तीय अभिलेखों की विस्तृत जांच की मांग की है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों पर आरोप है कि वे मामले को दबाने में लगे हुए हैं।

14 वार्ड पंचों ने की लिखित शिकायत: वार्ड पंचों ने लिखित शिकायत में सचिव के ज्वाइनिंग से अब तक हुए सभी वित्तीय कार्यों, केशबुक, लेखा पंजी, बिल-वाउचर, स्टॉक रजिस्टर और पंचायत खातों की विस्तृत जांच की मांग की है। इसके साथ ही दैनिक और साप्ताहिक बाजार नीलामी की राशि के आय-व्यय की जानकारी भी मांगी गई है। पंचों का आरोप है कि सचिव की मनमानी और अपारदर्शिता के कारण पंचायत की वित्तीय स्थिति संदिग्ध बनी हुई है।

अधिकारियों पर मामले को दबाने का आरोप: जनपद पंचायत मानपुर के अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने सचिव के कथित भ्रष्टाचार की जांच को गंभीरता से नहीं लिया। जांच दल ने सचिव को अन्यत्र भेजने की अनुशंसा तो की, लेकिन भ्रष्टाचार से जुड़े बिंदुओं को अलग कर दिया गया। सचिव जयप्रकाश बोरकर स्वयं भी जांच टीम के सामने ग्राम पंचायत मानपुर से अन्यत्र जाने का आवेदन दे चुके हैं, मगर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

अधूरे दस्तावेज और वित्तीय गड़बड़ियां उजागर

4 फरवरी को उपसंचालक पंचायत ने आकस्मिक निरीक्षण किया, जिसमें कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं-

-सचिव अनुपस्थित पाए गए

- कई केशबुक कार्यालय में उपलब्ध नहीं
- दुकानों की नीलामी राशि बैंक में जमा नहीं
- बाजार नीलामी की अंतिम किस्त जमा नहीं
- बिल और ग्राम सभा रजिस्टर अद्यतन नहीं

निरीक्षण में स्पष्ट वित्तीय ढिलाई उजागर होने के बाद भी केवल स्थानांतरण की बात लिखना अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़ा करता है।

करोड़ों के लेनदेन वाले पंचायत में सतही जांच पर उठ रहे सवाल: मानपुर जैसा बड़ा पंचायत, जहाँ प्रतिवर्ष करोड़ों का वित्तीय लेनदेन होता है, वहां वार्ड पंचों द्वारा व्यापक जांच की मांग करना स्वाभाविक माना जा रहा है। लेकिन जांच रिपोर्ट में केवल सचिव के स्थानांतरण का उल्लेख होना अनेक आशंकाओं को जन्म देता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com